वर्ष-07 - अंक 298
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
मंगलवार,04 अगस्त 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

75 जिलों में कल होगा डेयरी कॉन्क्लेव.................................... 3
मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से साकार हो रहे युवाओं के सपने.................. 4
हण्डिया पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त किया गिरफ्तार, चोरी की .......... 11

## दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी रफ्तार

### दोपहिया एंबुलेंस के लिए केंद्र का प्रस्ताव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण, सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सोमवार को दोपहिया सड़क एंबुलेंस (टू-व्हीलर रोड एंबुलेंस) को औपचारिक मान्यता देने और उसके संचालन के लिए नया मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में मरीजों तक तेजी से चिकित्सा सहायता पहुंचाना है, जहां संकरी सड़कें या दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पारंपरिक एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच पाती। मंत्रालय के अनुसार, दोपहिया एंबुलेंस आपातकालीन प्रतिक्रिया समय को कम करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विशेष रूप से ग्रामीण, पहाड़ी और दूरदराज के इलाकों में यह व्यवस्था मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकती है। वर्तमान में दोपहिया एंबुलेंस को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के तहत अलग श्रेणी के वाहन के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। इसके कारण इनके डिजाइन, सुरक्षा मानकों, पंजीकरण, प्रकार अनुमोदन और फिटनेस जांच के लिए कोई एक समान राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए मंत्रालय ने एआईएस-209 (भाग-1): 2026 मानक लागू करने का



प्रस्ताव रखा है। यह नया मानक दोपहिया एंबुलेंस के निर्माण, सुरक्षा और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में दिशा-निर्देश तय करेगा। मसौदा प्रस्ताव के अनुसार, 1 अक्टूबर 2027 या उसके बाद निर्मित सभी एल-2 श्रेणी की दोपहिया एंबुलेंस को नए मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। इन वाहनों पर लगाई जाने वाली आपातकालीन चेतावनी लाइटों को भी निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप बनाना होगा। प्रस्तावित नियमों के तहत राज्य सरकारों को यह अधिकार होगा कि वे स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार तय करें कि दोपहिया एंबुलेंस का संचालन किन क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे प्रत्येक राज्य अपनी जरूरत के अनुसार इस व्यवस्था को लागू कर सकेगा। मंत्रालय ने दोपहिया एंबुलेंस को परिवहन वाहन की श्रेणी में शामिल करने का भी प्रस्ताव दिया है। इसके तहत इन वाहनों के लिए अनिवार्य फिटनेस प्रमाणपत्र लेना होगा और प्रत्येक दो वर्ष में उसका नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा।

## एक सप्ताह में लागू होगा आउटसोर्स आयोग, न्यूनतम मानदेय तय: योगी

**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगले एक से डेढ़ सप्ताह के भीतर आउटसोर्स आयोग (आउटसोर्स कमीशन) लागू करने जा रही है। इसके साथ ही आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे लाखों कर्मचारियों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा बहुओं, मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों और ग्राम चौकीदारों के मानदेय में भी सुधार के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इन वर्गों को उचित मानदेय उपलब्ध कराने और उनकी सेवाओं को और प्रभावी बनाने के लिए अनुपूरक बजट में भी प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का कल्याण है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में सरकार ने इन वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं और उनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग आज किसानों और गरीबों की बात कर रहे हैं, उन्होंने अपने शासनकाल में किसानों के हितों की अनदेखी की। किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिला, गन्ना मूल्य



का वर्षों तक भुगतान नहीं हुआ और बिचौलियों का वर्चस्व कायम रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में लगभग 24 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि अब किसान एक वर्ष में तीन से चार फसलें उगा रहे हैं और पैक हाउस की सुविधा मिलने से उद्यानिकी फसलों का निर्यात भी बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के 16 लाख निजी नलकूपों पर किसानों को निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। खाद वितरण में कुछ स्थानों पर तकनीकी समस्याएं आने की बात स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग को किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर को लेकर विपक्षी दलों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग आज राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर सवाल उठा रहे हैं, वही लोग पहले भगवान राम के नाम का विरोध करते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध करने वालों ने अदालतों में मुकदमे लड़कर मंदिर निर्माण में बाधा डालने की कोशिश की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने मंदिर निर्माण के लिए एक रुपया तक सहयोग नहीं दिया, वे आज चढ़ावे पर सवाल उठा रहे हैं। देश और दुनिया उनके दोहरे चरित्र को देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र प्रदेश के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष से अपील की कि वह नकारात्मक राजनीति छोड़कर प्रदेश के विकास और जनता के हित से जुड़े मुद्दों पर रचनात्मक चर्चा करे।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले व्यापारी नेता

**नई दिल्ली/कानपुर(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, कानपुर नगर के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट कर व्यापारियों की सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों की सुरक्षा को मजबूत बनाने और समाज में प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के सम्मान के उद्देश्य से दो प्रमुख मांगें रक्षा मंत्री के समक्ष रखीं। रक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने अपने पहले ज्ञापन में प्रदेश के पात्र ज्वैलर्स और व्यापारियों के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की। जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सर्राफा व्यवसायी और अन्य व्यापारी प्रतिदिन करोड़ों रुपये मूल्य के सोने-चांदी, आभूषणों और नकदी का लेन-देन करते हैं। ऐसे में वे अक्सर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं और कई बार लूट, डकैती तथा अन्य आपराधिक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन के बाद पात्र व्यापारियों को बिना अनावश्यक विलंब के शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी और अपने प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में लाइसेंस जारी होने में अत्यधिक समय लगने से व्यापारियों को असुरक्षा का सामना करना



पड़ता है। साथ ही वैध शस्त्र उद्योग और लाइसेंसधारी विक्रेताओं का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। व्यापारी नेताओं का कहना था कि यदि लाइसेंस प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए तो व्यापारियों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और अपराध की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकेगा। प्रतिनिधिमंडल ने दूसरे ज्ञापन में कानपुर-प्रयागराज जीटी रोड स्थित पटेल नगर चौराहे पर दानवीर भामाशाह की भव्य प्रतिमा स्थापित करने तथा चौराहे के सौंदर्यीकरण की मांग उठाई। महेश वर्मा ने कहा कि दानवीर भामाशाह भारतीय इतिहास में त्याग, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा के प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने महाराणा प्रताप के संघर्ष के समय अपना संपूर्ण धन राष्ट्रहित में समर्पित कर देशभक्ति और बलिदान का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा कि यदि कानपुर जैसे प्रमुख शहर में भामाशाह की प्रतिमा स्थापित की जाती है तो यह न केवल ऐतिहासिक विरासत को सम्मान देने का कार्य होगा, बल्कि नई पीढ़ी को भी राष्ट्रसेवा, त्याग और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रेरणा मिलेगी। साथ ही चौराहे का सौंदर्यीकरण होने से शहर की सुंदरता और सांस्कृतिक पहचान भी मजबूत होगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### जयपुर में करणी सेना की रैली पर बवाल, पुलिस का लाठीचार्ज

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में यूजीसी नियमों को वापस लेने और सवर्ण समाज की विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को श्री राजपूत करणी सेना की रैली के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कलेक्ट्रेट सर्किल और खासाकोठी पुलिया के पास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प, धक्का-मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। घटना में कई प्रदर्शनकारियों के घायल होने की सूचना है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में रैली कालवाड़ रोड स्थित रावण गेट से कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुई थी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में झंडे और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। रैली को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कालवाड़ पुलिया और चौमूं पुलिया के पास बैरिकेड लगाए थे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और करणी सेना के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ आगे बढ़ने पर अड़ी रही।

### भारत से राष्ट्रीय पहचान पत्र को सीमा पार यात्रा के लिए मान्यता देने की अपील

काठमांडू। नेपाल सरकार ने भारत से आग्रह किया है कि नेपाली नागरिकों के राष्ट्रीय पहचान पत्र (नेशनल आईडी कार्ड) को भारत-नेपाल सीमा पार यात्रा के लिए वैध यात्रा दस्तावेज के रूप में मान्यता दी जाए। इस कदम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच लोगों की आवाजाही को अधिक सुरक्षित, सरल और तकनीकी रूप से मजबूत बनाना है। नेपाल के आव्रजन विभाग के महानिदेशक रामचंद्र तिवारी ने बताया कि जून माह के अंत में भारत सरकार को इस संबंध में औपचारिक प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव में अनुरोध किया गया है कि नेपाली नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र को हवाई यात्रा तथा भारत-नेपाल सीमा पार आवागमन के दौरान मान्य पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत नेपाल के पासपोर्ट और नागरिकता प्रमाणपत्र को आधिकारिक पहचान दस्तावेज के रूप में स्वीकार करता है। यदि राष्ट्रीय पहचान पत्र को भी मान्यता मिलती है तो सीमा पार यात्रा की प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी।

## हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्यवाही

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को भी लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के कारण प्रभावित रही। विपक्षी दलों ने 20 जुलाई को 'संसद मार्च' कर रहे छात्रों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सदन में आकर जवाब देने की मांग की। वहीं, एनडीए के सांसदों ने आरोप लगाया कि विपक्ष जानबूझकर सदन की कार्यवाही बाधित कर रहा है और चर्चा से बचना चाहता है। विपक्षी सांसदों का कहना था कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन कार्य करती है। ऐसे में छात्रों पर हुई कार्रवाई को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सदन में जवाब देना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि विपक्ष लगातार यह मांग कर रहा है कि छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई



को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर जवाब दें। इतने दिन बीतने के बावजूद भी वे सदन में जवाब देने के लिए नहीं आए हैं। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हमारे नेता राहुल गांधी ने बिल्कुल सही सवाल उठाया है कि जिस तरह का व्यवहार छात्रों के साथ किया गया। दिल्ली पुलिसकर्मियों ने किसके आदेश पर कार्रवाई की थी? कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने दावा किया कि सदन सत्तापक्ष की वजह से नहीं चल रहा है। विपक्ष की मांग बिल्कुल जायज है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में नहीं आ रहे हैं। मुझे लगता है कि वे सरकार को भी सोशल मीडिया से चलाना चाहते हैं। सदन की गरिमा होती है, सभी को आदर करना चाहिए, भले वे सत्ता पक्ष ही क्यों न हो। दूसरी ओर, भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सदन की कार्यवाही लगातार बाधित हो रही है, इसके लिए विपक्ष की निंदा होनी चाहिए। लोग चाहते हैं कि संसद में उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के जरिए उनकी आवाज सुनी जाए। लेकिन विपक्ष अड़ा हुआ है और कार्यवाही में बाधा डाल रहा है। जो किसी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है, जो सांसद अपनी बात कहना चाहते हैं, वह नहीं हो रहा है, लोकतंत्र में इसे स्वस्थ लक्षण नहीं कहा जा सकता है। भाजपा सांसद जनार्दन सिग्रीवाल ने कहा कि यह विपक्ष के अड़ियल रवैये को दिखाता है। खासकर कांग्रेस नहीं चाहती कि संसद चले। वे हमेशा किसी न किसी तरह से संसद को बाधित करने का मौका ढूंढते हैं। संसद में विपक्ष को चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। लेकिन, विपक्ष को देश के विकास से कुछ भी लेना-देना नहीं है। इसी बीच, जेपीएससी पेपर लीक मामले पर भी पक्ष और विपक्षी दलों के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत 6 अगस्त को मुंबई में 'जेन जी' से बातचीत

**मुंबई(एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत 6 अगस्त को मुंबई में 'जेन जी' और 'जेनरेशन अल्फा' के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। यह बातचीत का सत्र 'इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस' (आईआईएमयूएन) के 15वें सालाना चैंपियनशिप सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के तौर पर आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भारत के 100 से ज्यादा शहरों से 15 से 19 साल की उम्र के 2,000 से ज्यादा हाईस्कूल छात्र शामिल होंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 'दुनिया को एकजुट करने में युवाओं की भूमिका: भारतीय तरीका' (द रोल ऑफ यूथ इन यूनाइटिंग द वर्ल्ड, द इंडियन वे) थीम पर आधारित यह सम्मेलन युवा



नेताओं को स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के अहम मुद्दों पर चर्चा करने का मंच देता है। भागवत का संबोधन सालाना चैंपियनशिप सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत करेगा, जिसके बाद कई दिनों तक छात्रों के नेतृत्व में बहस और नीतिगत चर्चाएं होंगी। आईआईएमयूएन संस्थापक ऋषभ शाह ने आपसी बातचीत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लीडरशिप का मतलब सिर्फ अगली पीढ़ी का मार्गदर्शन करना ही नहीं, बल्कि उनकी बात सुनना भी है।

## बोल बम के जयघोष से गूंजा बाबा बैद्यनाथ धाम

**देवघर(एजेंसी)।** सावन की पहली सोमवारी पर विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के सुबह से ही मंदिर परिसर, शिवगंगा, क्यू कॉम्प्लेक्स और आसपास के मार्गों पर लाखों शिवभक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरी बाबानगरी शिवमय हो उठी। झारखंड सहित बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। जिला प्रशासन के अनुसार पहली सोमवारी पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के जलार्पण की संभावना जताई गई थी, लेकिन सुबह से लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की संख्या तीन लाख के करीब पहुंचने का अनुमान लगाया गया। मंदिर परिसर के अलावा शहर के प्रमुख मार्गों और शिवगंगा क्षेत्र में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही, जिससे पूरा देवघर भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु जलार्पण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिर परिसर, क्यू कॉम्प्लेक्स, शिवगंगा, प्रमुख चौक-चौराहों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई।

## लखनऊ मंडल की धार्मिक-ऐतिहासिक धरोहरों को मिलेगा नया स्वरूप: जयवीर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि लखनऊ मंडल के धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों का विकास कर प्रदेश में पर्यटन को नई गति दी जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि 1.50 करोड़ रुपये तक की सभी स्वीकृत पर्यटन परियोजनाएं आगामी नवंबर तक हर हाल में पूरी की जाएं। साथ ही चेतावनी दी कि जनप्रतिनिधियों की अनदेखी या कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त



सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में पर्यटन मंत्री ने पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग की प्रगति, कार्ययोजना 2026-27 तथा लखनऊ मंडल के विधानसभा वार पर्यटन विकास प्रस्तावों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं का भूमि पूजन संबंधित सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों की उपस्थिति में कराया जाए। पर्यटन मंत्री ने लखनऊ की ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक धरोहरों से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन नौसेना शौर्य संग्रहालय का दूसरा चरण अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सई नदी तट पर घाट निर्माण, महाराज बिजली पासी किले की फेसाड वॉल तथा पर्यटन विकास परियोजना को भी अक्टूबर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने कुकरैल रिजर्व फॉरेस्ट के इको-टूरिज्म विकास कार्यों में तेजी लाने और रवीन्द्रालय के पर्यटन विकास कार्य को भी अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। लखनऊ में लंबित 16 पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र शुरू करने पर जोर दिया। सीतापुर जिले की समीक्षा के दौरान मंत्री ने विश्व प्रसिद्ध नैमिषारण्य और मिश्रिख से जुड़ी सभी पर्यटन परियोजनाओं को नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नैमिषारण्य स्थित धर्मशाला के पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर के नवीनीकरण में तेजी लाने को कहा। इसके साथ ही 154.56 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन गोदलामऊ के प्राचीन महादेव मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों को तेज करने तथा लहरपुर, महमूदाबाद और मिश्रिख की परियोजनाओं के भूमि पूजन का तिथिवार कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश भी दिए।

## हरिद्वार में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा करेंगे मुख्यमंत्री धामी

**हरिद्वार(एजेंसी)।** उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा अपने चरम पर पहुंच चुकी है। लाखों शिवभक्त गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे हैं, जबकि बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हरिद्वार पहुंचना अभी भी जारी है। इसी बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को हरिद्वार पहुंचकर कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन करेंगे। इस दौरान वे शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा करेंगे और चरण वंदन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने बताया कि राज्य सरकार कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के सम्मान और उनकी सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री धामी स्वयं हरिद्वार पहुंचकर देश के विभिन्न राज्यों से आए शिवभक्तों का स्वागत करेंगे



और उनकी आस्था को नमन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाना है। इसी भावना के तहत पुष्पवर्षा और चरण वंदन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि शिवभक्तों का सम्मान किया जा सके और उन्हें विशेष अनुभव प्राप्त हो। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा, कांवड़ यात्रा और अन्य धार्मिक आयोजनों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सेवा के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिला प्रशासन, मेला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आयोजित होने वाला पुष्पवर्षा एवं चरण वंदन कार्यक्रम कांवड़ यात्रा का विशेष आकर्षण होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवभक्तों का अभिवादन करेंगे तथा उनके सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना करेंगे। प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा और यातायात की व्यापक तैयारियां की गई हैं। कांवड़ मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, चिकित्सा सुविधाएं, पेयजल, साफ-सफाई और यातायात प्रबंधन को मजबूत किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अंडर-17 विश्व कुश्ती: 13 पदकों के साथ भारत का शानदार समापन

**बाकू(एजेंसी)।** अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप-2026 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदक जीतकर अपने अभियान का सफल समापन किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत ने एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या 13 तक पहुंचा दी। युवा पहलवान सितेंदर मलिक ने लगातार दूसरी बार विश्व खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। 17 वर्षीय सितेंदर मलिक ने 60 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में रूस के सर्गेई कर्मरियन को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2025 में जीते अपने अंडर-17 विश्व खिताब का सफल बचाव किया। सितेंदर लगातार दो अंडर-17 विश्व खिताब जीतने वाले भारत के दूसरे पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान बन गए हैं। इससे पहले यह उपलब्धि दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार ने 1998 और 1999 में हासिल की थी। 45 किलोग्राम वर्ग में हनुमंत राजेंद्र जाधव ने कांस्य पदक मुकाबले में ईरान के महदी दावूद डमरचेली को 7-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं 92 किलोग्राम वर्ग में सक्षम ने ईरान के मोहम्मद रजा बेहरांग इसाजादेह को 3-2 से मात देकर भारत को एक और कांस्य पदक दिलाया। इस चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष फ्रीस्टाइल में भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य, जबकि महिला वर्ग में तीन रजत और चार कांस्य पदक जीतकर कुल 13 पदकों का आंकड़ा हासिल किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्शन कर लौट रहे अधेड़ की ई-रिक्शा पलटने से मौत

**लालगंज (रायबरेली)।** रायबरेली रोड पर बाल्हेमऊ नहर पुलिया के पास सोमवार को एक ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार अज्ञात अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पहचान के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सवारियों से भरा ई-रिक्शा कस्बे की ओर आ रहा था। नहर पुलिया से आगे बढ़ते ही चालक का संतुलन बिगड़ गया और ई-रिक्शा वहीं सड़क पर पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहाँ मौजूद लोगों ने फ़ौरन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 55 वर्ष प्रतीत होती है। उनके पास एक झोला मिला, जिसमें गमछा, केले और पानी की बोतल थी। आशंका है कि वह मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पंचायतनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### सावन सोमवार पर डीएम-एसपी ने शिव बाबा धाम की व्यवस्थाएं परखी



**अम्बेडकरनगर।** सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी ईशा प्रिया एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शिव बाबा धाम पहुंचकर श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता, दर्शन व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर, दर्शन-पूजन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने पाया कि धाम परिसर में श्रद्धालुओं के लिए समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं और दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सावन माह में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने श्रावण मास के अनुरूप श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

### मोबाइल टावर पर चढ़कर धमकी देने वाला युवक गिरफ्तार

**गोपीगंज।** गोपीगंज पुलिस ने महिला से छेड़छाड़, धमकी देने और आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, विकास गुप्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि घनश्यामपुर निवासी विजय कुमार गौतम काफी समय से उसकी बहन पर शादी का दबाव बना रहा था। विरोध करने पर वह एक लाख रुपये की मांग करता था तथा परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देता था। आरोप है कि 2 अगस्त को विजय कुमार गौतम मोबाइल टावर पर चढ़ गया और युवती से शादी न होने पर आत्महत्या करने तथा परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। मामले में गोपीगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत गोपीगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धनापुर मोड़ के पास से अभियुक्त विजय कुमार गौतम (26) निवासी घनश्यामपुर को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

# दिनदहाड़े युवक पर जानलेवा हमला, चार गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** कस्बे में सोमवार सुबह दिनदहाड़े हुए जानलेवा हमले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। प्राथमिक विद्यालय बाजार शुक्ल के निकट पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को मरणासन्न अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल की पहचान कस्बा निवासी धर्मेंद्र पाठक, पुत्र देवनारायण पाठक के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार को खेत में बकरियां घुसकर फसल और पौधों को नुकसान पहुंचाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उसी समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई थी और इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस ने पहले ही शिकायत पर सख्ती दिखाई होती तो सोमवार की यह गंभीर वारदात टाली जा सकती थी। देवनारायण पाठक की तहरीर के अनुसार, 2 अगस्त की शाम खेत में बकरियां चरने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद जमील पक्ष के लोगों ने ईंट-पत्थर और डंडों से हमला कर उनके पुत्रों धर्मेंद्र, सत्येंद्र और विपिन के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि अगले ही दिन सोमवार सुबह करीब आठ बजे प्राथमिक विद्यालय के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने धर्मेंद्र पाठक को घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया।

हमले में उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद परिजनों ने स्थानीय थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने काफी देर तक मामले में हीलाहवाली की। बाद में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की।पुलिस ने देवनारायण पाठक की तहरीर के आधार पर कस्बा निवासी जमील पुत्र रबूदी, उसकी पत्नी, सोनू, चांद



बाबू, शान बाबू, अचू उर्फ कलीम सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों जमील पुत्र रबूदी, मोहम्मद रियाज, शान बाबू तथा शहनाज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, मामले में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा शेष आरोपियों की तलाश और पूरे प्रकरण की विवेचना जारी है। घटना के बाद कस्बे में तनाव का माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटे-छोटे विवाद यदि समय रहते पुलिस स्तर पर गंभीरता से निपटा दिए जाएं तो ऐसी बड़ी घटनाओं से बचा जा सकता है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने मार्गों का किया निरीक्षण



**बस्ती।** बस्ती जिले मे आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती ने श्रद्धालुओं (कांवड़ियों) व आम जनमानस की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को दीवानी रोड, तहसील रोड एवं आसपास के प्रमुख मार्गों का प्रशासनिक टीम द्वारा विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सड़कों पर बने गड्ढों को चिह्नित कर तत्काल मौके पर ही श्रमशक्ति व सामग्री लगाकर सुदृढ़ीकरण/पैचवर्क का कार्य प्रारंभ कराया और मार्गों पर यातायात बाधित करने वाले अस्थायी अतिक्रमण एवं अनावश्यक अवरोधों को हटाने हेतु संबंधितों को कड़े निर्देश दिए। उन्होने श्रद्धालुओं के पैदल आवागमन को ध्यान में रखते हुए सफाई व्यवस्था, चूना छिड़काव एवं पर्याप्त प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा नेता रोहित पासी ने वरिष्ठों का जाना हालचाल

### जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का दिया भरोसा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शुकुल बाजार, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता रोहित पासी ने 184 विधानसभा जगदीशपुर के अंतर्गत मंडल शुकुल बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर वरिष्ठ नागरिकों एवं सम्मानित जनों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर वरिष्ठजनों का कुशलक्षेम जाना, उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र की समस्याओं और जनभावनाओं की जानकारी ली।भ्रमण के दौरान रोहित पासी ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। उनका मार्गदर्शन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के विकास, जनसेवा और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों तक उन्हें पहुंचाकर यथाशीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी और पात्र लाभार्थियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।वरिष्ठ नागरिकों ने रोहित पासी के आत्मीय व्यवहार और नियमित जनसंपर्क अभियान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय लोगों का कहना था कि जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं का समय-समय पर जनता के बीच पहुंचना लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाता है।भ्रमण के दौरान क्षेत्र के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में आत्मीय संवाद, जनसंपर्क और सामाजिक सरोकारों का वातावरण देखने को मिला। रोहित पासी ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और वे भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर क्षेत्रवासियों के बीच रहकर उनकी सेवा करते रहेंगे।

## नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके आकर पति ने दिया जहर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले केरुधौली थाना क्षेत्र के तेलौरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने उसके पति पर मायके पहुंचकर जहर देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्चना पुत्री स्वर्गीय कन्हैयालाल, निवासी ग्राम तेलौरा, पोस्ट मल्हवार, थाना रुधौली, जनपद बस्ती की शादी 13 मई को सिद्धार्थनगर जनपद के डिडई थाना क्षेत्र के सोनौरा गांव निवासी शिवम से हुई थी। मृत्यु व विपदा

परिजनों का आरोप है कि शादी के लगभग दो माह बाद पति द्वारा प्रताड़ित किए जाने के कारण अर्चना अपने मायके में रह रही थी। उनका कहना है कि लगभग एक माह से उसकी विदाई भी नहीं हुई थी। मृतका के छोटे भाई सौरभ के अनुसार, घटना के समय उनकी मां किसलावती बस्ती इलाज कराने गई थीं और हम चार्जर लेने गए थे। अर्चना घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसका पति शिवम घर पहुंचा और कथित रूप से उसे जहर पिला दिया। हालत बिगड़ने पर ग्रामीण उसे अस्पताल लेकर



पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सौरभ का यह भी दावा है कि मौत से पहले अर्चना ने उसे बताया था कि उसके पति शिवम ने उसे जहर पिलाया है और उल्टी भी कर रहीं थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अर्चना तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर की थी। उसकी बड़ी बहन शीला की शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व छांगुड़िया गांव में हुई थी। बेटी की मौत के बाद मां किसलवती, भाई सौरभ तथा अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा और उसी के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## झपट्टामारी कांड का तीसरा आरोपित गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**देवरिया।** जनपद के खुखुन्दू पुलिस ने झपट्टामारी के मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा भी बढ़ा दी गई है। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई को तिलौली उर्फ डेहरी गांव निवासी विशाल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि बाइक सवार बदमाशों ने उनकी मां के गले से लॉकेट झपट लिया था। इस मामले में खुखुन्दू थाने पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। विवेचना के दौरान पहले ही दो आरोपित मुसाफिर शाह और कलीम शेख को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर मुसैला तिराहे के पास से तीसरे आरोपित सद्दाम शाह (24) निवासी मोहन मुंडेरा, थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम-एसपी ने किया जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

» सामान्य सुविधा केंद्र के जीर्णोद्धार एवं श्रमिक सुविधाओं के विस्तार के दिए निर्देश

» श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर डीएम-एसपी ने डंडेश्वर महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** जनपद में औद्योगिक विकास, श्रमिक कल्याण तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूपीसीडा द्वारा संचालित सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी), श्रमिक सुविधा केंद्र, यातायात व्यवस्था तथा श्रावण मास के अवसर पर धार्मिक स्थलों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने यूपीसीडा द्वारा संचालित सामान्य सुविधा केंद्र (सीएफसी) का अवलोकन किया। निरीक्षण में केंद्र परिसर स्थित फील्ड हॉस्टल भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में पाया गया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए भवन की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का रखरखाव प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे उद्यमियों एवं श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सामान्य सुविधा केंद्र के जीर्णोद्धार एवं आधुनिक सुविधाओं के विकास को लेकर यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना, औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में केंद्र को अधिक उपयोगी एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र के पुनर्विकास की कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाए। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर-21 में स्थित श्रमिक सुविधा केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेते हुए श्रमिकों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देश दिए कि श्रमिकों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा केंद्र का उच्चीकरण कर वहां टेलीविजन, पंखे एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की सुविधा एवं कल्याण शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने संजय गांधी पॉलिटेक्निक चौराहे का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने ट्रैफिक की सुगमता एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना को चौराहे पर पर्याप्त सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए



निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक उपाय समयबद्ध ढंग से लागू किए जाएं। श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रसिद्ध श्री डंडेश्वर महादेव मंदिर, कोछित पहुंचकर श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह ने श्री डंडेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। निरीक्षण एवं बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना नीतेश राज, यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय यादव, सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल, सीटेड निदेशक संजय सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सिविल प्रवीण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, उद्यमी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति आवेदन की समय-सारणी जारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अम्बेडकरनगर ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक 91/2026/1940/26-3-2026-1513982 दिनांक 20 जुलाई 2026 तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के पत्रांक 1316/30-ग0का0नि0/दशमो दिनांक 21 जुलाई 2026 के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं की राज्य सरकार छात्रवृत्ति योजना के संचालन हेतु समय-सारणी जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय/एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा फीस आदि का सत्यापन 23 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। वहीं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी शिक्षण संस्थानों की मार्किंग 25 जुलाई से 14 सितम्बर 2026 तक की जाएगी।

उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत नवीनीकरण (Renewal) छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया–दशमोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन का नवीनीकरण 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2026 तक एवं हार्ड कॉपी संस्थान में जमा किया जा सकेगा। शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रों का बायोमीट्रिक प्रमाणित करना, प्राप्तांक, पूर्णांक, उपस्थिति करना एवं पात्र छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन सत्यापन 15 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। उच्च कक्षाओं (कक्षा 12 से उच्चतर कक्षाओं) दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत नवीनी (Fresh) छात्र/छात्राओं हेतु ऑनलाइन आवेदन व अन्य प्रक्रिया–नवीन छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन 15 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जा सकेगा। आवेदन पत्र का फाइनल प्रिंट 16 सितम्बर से 2 नवम्बर 2026 तक निकाला जा सकता है। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं आवश्यक अभिलेख शिक्षण संस्थान में जमा करना 16 सितम्बर से 4 नवम्बर 2026 तक जमा किए जाएंगे। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 16 सितम्बर से 10 नवम्बर 2026 तक किया जा सकेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र छात्र-छात्राओं से निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन पूर्ण करने तथा आवश्यक अभिलेख संबंधित शिक्षण संस्थान में समय से जमा करने की अपील की है, ताकि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## दलित महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बस्ती।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र की एक दलित महिला ने पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह से न्याय की गुहार लगाते हुए थानाध्यक्ष एवं एक हल्का सिपाही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट और उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बजाय पुलिस ने उस पर समझौते का दबाव बनाया तथा उसके बीमार पति को भी थाने में बैठाए रखा। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पीड़िता शकुन्तला देवी, निवासी ग्राम करचोलिया, थाना कप्तानगंज ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने करीब तीन वर्ष पहले अपने घर के पास जमीन खरीदी थी, जिस पर उनका कब्जा है और वह खेती कर रही हैं। आरोप है कि गांव के कुछ लोग उस जमीन पर अवैध कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता का कहना है कि घटना की शिकायत लेकर वह थाना कप्तानगंज पहुंचीं, लेकिन वहां मुकदमा दर्ज करने के बजाय थानाध्यक्ष और



हल्का सिपाही ने समझौता करने का दबाव बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि समझौता न करने पर कार्रवाई की धमकी दी गई। शिकायत में यह भी कहा गया है कि उनके पति संतोष कुमार, जो कैंसर से पीड़ित हैं, को भी थाने में कई घंटे तक बैठाए रखा गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उनके साथ दो वर्षीय मासूम बच्चे को भी थाने में रोककर रखा गया तथा बाद में शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की गई। पीड़िता ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने तथा संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## सिम बदलकर UPI से ठगी करने वाला गिरोह पकड़ाया, तीन आईफोन बरामद

**बलरामपुर।** जनपद पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए मोबाइल सिम का दुरुपयोग कर UPI खातों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक शातिर आरोपी और दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साइबर ठगी में प्रयुक्त तीन आईफोन, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा 24 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'साइ-वज्र' के तहत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एवं साइबर क्राइम नोडल अधिकारी विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली उतरौला पुलिस और जनपदीय साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मोहल्ला आर्यनगर निवासी सनी चौरसिया तथा दो बाल अपचारियों को गिरफ्तार किया। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी यूट्यूब के माध्यम से आईफोन पर UPI लॉगिन की तकनीक सीखकर परिचित लोगों की मोबाइल सिम कुछ समय के लिए अपने आईफोन में लगाते थे। इसके बाद पीड़ित के NAVI UPI, Paytm अथवा अन्य UPI एप में लॉगिन कर नया पासकोड बना लेते थे। सिम वापस करने के बाद भी Apple Cloud के जरिए उनके आईफोन में लॉगिन सक्रिय रहता था, जिससे वे पीड़ितों के बैंक खातों का संचालन कर रकम निकाल लेते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी नेपाल के चन्द्रौटा स्थित कैसीनो समेत अन्य स्थानों पर पीड़ितों के खातों से ऑनलाइन भुगतान कर नकद राशि प्राप्त करते थे।

## बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र में बढ़ीं चोरी की घटनाएं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**शुकुल बाजार, अमेठी।** थाना बाजार शुक्ल क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। कस्बे के साप्ताहिक बाजार और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तक चोरों के सक्रिय होने से आमजन चिंता में हैं। पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, ग्राम किश्ती नगर सुबेहा निवासी अरुण कुमार पुत्र रामनिवाज रविवार 2 अगस्त 2026 को शुकुल बाजार के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने आए थे। उन्होंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी-41 बीए-9203) बाजार में खड़ी की थी। खरीदारी के बाद लौटने पर उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बावजूद वाहन का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पीड़ित ने थाना बाजार शुक्ल में लिखित तहरीर देकर वाहन बरामद करने की मांग की।वहीं दूसरी घटना में ग्राम पूरे शुक्लन निवासी राम सुफल गौतम 28 जुलाई 2026 को अपने मरीज को रिक्शे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शुकुल बाजार आए थे।

मरीज को दिखाने के दौरान अस्पताल परिसर से उनका रिक्शा चोरी हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी रिक्शा नहीं मिलने पर उन्होंने भी थाना बाजार शुक्ल में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।स्थानीय लोगों का कहना है कि शुकुल बाजार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। कभी मोबाइल चोरी होता है तो कभी मोटरसाइकिल या अन्य सामान गायब हो जाता है। लगातार बढ़ रही घटनाओं से व्यापारियों और बाजार आने वाले लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने बाजार, अस्पताल परिसर और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाने तथा सीसीटीवी निगरानी की प्रभावी व्यवस्था किए जाने की मांग की है। थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल ने बताया कि घटना संज्ञान में है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व सामान उठा ले जाने का आरोप

**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया थाना क्षेत्र ग्राम बरगदही में सोमवार को एक पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि घर में कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ करने, धमकी देने व नकदी सहित जेवरात उठा ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। बरगदही निवासी पीड़िता राजकुमारी पत्नी गंगाराम ने पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र मुडिला खुर्द के शिवकुमार, कंचन कुछ लोगों के साथ घर पहुंच कर मुझे अकेला पाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पतरा व दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और कमरे में रखे सामानों को तोड़नें लगे। कमरे के अंदर बक्से में रखा नकदी सहित कुछ जेवरात भी उठा ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आपस में रिश्तेदारी का मामला है। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। पीड़िता की तहरीर पर प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाई की जायेगी।

# आमने सामने बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के डलमऊ रोड पर दतौली गांव के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। दतौली गांव निवासी सत्यम (28) पुत्र रामखेलावन बाइक से कस्बे की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। दूसरी बाइक पूरे राना मजरे बहाई निवासी विपिन (19) पुत्र विजय बहादुर चला रहा था। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सत्यम की मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सत्यम तीन बहनों के बीच अपने पिता का इकलौती बेटा था। वह खेती-बाड़ी के साथ ट्रैवलिंग का व्यवसाय करता था। परिवार में पिता रामखेलावन, माँ राजरानी पत्नी अंकिता और दो साल मासूम बेटी अवनी का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहा सत्यम हेलमेट नहीं पहने था।

# श्रावण सोमवार पर डीएम ने भदेश्वरनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** श्रावण मास के पावन सोमवार पर कांवड़ यात्रा के मद्देनजर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने सोमवार को बाबा श्री भदेश्वरनाथ मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर, मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वार, दर्शन मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई तथा सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रियों और अन्य श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित रूट डायवर्जन का प्रभावी ढंग से पालन सुनिश्चित कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सेवाएं 24 घंटे सक्रिय रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रखे जाएं। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों को मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, नियमित कूड़ा निस्तारण और पेयजल की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का महापर्व है और इसे सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को



श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए। मंदिर निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी फुटहिया चौराहे पर पहुंचीं और वहां यातायात व्यवस्था का निरीक्षण कर कांवड़ यात्रियों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवागत अपर जिलाधिकारी ज्ञानचन्द्र गुप्ता, मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, जिला पंचायत राज अधिकारी धनश्याम सागर, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 75 जिलों में कल होगा डेयरी कॉन्क्लेव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने, आधुनिक डेयरी तकनीकों के प्रचार-प्रसार और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 05 अगस्त, 2026 को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ जिला स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम दुग्धशाला विकास विभाग और पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगा। प्रदेश सरकार का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों और दुग्ध समितियों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ वैज्ञानिक पशुपालन और आधुनिक डेयरी प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी और रोजगारपरक बनाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव (दुग्ध एवं पशुधन) मुकेश कुमार मेश्राम तथा दुग्ध आयुक्त धनलक्ष्मी के. के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस कॉन्क्लेव का मुख्य कार्यक्रम मुख्यालय से वेब लिंक के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारित किया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार में संबंधित मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में होगा, जबकि उद्घाटन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। कॉन्क्लेव में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, दुग्ध संघों के प्रतिनिधियों, दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, दुग्ध समितियों तथा डेयरी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न हितधारकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मुख्य अतिथि के स्वागत से होगा। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से 11:30 बजे तक मुख्यालय से विशेषज्ञों के संबोधन और तकनीकी सत्र का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ आधुनिक डेयरी प्रबंधन, नंद बाबा दुग्ध मिशन, दुग्ध नीति-2022 के अंतर्गत व्यावसायिक डेयरी प्रसंस्करण, संतुलित चारा प्रबंधन, पशु रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं टीकाकरण सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देंगे। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ वैज्ञानिक पशुपालन, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों तथा आय में वृद्धि के उपायों पर किसानों का मार्गदर्शन करेंगे। कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति एवं अनुमति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में डेयरी उद्योग को नई गति मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन, दुग्धशाला विकास विभाग और पशुपालन विभाग के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अधिक से अधिक पात्र किसानों और पशुपालकों की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। दुग्धशाला विकास विभाग ने प्रदेश के सभी दुग्ध उत्पादक किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, दुग्ध समितियों और डेयरी व्यवसाय से जुड़े नागरिकों से अपील की है कि वे 05 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव-2026 में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर आधुनिक डेयरी तकनीकों की जानकारी प्राप्त करें तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय और आजीविका को सुदृढ़ बनाएं।

**प्रदेश सरकार का उद्देश्य डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों और दुग्ध समितियों तक विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ-साथ वैज्ञानिक पशुपालन और आधुनिक डेयरी प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभकारी और रोजगारपरक बनाने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। अपर मुय सचिव (दुग्ध एवं पशुधन) मुकेश कुमार मेश्राम तथा दुग्ध आयुत धनलक्ष्मी के. के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस कॉन्लेव का मुय कार्यक्रम मुयालय से वेब लिंक के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में सीधा प्रसारित किया जाएगा।**

# कांवड़ यात्रा को लेकर चहलारी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में सावन मास में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार देर रात करीब 9:30 बजे डीएम डॉ. राजागणपति आर. और एसपी अंकुर अग्रवाल ने बिसवां तहसील स्थित चहलारी घाट का निरीक्षण किया। सुरक्षा और सुविधाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। घाट पर सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, गोताखोरों की तैनाती, पुलिस बल की उपलब्धता और श्रद्धालुओं की आवाजाही की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने नदी किनारे संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने, श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान और पूजा-अर्चना की सुविधा उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि सावन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसे देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासनिक टीमों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए निरीक्षण के अंत में डीएम और एसपी ने अधिकारियों से कहा कि चहलारी घाट पर लगातार निगरानी रखी जाए। किसी भी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के लिए सभी संसाधन और कर्मियों को पूरी तरह तैयार रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की कमी न रहे!!

# हाईटेंशन लाइन से टकराया डीजे, दो की मौत; चार झुलसे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के थानगांव थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे कांवड़ यात्रा के लिए लोगों को जागरूक करने निकली एक टीम दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। राजापुर गांव के पास हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में डीजे वाहन आ जाने से उसमें करंट उतर गया। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। ग्राम चेद्दापुरवा निवासी गुड्डू यादव और ग्राम धौरा निवासी संतोष यादव डीजे वाहन की छत पर बैठकर कांवड़ यात्रा को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे थे। राजापुर गांव के पास पहुंचते ही वाहन ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आ गया। इसके चलते पूरे वाहन में करंट फैल गया और छत पर बैठे युवक इसकी चपेट में आ गए हादसे में गुड्डू यादव और संतोष यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना मिलते ही थानगांव पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रेउसा अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू करा दी है। वहीं, इस दर्दनाक घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि डीजे वाहन हाईटेंशन लाइन की चपेट में कैसे आया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है!!

# नगर निगम का अभियान, अतिक्रमण हटाया; प्लास्टिक पर कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण, यातायात बाधाओं और स्वच्छता संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम लखनऊ ने सोमवार को व्यापक प्रवर्तन एवं स्वच्छता अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया गया तथा गंदगी फैलाने वालों और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाना, यातायात व्यवस्था को बेहतर करना और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके तहत नगर निगम की अलग-अलग टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर कार्रवाई की। जोन-2 में चला विशेष सफाई अभियान, 20 हजार रुपये जुर्माना वसूला जोन-2 में जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी रामसकल यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा और देवेन्द्र कुमार वर्मा सहित नगर निगम की टीम शामिल रही। नगर निगम की टीम ने सी-ब्लॉक राजाजीपुरम, बड़ा इमामबाड़ा, रामनगर कॉलोनी, कन्वेंशन सेंटर के आसपास, नंदाखेड़ा, कर्बला मार्ग, बी-ब्लॉक राजाजीपुरम, तालकटोरा मार्ग और पाण्डेय का तालाब कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नालियों की सफाई, सड़कों से कूड़ा उठाने, गंदगी हटाने और मच्छरों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव कराया गया। नगर निगम टीम ने तुलसीदास मार्ग क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो चालान किए और 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। वहीं, प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर भी कार्रवाई की गई। प्लास्टिक इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ दो चालान काटकर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार जोन-2 में कुल 20 हजार रुपये की धनराशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। जोन-4 में जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। नगर निगम प्रवर्तन दल-296 और कर अधीक्षक राज कमल नारायण की निगरानी में मिठाई वाला चौराहा से पीएनबी बैंक, मनोज पाण्डेय चौराहा से सेंट जोसेफ अस्पताल और मनोज पाण्डेय चौराहा से देवा प्लाजा तक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। दुकानों के बाहर लगाए गए अवैध सामान और यातायात में बाधा बनने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई गई। इससे क्षेत्र में यातायात संचालन को सुगम बनाने में मदद मिली। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं से 24,500 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में अतिक्रमण, गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## सावन के पहले सोमवार नैमिषारण्य पहुंचे आईजी कांवड़ियों के साथ मंदिरों की परखी सुरक्षा व्यवस्था

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में सावन माह के प्रथम सोमवार पर उमड़ी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए लखनऊ जोन आईजी किरण एस एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सोमवार दोपहर करीब 12 बजे नैमिषारण्य पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया आईजी ने देवदेवेश्वर महादेव मंदिर, देवदेवेश्वर घाट, चक्रतीर्थ और शक्तिपीठ मां ललिता देवी मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए निरीक्षण की शुरुआत देवदेवेश्वर महादेव मंदिर और देवदेवेश्वर घाट से हुई। यहां आईजी किरण एस ने पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल और थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा के साथ घाटों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस ड्यूटी रोस्टर का अवलोकन करते हुए विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद आईजी और एसपी चक्रतीर्थ पहुंचे, जहां पुजारी राजनारायण पाण्डेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उनका पूजन-अर्चन कराया।

# शारदा-घाघरा उफान पर, 20 गांवों पर बाढ़ का खतरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में बैराजों से छोड़े गए करीब तीन लाख क्यूसेक पानी का असर सीतापुर में लगातार चौथे दिन भी देखने को मिल रहा है। शारदा और घाघरा नदियों के जलस्तर में लगातार 10 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है हालांकि दोनों नदियां अभी भी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं, लेकिन तटवर्ती क्षेत्रों में हालात धीरे-धीरे गंभीर होने लगे हैं। करीब 150 बीघा कृषि योग्य भूमि जलमग्न होने लगी है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने नदी किनारे बसे गांवों को अलर्ट मोड पर रखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। रामपुर मथुरा और रेउसा विकासखंड क्षेत्रों में जलस्तर बढ़ने का सबसे अधिक प्रभाव दिखाई दे रहा है नगेश्वरपुरवा और बचऊपुरवा गांवों के संपर्क मार्गों पर पानी भर जाने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। लोगों को आने-जाने के लिए नावों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं रेउसा क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है, जिससे ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। नदियों की तेज कटान जारी उधर, बेहटा विकासखंड के ग्राम खाना मंडोर क्षेत्र में नदियों की तेज कटान जारी है। नदी का बढ़ता पानी गन्ने और धान की फसलों तक पहुंचने लगा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सता रही है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। एसडीएम लहरपुर दामिनी एम. दास ने बताया कि कटान प्रभावित स्थानों पर सिंचाई विभाग की टीमों को लगाया गया है। बालू से भरी बोरियों और जियो बैग के माध्यम से कटान रोकने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल दोनों नदियां खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं, जिससे तत्काल बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है। इसके बावजूद प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लेखपालों की क्लस्टरवार ड्यूटी लगाकर जलस्तर की लगातार निगरानी कराई जा रही है!!

# ऐतिहासिक आयोजन में 2,100 महिलाएं बनाएंगी विश्व रिकॉर्ड

**'घर-घर हरियाली' कार्यक्रम 16 अगस्त को लखनऊ में, महिला शक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 3 अगस्त महिला सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक भव्य आयोजन 16 अगस्त 2026 को लखनऊ के के.डी. सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। 'घर-घर हरियाली' नामक इस कार्यक्रम में 2,100 महिलाएं एक मंच पर एकत्र होकर विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम की विशेषता यह होगी कि सभी प्रतिभागी पारंपरिक पीली साड़ी में उपस्थित होंगी। प्रत्येक महिला के हाथ में एक ओर तुलसी का पौधा और दूसरी ओर प्रज्वलित दीपक होगा। तुलसी पौधा हरियाली, स्वास्थ्य एवं प्रकृति संरक्षण का प्रतीक बनेगा, जबकि दीपक भारतीय संस्कृति, सकारात्मकता और जागरूकता का संदेश देगा। आयोजकों के अनुसार 'घर-घर हरियाली' केवल एक रिकॉर्ड बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने की पहल है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पौधारोपण, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस आयोजन का नेतृत्व प्रसिद्ध समाज सेविका एवं महिला सशक्तिकरण की अग्रणी हस्ती पुनीता भटनागर कर रही हैं। पिछले 45 वर्षों से महिलाओं और कारीगरों के उत्थान के लिए कार्यरत भटनागर ने हजारों महिलाओं को हस्तशिल्प प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया है। उनके प्रयासों से 20 हजार से अधिक महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ चुकी हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों तथा आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। आयोजकों का मानना है कि यह आयोजन महिला एकता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को नई ऊंचाई देगा। पुनीता भटनागर ने कहा कि 'घर-घर हरियाली' अभियान का उद्देश्य केवल विश्व रिकॉर्ड स्थापित करना नहीं, बल्कि हर परिवार को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस मुहिम में शामिल होकर हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया। आयोजकों को विश्वास है कि 2,100 महिलाओं की सामूहिक भागीदारी वाला यह आयोजन महिला शक्ति, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण जागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संदेश देगा।

## ईवीएम तुरंत बंद हो, बैलेट पेपर से हो चुनाव - भारतीय जन समाज पार्टी की सरकार को कड़ी चेतावनी

**बिकापुर, अयोध्या।** भारतीय जन समाज पार्टी ने आज केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए मांग की कि देश में लोकतंत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम को तुरंत बंद किया जाए और आगामी सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं। भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने कहा: 'जिस मशीन पर देश की जनता को भरोसा नहीं, उस मशीन से देश का भविष्य तय नहीं हो सकता। अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड जैसे देश ईवीएम को खारिज कर चुके हैं। फिर भारत में इसे थोपने का क्या कारण है? हम सरकार को चेतावनी देते हैं-ईवीएम पूरी तरह बंद हो। अन्यथा देश की जनता का चुनाव प्रणाली से भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा पारदर्शिता है। बैलेट पेपर ही एकमात्र ऐसा तरीका है जिसमें वोटर खुद अपनी पर्ची देख सकता है और गिनती सबके सामने होती है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। चाहे कोई भी संगठन हो, पंजीकृत हो या न हो, संविधान और कानून के दायरे में रहकर ही काम करना होगा। साफ-सुथरी छवि और साफ-सुथरा चुनाव भारतीय जन समाज पार्टी का मूल सिद्धांत है। 1. ईवीएम को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। 2. 2027 के सभी चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएं।

# पेट्रोल पंप पर डायल-112 टीम से भिड़े दो युवक पूछताछ के दौरान हाथापाई, सीसीटीवी आया सामने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** जनपद सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र में गोपालपुर भट्ठे चौराहे स्थित एक पेट्रोल पंप पर डायल-112 पुलिस टीम और कार सवार दो युवकों के बीच हुई नोकझोंक व हाथापाई का सीसीटीवी वीडियो सोमवार सुबह सामने आया। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे इलाके में इसकी चर्चा तेज हो गई है जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात एक कार पेट्रोल भरवाने के लिए गोपालपुर भट्ठे चौराहे स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची थी। उसी समय क्षेत्र में गश्त कर रही डायल-112 पुलिस टीम भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने कार सवार युवकों को संदिग्ध मानते हुए पूछताछ शुरू की और वाहन की तलाशी ली इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते धक्का-मुक्की और हाथापाई में बदल गई।

**सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना**

**पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। सामने आए वीडियो में पुलिसकर्मियों और युवकों के बीच धका-मुकी और तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है।**

**पुलिस का दावा- नशे में थे दोनों युवक**

**थाना प्रभारी मानपाल सिंह ने बताया कि डायल-112 टीम नियमित गश्त पर थी और संदिग्ध वाहन की जांच कर रही थी। पूछताछ के दौरान कार सवार दोनों युवक कथित रूप से शराब के नशे में थे आरोप है कि उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता की और हाथापाई करने लगे।**

**दोनों युवकों का चालान**

**पुलिस ने मौके से दीपू निवासी लक्ष्मणपुर, थाना संदना और मंजीत निवासी दिल्ली को हिरासत में ले लिया। दोनों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 151 के तहत चालान कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है!!**

# मंदिर में शिवलिंग खंडित होने पर हंगामा, छेनी हथौड़ी से युवक ने तोड़ा, हिरासत में आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में रविवार शाम करीब 7 बजे मंदिर में शिवलिंग खंडित होने से हंगामा हो गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंच गए और नाराजगी जताने लगे। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत कराया। एक युवक को हिरासत में लिया। पुलिस जंगल में फेंके गए शिवलिंग की तलाश कर रही है शिवलिंग तोड़कर जंगल में फेंकने का आरोप स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार शाम शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग खंडित मिला। लोगों का आरोप है कि मोहल्ले के निवासी दिलीप कश्यप ने छेनी और हथौड़ी से शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किया। उसे जंगल में फेंक दिया। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए लोगों का कहना है कि मंदिर में स्थापित शिवलिंग वर्ष 2003 में तत्कालीन डीएम के प्रयास से स्थापित कराया गया था तब से क्षेत्र के श्रद्धालु नियमित रूप से यहां पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। सावन के पहले सोमवार से ठीक पहले हुई इस घटना से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला। पुलिस ने नामजद आरोपी दिलीप कश्यप को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस की टीमें आसपास के जंगल और अन्य संभावित स्थानों पर शिवलिंग की तलाश कर रही हैं। जांच के बाद होगी आगे की कार्रवाई पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शिवलिंग की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी!!

# संपादकीय

## शिक्षा, रोजगार में अब फैसलों का समय

भारत आज दुनिया के सबसे युवा देशों में गिना जाता है। यह स्थिति किसी भी राष्ट्र के लिए एक बड़ी ताकत हो सकती है, बशर्ते उसके युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार के पर्याप्त अवसर और अपनी प्रतिभा को निखारने का अनुकूल वातावरण मिले। यदि ऐसा नहीं होता, तो यही युवा शक्ति निराशा, बेरोजगारी और सामाजिक असंतोष का कारण भी बन सकती है। इसलिए आज सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि भारत के पास कितने युवा हैं, बल्कि यह है कि देश अपने युवाओं के भविष्य को किस दिशा में ले जाना चाहता है। अब समय वो आ गया है जब बच्चे अपनी शिक्षा और रोजगार के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिए हैं। हाल ही के दिनों में दिल्ली के जंतर-मंतर पर युवा छात्रों द्वारा किया गया आंदोलन इसका प्रमाण है जिसमें सरकार को झुकना पड़ा और छात्रों की मांगे माननी पड़ी। आज हम युवा छात्रों के भविष्य की योजनाओं का दिखावा नहीं कर सकते, हमें अपने कार्यों को जमीन पर उतारना होगा। पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव हुए हैं। नई शिक्षा नीति लागू की गई, कौशल विकास पर जोर दिया गया और डिजिटल शिक्षा का विस्तार हुआ। इन प्रयासों का उद्देश्य शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख बनाना था। फिर भी जमीनी स्तर पर अनेक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। लाखों छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसका एक बड़ा कारण शिक्षा और उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं के बीच बढ़ती दूरी है। आज भी अनेक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का तरीका पुराने ढर्रे पर आधारित है। छात्रों को परीक्षा पास करने की तैयारी तो कराई जाती है, लेकिन उन्हें व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान की क्षमता, संचार कौशल और तकनीकी दक्षता विकसित करने के पर्याप्त अवसर नहीं मिलते। परिणामस्वरूप डिग्री तो हाथ में आ जाती है, लेकिन रोजगार पाने के लिए आवश्यक योग्यता अधूरी रह जाती है। रोजगार का प्रश्न केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं है। हर वर्ष करोड़ों युवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। सीमित रिक्तियों के कारण अधिकांश युवाओं को सफलता नहीं मिल पाती। कई बार भर्ती प्रक्रियाओं में देरी, परीक्षा रद्द होने या अन्य प्रशासनिक समस्याओं के कारण युवाओं की निराशा और बढ़ जाती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकारी भर्तियों को समयबद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जाए। दूसरी ओर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़े हैं, लेकिन वहां भी कौशल, अनुभव और बदलती तकनीकों के अनुरूप योग्यता की मांग लगातार बढ़ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन और डिजिटल तकनीकों ने रोजगार के स्वरूप को तेजी से बदला है। आने वाले वर्षों में केवल पारंपरिक शिक्षा पर्याप्त नहीं होगी। युवाओं को नई तकनीकों के साथ स्वयं को लगातार अपडेट करना होगा। कौशल विकास आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि किसी युवा के पास व्यावहारिक कौशल है तो उसके लिए रोजगार या स्वरोजगार के अवसर अधिक हो सकते हैं। सरकार और निजी संस्थानों द्वारा चलाए जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ तभी मिलेगा, जब उनकी गुणवत्ता बेहतर हो और उनका सीधा संबंध उद्योगों की जरूरतों से हो। ग्रामीण भारत के युवाओं की स्थिति पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। गांवों में आज भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल संसाधनों और करियर मार्गदर्शन का अभाव दिखाई देता है। प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन अवसरों की असमानता बड़ी चुनौती बनी हुई है। यदि ग्रामीण युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं, तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। महिलाओं की शिक्षा और रोजगार भी इस चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आज बड़ी संख्या में युवतियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, लेकिन कार्यस्थलों पर उनकी भागीदारी अपेक्षाकृत कम है। सुरक्षित कार्य वातावरण, समान अवसर और परिवार तथा समाज का सहयोग महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है। स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं के सामने नए अवसर खोले हैं। आज अनेक युवा नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार देने वाले उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह सकारात्मक परिवर्तन है, लेकिन इसके लिए वित्तीय सहायता, सरल नियम, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच जैसी सुविधाओं को और मजबूत करने की आवश्यकता है। मानसिक स्वास्थ्य का मुद्दा भी युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। लगातार प्रतियोगिता, रोजगार की चिंता और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव कई युवाओं को तनाव और अवसाद की ओर धकेल सकता है। इसलिए शिक्षा संस्थानों और कार्यस्थलों पर परामर्श सेवाओं तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की मांग है। भारत यदि वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य प्राप्त करना चाहता है, तो उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसके युवा ही होंगे। इसके लिए केवल योजनाओं की घोषणा पर्याप्त नहीं होगी। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, कौशल विकास, रोजगार सृजन, उद्योगों के साथ बेहतर समन्वय, पारदर्शी भर्ती प्रणाली और उद्यमिता को प्रोत्साहन जैसे कदमों को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। युवाओं को भी बदलते समय के साथ स्वयं को तैयार करना होगा। केवल एक डिग्री पर निर्भर रहने के बजाय नई तकनीकों को सीखना, भाषा और संचार कौशल विकसित करना, डिजिटल दक्षता बढ़ाना और आजीवन सीखने की आदत अपनाना आवश्यक है। भविष्य उन्हीं का होगा जो लगातार सीखने और बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने के लिए तैयार रहेंगे। शिक्षा, रोजगार और युवा–ये तीनों विषय अलग-अलग नहीं बल्कि एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यदि शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होगी तो रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी, और यदि युवाओं को सम्मानजनक अवसर मिलेंगे तो देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति भी तेज होगी। आज आवश्यकता केवल चर्चा की नहीं, बल्कि ठोस और समयबद्ध फैसलों की है। आने वाले वर्षों में भारत की दिशा और दशा काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि वह अपने युवाओं की क्षमता को किस रूप में पहचानता और उसे अवसरों में बदलता है।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष**- आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी।

**वृषभ**-आज कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं पर काम शुरू करने का अवसर मिलेगा। यदि आप व्यापार से जुड़े हैं तो विस्तार की दिशा में किए गए प्रयास सफल हो सकते हैं।

**मिथुन**-आज आपकी प्रतिभा लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकती है। लेखन, शिक्षा, कला या रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कर्क**-आज आपको अपने कार्यों में धैर्य और गंभीरता बनाए रखने की आवश्यकता है। रुके हुए कार्य दोबारा गति पकड़ सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है।

**सिंह**-आज का दिन व्यस्तता से भरा रहेगा, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी। अपनी योजनाओं को गोपनीय रखते हुए आगे बढ़ना आपके लिए लाभकारी रहेगा।

**कन्या**-आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनेगा और अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रहेगा। विज्ञान, अनुसंधान या तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई उपलब्धि मिल सकती है।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। कार्यक्षेत्र और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाने का प्रयास सफल होगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने या कहीं घूमने की योजना बन सकती है।

**वृश्चिक**-आज कार्य करने के तरीके में बदलाव आपको सफलता दिला सकता है। नई जानकारी या नया अनुभव भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

**धनु**-आज मित्रों और परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है। घर के सदस्यों की सलाह मानकर आगे बढ़ेंगे तो सफलता मिलने की संभावना बढ़ेगी।

**मकर**-आज दिन की शुरुआत सकारात्मक रहेगी। परिवार में सामंजस्य बना रहेगा और विद्यार्थियों को करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। अटका हुआ धन मिलने की संभावना है।

**कुंभ**-आज आर्थिक मामलों में राहत मिलने के संकेत हैं। परिवार और कार्यक्षेत्र के बीच संतुलन बनाए रखने में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई में एकाग्रता का लाभ मिलेगा।

**मीन**-आज का दिन उपलब्धियों से भरा रह सकता है। आपकी मेहनत का परिणाम आर्थिक लाभ के रूप में मिल सकता है। पुराने निवेश से अच्छा प्रतिफल मिलने की संभावना है। लक्ष्य पर पूरा ध्यान केंद्रित रखें और नकारात्मक विचारों से दूरी बनाए रखें। अनावश्यक विवादों से बचना आपके लिए बेहतर रहेगा।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से साकार हो रहे युवाओं के सपने



(आदर अदीब पावेल बन्धु)
जिला सूचना अधिकारी

**उार प्रदेश की मुयमंत्री अयुदय योजना के तहत अब तक 87,000 से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को UPSC, PCS, NEET, JEE और NDA जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है, जिसमें से अब तक 1,100 से अधिक छात्र विभिन्न परीक्षाओं में सफल हुए मुयमंत्री अयुदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसमें संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा, उार प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की परीक्षाएं, इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाएं जैसे जेईई और नीट, तथा रक्षा सेवाओं से संबंधित परीक्षाएं जैसे एनडीए और सीडीएस शामिल हैं। इन सभी परीक्षाओं के लिए अलग-अलग बैच बनाए जाते हैं और विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है।**

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उत्तर प्रदेश सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराना है। आज के समय में उच्च स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईएएस, पीसीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट, जेईई आदि की तैयारी करना अत्यंत महंगा हो गया है। निजी कोचिंग संस्थानों की फीस इतनी अधिक होती है कि समाज के गरीब और मध्यम वर्ग के अनेक छात्र अपनी प्रतिभा होने के बावजूद इन परीक्षाओं में सफल होने का अवसर नहीं प्राप्त कर पाते। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की शुरुआत की गई, ताकि हर योग्य छात्र को समान अवसर मिल सके और वह अपने सपनों को साकार कर सके। इस योजना का शुभारंभ वर्ष 2021 में किया गया था। इसका मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी किसी भी छात्र की प्रतिभा के मार्ग में बाधा न बने। इस योजना के माध्यम से राज्य सरकार छात्रों को न केवल निःशुल्क कोचिंग प्रदान करती है, बल्कि उन्हें मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री, व्यक्तित्व विकास और साक्षात्कार की तैयारी में भी सहायता प्रदान करती है। इस प्रकार यह योजना केवल पढाई तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत अब तक 87,000 से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को UPSC, PCS, NEET, JEE और NDA जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है, जिसमें से अब तक 1,100 से अधिक छात्र विभिन्न परीक्षाओं में सफल हुए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। इसमें संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC) की परीक्षाएं, इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाएं जैसे जेईई और नीट, तथा रक्षा सेवाओं से संबंधित परीक्षाएं जैसे एनडीए और सीडीएस शामिल हैं। इन सभी परीक्षाओं के लिए अलग-अलग बैच बनाए जाते हैं और विषय विशेषज्ञों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है।

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें पढ़ाने के लिए अनुभवी शिक्षकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी समय-समय पर कक्षाएं लेते हैं। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी अपने अनुभव साझा करते हैं और छात्रों को परीक्षा की रणनीति, समय प्रबंधन और सफलता के गुर बताते हैं। इससे छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम की समझ मिलती है, बल्कि उन्हें प्रेरणा भी मिलती है। योजना के अंतर्गत कोचिंग की सुविधा राज्य के विभिन्न जिलों में स्थापित केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, डिजिटल माध्यम का भी उपयोग किया जाता है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्र भी इसका लाभ उठा सकें। ऑनलाइन कक्षाएं, वीडियो लेक्चर और ई-स्टडी मटेरियल के माध्यम से छात्रों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ा गया है। इससे शिक्षा अधिक सुलभ और प्रभावी बनती है इस योजना में प्रवेश के लिए छात्रों को पंजीकरण करना होता है। इसके बाद एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से योग्य छात्रों का चयन किया जाता है। चयन मुख्यतः छात्रों की शैक्षणिक योग्यता और उनकी प्रतियोगी परीक्षा में रुचि के आधार पर किया जाता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि योजना का लाभ उन छात्रों को मिले जो वास्तव में इसके लिए योग्य हैं और मेहनत करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इसमें छात्रों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। महंगी किताबें और नोट्स खरीदना कई छात्रों के लिए संभव नहीं होता, लेकिन इस योजना के माध्यम से उन्हें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके साथ ही नियमित टेस्ट सीरीज और मॉक इंटरव्यू भी आयोजित किए जाते हैं, जिससे छात्रों को अपनी तैयारी का मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। इस योजना का प्रभाव समाज में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अनेक ऐसे छात्र जो पहले आर्थिक कारणों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते थे, अब इस योजना के माध्यम से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाता है कि यदि प्रतिभा और मेहनत है, तो संसाधनों की कमी सफलता में बाधा नहीं बन सकती। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना सामाजिक समानता को बढ़ावा देने का भी कार्य करती है। यह योजना समाज के उन वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास करती है, जो अब तक शिक्षा के क्षेत्र में पीछे रह गए थे। इससे न केवल व्यक्तिगत स्तर पर छात्रों का विकास होता है, बल्कि राज्य और देश के समग्र विकास में भी योगदान मिलता है। हालांकि इस योजना के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अधिक से अधिक छात्रों तक इसकी जानकारी पहुँचाना। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी कई छात्र इस योजना के बारे में नहीं जानते हैं। इसके अलावा, सभी जिलों में समान गुणवत्ता की कोचिंग सुनिश्चित करना भी एक चुनौती है। कुछ स्थानों पर संसाधनों और अनुभवी शिक्षकों की कमी महसूस की जाती है। इन चुनौतियों के समाधान के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक छात्र इस योजना का लाभउठा सकें। साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म को मजबूत किया जा रहा है, जिससे सभी छात्रों को समान गुणवत्ता की शिक्षा मिल सके। शिक्षकों के प्रशिक्षण और संसाधनों की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का एक और सकारात्मक पहलू यह है कि यह छात्रों में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करती है। जब छात्रों को यह महसूस होता है कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दे रही है, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अधिक मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं। यह योजना केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। यह समाज में यह संदेश देती है कि हर व्यक्ति को समान अवसर मिलना चाहिए, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। यह योजना 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करती है और एक समावेशी समाज के निर्माण में योगदान देती है। अंततः कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक अत्यंत सराहनीय पहल है, जो छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना न केवल प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देती है, बल्किसमाज में समानता और न्याय की भावना को भी मजबूत करती है। यदि इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन और निरंतर सुधार किया जाए, तो यह निश्चित रूप से लाखों युवाओं के जीवन को बदलने में सक्षम होगी और राज्य को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस प्रकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, जो यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी छात्र केवल आर्थिक कारणों से अपने सपनों से वंचित न रह जाए। यह योजना आने वाले समय में और अधिक प्रभावशाली सिद्ध होगी और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# तहसील एवं विकास खण्ड मुख्यालयों को दो-लेन मार्गों से जोड़ने पर प्रदेश की मजबूत हुई

किसी भी राज्य की आर्थिक प्रगति, सामाजिक विकास और प्रशासनिक दक्षता का सीधा संबंध उसके सुदृढ़ आधारभूत ढांचे से होता है। आधारभूत संरचना के विभिन्न घटकों में सड़कें सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, क्योंकि सड़कें केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे विकास, रोजगार, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण की संभावनाओं को गति प्रदान करती हैं। गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ वहां के नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करती है। उत्तर प्रदेश, जो देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य होने के साथ-साथ कृषि, उद्योग, व्यापार और मानव संसाधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, आज तीव्र आर्थिक विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र तक बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों को प्रशासनिक और आर्थिक केंद्रों से जोड़ने के लिए 'अंतिम मील तक कनेक्टिविटी' को सुदृढ़ करना विकास की एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा तहसील एवं विकास खंड मुख्यालयों को दो-लेन चौड़े मार्गों से जोड़ने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। यह पहल केवल सड़कों के निर्माण अथवा चौड़ीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के प्रशासनिक, सामाजिक और आर्थिक एकीकरण को मजबूत बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है। बेहतर सड़क संपर्क से शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित हो रही है। तहसील स्थानीय प्रशासन की एक महत्वपूर्ण इकाई होती है। राजस्व संबंधी कार्यों, भूमि अभिलेखों, प्रमाण पत्रों, न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों को प्रतिदिन तहसील मुख्यालयों तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में तहसील मुख्यालयों तक सुरक्षित, सुगम और बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध होना जनसुविधा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कुल 351 तहसील मुख्यालय हैं। इन तहसील मुख्यालयों तक आमजन की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें दो-लेन चौड़े मार्गों से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में वर्ष 2017 से अब तक कुल 38 तहसील मुख्यालयों के लिए लगभग 293 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण एवं सुधार कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के लिए कुल ?446 करोड़ की लागत निर्धारित की गई है। यह निवेश प्रदेश सरकार की उस स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके अंतर्गत सड़क अवसंरचना को विकास की आधारशिला मानते हुए निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है। स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष अब तक 37 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शेष कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। इन परियोजनाओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तहसील मुख्यालयों तक पहुंचने वाले मार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से आम नागरिकों को सरकारी कार्यों के लिए अधिक सुविधा प्राप्त होगी। अब दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को बेहतर सड़क मार्ग उपलब्ध होने से यात्रा में लगने वाला समय कम होगा। इससे राजस्व संबंधी कार्यों, प्रमाण पत्रों, भूमि अभिलेखों तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं के लिए तहसील पहुंचना अधिक सरल और सुविधाजनक बनेगा। बेहतर सड़क संपर्क का लाभ अधिवक्ताओं, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न सरकारी और निजी संस्थाओं से जुड़े लोगों को भी प्राप्त होगा। सुगम यातायात से यात्रा की लागत में कमी आएगी और लोगों का समय बचेगा। इससे प्रशासनिक कार्यों की गति और दक्षता में भी सुधार होगा। विकास खंड ग्रामीण विकास व्यवस्था की महत्वपूर्ण इकाई होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों की निगरानी, कृषि एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के संचालन तथा स्थानीय स्तर पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में विकास खंड मुख्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उत्तर प्रदेश में कुल 826 विकास खंड मुख्यालय हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को विकास खंड मुख्यालयों से बेहतर ढंग से जोड़ने के उद्देश्य से सरकार द्वारा इन मार्गों के चौड़ीकरण और दो-लेन मार्गों के रूप में विकास की व्यापक योजना पर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश में कुल 189 विकास खंड अथवा संबंधित तहसील मुख्यालयों के मार्गों के लिए लगभग 1,438 किलोमीटर लंबे सड़क मार्गों के चौड़ीकरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए लगभग ?2,505 करोड़ की लागत निर्धारित की गई है। यह व्यापक निवेश इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार ग्रामीण एवं विकास खंड स्तर की कनेक्टिविटी को अपनी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल कर रही है। स्वीकृत कार्यों में से अब तक 170 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि शेष परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इन सड़कों के दो-लेन में परिवर्तित होने से ग्रामीण क्षेत्रों और विकास खंड मुख्यालयों के बीच आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और समयबद्ध हो रहा है। चौड़े मार्गों से वाहनों की आवाजाही में सुविधा बढ़ती है और यातायात का दबाव कम होता है। पहले जहां संकरे मार्गों पर वाहनों के आमने-सामने आने से जाम की स्थिति उत्पन्न होती थी, वहीं दो-लेन सड़कों के निर्माण से यातायात अधिक व्यवस्थित हो रहा है। इससे यात्रा का समय कम होने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा में भी सुधार की संभावना बढ़ती है। उत्तर प्रदेश एक प्रमुख कृषि प्रधान राज्य है। प्रदेश की बड़ी आबादी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। ऐसे में किसानों को अपने खेतों से कृषि उपज को मंडियों, बाजारों, भंडारण केंद्रों और प्रसंस्करण इकाइयों तक पहुंचाने के लिए बेहतर सड़क संपर्क की आवश्यकता होती है। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित उद्योगों, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, डेयरी, दुग्ध उत्पादन तथा अन्य लघु एवं कुटीर उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जब किसी क्षेत्र की बाजारों और प्रशासनिक केंद्रों तक पहुंच आसान होती है, तो वहां आर्थिक गतिविधियों का विस्तार तेजी से होता है। सुदृढ़ सड़क नेटवर्क किसानों को कृषि यंत्रों, उर्वरकों, बीजों और अन्य आवश्यक संसाधनों तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने में भी सहायक होगा। इस प्रकार सड़क विकास का लाभ केवल परिवहन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को व्यापक रूप से मजबूत करने का माध्यम बनता है। सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण की परियोजनाएं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। निर्माण कार्यों के दौरान श्रमिकों, तकनीकी कर्मचारियों, मशीन संचालकों, परिवहन सेवाओं तथा निर्माण सामग्री से जुड़े लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। बेहतर सड़क संपर्क के कारण स्थानीय बाजारों का विस्तार होता है। सड़क किनारे छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, वाहन मरम्मत केंद्रों, ढाबों, रेस्टोरेंट, पेट्रोल पंपों तथा अन्य सेवा केंद्रों के विकास की संभावनाएं बढ़ती हैं। इससे स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन मिलता है और ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज होती हैं। बेहतर सड़क संपर्क का सीधा प्रभाव शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच पर भी पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक छात्र उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए तहसील अथवा जिला मुख्यालयों पर स्थित शिक्षण संस्थानों पर निर्भर रहते हैं। सड़कों के चौड़ीकरण और सुधार से विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों तक पहुंचना अधिक आसान होगा। सुगम सड़क संपर्क से विद्यार्थियों का यात्रा समय कम होगा और उन्हें नियमित रूप से शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को बेहतर शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगी। स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से भी बेहतर सड़क नेटवर्क अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस को समय पर गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़कों की आवश्यकता होती है। दो-लेन चौड़े मार्गों से एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही अधिक सुगम होगी।

**-अभिषेक सिंह, उप संपादक**

# प्रतापगढ़ में आजीविका मिशन से संवरती नारी शक्तिः रंजना विश्वकर्मा बनीं स्वावलंबन की मिसाल

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समावेशी, सुदृढ़ और गतिशील बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा संचालित नीतियां नए आयाम स्थापित कर रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण अंचल की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका के अवसरों से आच्छादित किया जा रहा है। सरकार की इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की पारिवारिक आय में वृद्धि कर उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इन्हीं योजनाओं का लाभ प्राप्त कर जनपद प्रतापगढ़ के विकासखण्ड आरापुर देवसरा स्थित ग्राम गोदलपट्टी की निवासी रंजना विश्वकर्मा ने अपने परिश्रम और निष्ठा से आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग प्राप्त किया है। स्नातक शिक्षा (बीए) प्राप्त करने के उपरांत अपनी प्रतिकूल पारिवारिक परिस्थितियों और सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण रंजना आर्थिक दबाव की स्थितियों से गुजर रही थीं। परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं का संपूर्ण दायित्व उनके पति पर होने के कारण जीवन निरंतर संघर्षपूर्ण बना हुआ था। परिस्थितियों और हालातों ने रंजना के भीतर आत्मनिर्भर बनने और परिवार की आर्थिक स्थिति को संबल प्रदान करने की इच्छाशक्ति को मजबूत किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने रंजना की इस आकांक्षा को एक नई दिशा और सुदृढ़ आधार प्रदान किया। 02 फरवरी 2020 को एनआरएलएम के अंतर्गत गठित 'लक्ष्मीबाई आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर रंजना ने अपनी नई यात्रा का शुभारंभ किया। समूह की बैठकों और गतिविधियों में निरंतर भागीदारी से उन्हें न केवल वित्तीय साक्षरता हासिल हुई, बल्कि उनके भीतर नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का भी अभूतपूर्व विकास हुआ। उनकी सक्रियता और कार्यकुशलता को देखते हुए समूह की सदस्यों द्वारा उन्हें अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। समूह के माध्यम से वित्तीय सुलभता स्थापित होने पर रंजना ने लगभग 80 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का उद्यम प्रारंभ किया। अपनी कड़ी मेहनत और व्यावसायिक सूझबूझ के बल पर उन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया, जिससे परिवार को एक नियमित और पूरक आय का स्रोत प्राप्त हुआ। वित्तीय स्थिति में सुधार दर्ज होने के पश्चात रंजना ने नवाचार अपनाते हुए कृषि क्षेत्र में भी कदम रखा। उन्होंने लगभग 10 हजार रुपये की पूंजी का निवेश कर बैंगन एवं अन्य मौसमी सब्जियों की व्यावसायिक खेती शुरू की। इस कृषि उद्यम में उनके परिवार के सदस्यों का भी निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने से पूर्व आर्थिक तंगी का सामना करने वाली रंजना आज न केवल स्वयं आय अर्जित कर रही हैं, बल्कि अपने परिवार की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस आर्थिक स्वायत्तता ने समाज और परिवार में उनके दृष्टिकोण और सम्मान में व्यापक वृद्धि की है। रंजना विश्वकर्मा की यह सफलता शासकीय योजनाओं के लाभ की पारदर्शिता और उपयुक्त पात्र को दिये गये लाभ के समुचित उपयोग का बड़ा दृष्टान्त है, जहाँ योजना के लाभ का समुचित उपयोग करके लाभार्थी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जीवन के उत्कर्ष को हासिल करके समृद्धि प्राप्त कर लेता है। जनपद प्रतापगढ़ में रंजना विश्वकर्मा की यह प्रेरक गाथा वास्तव में उत्तर प्रदेश सरकार के उस व्यापक अभियान का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (न्च्ेस्ड) ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम बनकर उभरा है। राज्य सरकार द्वारा निर्मित त्रिस्तरीय सामुदायिक संरचना-स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ (ब्स्थ) ने ग्रामीण महिलाओं को एक संगठित मंच प्रदान किया है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## श्रावण व कांवड़ यात्रा को लेकर एसपी ने किया निरीक्षण



**देवरिया।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सोमवार को बरहज के प्रमुख नदी घाटों और मदनपुर स्थित बाबा महेंद्रनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बरहज के घाटों पर एसपी ने बैरिकेडिंग, सुरक्षित आवाजाही, नावों व प्रशिक्षित गोताखोरों की उपलब्धता, चेंजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था, चेतावनी बोर्ड और पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस की पहल पर नगर पालिका परिषद बरहज के सहयोग से घाटों पर चेंजिंग रूम और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। इसके बाद बाबा महेंद्रनाथ मंदिर पहुंचकर उन्होंने भीड़ प्रबंधन, प्रवेश-निकास व्यवस्था, पार्किंग, सीसीटीवी निगरानी और पुलिस ड्यूटी व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें सुरक्षित और सुगम दर्शन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## बिहार तस्करी को ले जाई जा रही 406.5 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बिहार ले जाई जा रही कुल 406.5 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की। पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर दो चारपहिया वाहन भी कब्जे में लिए हैं। थाना बनकटा पुलिस ने सुंदरपार तिराहे के पास एक महिंद्रा स्कॉर्पियो से 35 पेटी 8 पीएम अंग्रेजी शराब (302.4 लीटर) और पांच पेटी किंगफिशर बीयर (60 लीटर) बरामद की। इस दौरान बिहार के सिवान निवासी सोनू कुमार (19) को गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 8.95 लाख रुपये बताई गई है। वहीं थाना लार पुलिस ने चुटिया ईट भट्ठा के पास टाटा पंच कार से सात पेटी 8पी एम अंग्रेजी शराब (44.10 लीटर) बरामद कर बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी अनीस कुमार सिंह और पूर्वी चंपारण निवासी अखिल दूबे को गिरफ्तार किया।दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, बरामद शराब बिहार ले जाकर खपाने की तैयारी थी। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

## डीएम ने शिक्षा, पोषण और बाल संरक्षण योजनाओं की किया समीक्षा, दिया आवश्यक निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा, जिला पोषण समिति-आईजीआरएस तथा प्रोबेशन विभाग की अलग-अलग समीक्षा बैठकें कर अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जवाबदेही तय करने के निर्देश दिया। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में डीएम ने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, डिजिटल उपस्थिति अनिवार्य करने तथा कायाकल्प योजना के 19 मानकों को पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पठन-पाठन, शैक्षिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अवैध विद्यालयों पर भी कार्रवाई करने को कहा। जिला पोषण समिति एवं आईजीआरएस की बैठक में जिलाधिकारी ने गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आईजीआरएस शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा पोर्टल पर त्रुटिरहित डेटा अपलोड करने को कहा।

# स्कूल वाहन से भिड़ी बाइक, युवक गंभीर घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोला तहसील अंतर्गत गोला-बड़हलगंज रामजानकी मार्ग पर सोमवार दोपहर करीब तीन बजे एक तेज रफ्तार बाइक विपरीत दिशा से आकर एक निजी विद्यालय के वाहन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ घायल को सीएचसी गोला पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार सोमवार को अपरान्ह लगभग 3 बजे बेवरी चौराहे से चंद चौराहे की ओर बच्चों को छोड़कर लौट रहा एक निजी विद्यालय का वाहन सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के समीप अपनी निर्धारित दिशा में जा रहा था। इसी दौरान चंद चौराहे की ओर से विपरीत दिशा में तेज गति से आ रही एक बाइक विद्यालय वाहन से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर डिवाइडर से जा टकराया, जिससे उसके सिर, चेहरे और पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घायल की पहचान रंजीत पुत्र रामाशीष, निवासी ग्राम खड़ेसरी, थाना बड़हलगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**अधूरा रामजानकी मार्ग बना दुर्घटनाओं का कारण.....**

स्थानीय लोगों का कहना है कि दुर्घटनास्थल से कुछ दूरी पर रामजानकी मार्ग की दूसरी लेन का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। सड़क का हिस्सा खोदकर बीच में डिवाइडर बना दिया गया है, जिससे चंद चौराहे की ओर से आने वाले छोटे-बड़े वाहन निर्माणाधीन लेन से बचने के लिए विपरीत दिशा में चले जाते हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सोमवार की यह दुर्घटना भी इसी अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था का परिणाम है। क्षेत्रवासियों ने अधूरे मार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा कराए जाने तथा आवश्यक यातायात संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग किया है।

# पूजा-अर्चना के साथ नगर पंचायत भवन का गृह प्रवेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर के नवनिर्मित भवन में सोमवार को पूजा अर्चना के साथ गृह प्रवेश हुआ। गृह प्रवेश का कार्यक्रम एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह ने फीता काटकर किया। नये भवन का निर्माण जलकल परिसर में लगभग 3 करोड़ 15 लाख की लागत से बंदन योजना के तहत कराया गया है। गृह प्रवेश से पूर्व रविवार को भवन के अंदर अखंड रामायण का पाठ कराया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम व उनके प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ भाजपा नेता छट्ठेलाल निगम ने यजमान की भूमिका में पूजन अर्चन किया।संगीतमय अखंड रामायण पाठ में नगर पंचायत के सभी निर्वाचित सभासद व मनोनीत सभासद गण भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डा रतन पाल सिंह ने कहा कि जल्द ही नगर पंचायत को नगर पालिका के रूप में तब्दील कराया जाएगा जिसके लिए अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम जी अथक प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने कहा कि भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आभासी रूप में किया जा चुका है। गृह प्रवेश के अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। गृह प्रवेश के दौरान अध्यक्ष सुधा निगम के अतिरिक्त सभी सभासद विजय यादव, अंकित त्रिपाठी, जय रतन चौरसिया, सज्जाद अली, सुशील पांडेय आदि व कर्मचारी गण भी मौजूद रहे।

## 41 साल पुराने सिविल विवाद का मध्यस्थता से निस्तारण, 1985 से लंबित वाद सुलझा

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0' के तहत वर्ष 1985 से लंबित 41 साल पुराने सिविल वाद का आपसी सुलह-समझौते से सफल निस्तारण किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन तथा सचिव अर्चना-II के नेतृत्व में यह सफलता मिली।

अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) अंकुश श्रीवास्तव के न्यायालय से संदर्भित मामले में मध्यस्थ अरविन्द कुमार पाण्डेय के प्रयासों से दोनों पक्ष वर्षों पुराने विवाद को समाप्त करने पर सहमत हो गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने लोगों से अपील किया कि न्यायालयी विवादों का त्वरित, कम खर्चीला और सौहार्दपूर्ण समाधान पाने के लिए अधिक से अधिक लोग मध्यस्थता केंद्र का लाभ उठाएं।

# गोरखपुर पिपराइच हत्याकांड का खुलासा

**खूनी रंजिश का अंत सलाखों के पीछे, हत्या के तीन आरोपी दबोचे गए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद इलाके में फैली सनसनी के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया और उन्हें न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 1 अगस्त 2026 को पिपराइच थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक राय होकर वादी के साढ़ू के बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर थाना पिपराइच में मुकदमा संख्या 0375/2026 धारा 191(2), 191(3), 103(1), 61(2) एवं 110 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चौरी-चौरा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने लगातार दबिश देकर हत्या में नामजद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज गुप्ता निवासी बेलाकांटा, रत्नेश्वर साहनी निवासी माधोपुर तथा संदीप कुमार निवासी माधोपुर, थाना पिपराइच, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या की इस वारदात में शामिल अन्य तथ्यों की भी गहन जांच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के बाद आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए




हैं और उन्हें न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी अभियान में थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शुभम कुमार गुप्ता, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार अरुण, हेड कांस्टेबल अरविन्द यादव, कांस्टेबल मनीष यादव तथा कांस्टेबल अभिषेक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रोजेक्ट पहचान पर कार्यशाला आयोजित

**शून्य से छह वर्ष के बच्चों की होगी स्क्रीनिंग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत मर्यादपुर स्थित पंचायत भवन पर सोमवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के ड्रीम प्रोजेक्ट 'प्रोजेक्ट पहचान' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान अब्दुल बाकी मलिक की अध्यक्षता व ग्राम पंचायत सचिव संजय पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास, पंचायती राज, आंगनबाड़ी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन्म से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात विकृतियों एवं विकास संबंधी बीमारियों की समय पर पहचान कर उनका त्वरित उपचार सुनिश्चित कराना है, ताकि दिव्यांगता की स्थिति को रोका जा सके और प्रभावित बच्चों में किसी भी प्रकार की हीन



भावना जागृत न हो। इस अभियान के तहत क्षेत्र की आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर कुल 28 प्रकार की गंभीर बीमारियों के लक्षणों के आधार पर बच्चों की सघन स्क्रीनिंग करेंगी और चिन्हित बच्चों को पूरी तरह से निशुल्क इलाज दिलाने में हरसंभव सहयोग प्रदान करेंगी, जिससे उनका एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव संजय पाण्डेय, ग्राम प्रधान अब्दुल बाकी मलिक, रोजगार सेवक अमित कुमार, उदयराज यादव, ट्रेनर एएनएम अंकिता चौधरी, सरिता, पंचायत सहायिका कविता सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऊषा साहनी, सोनिया, संगीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कलेक्ट्रेट बार के अधिवक्ताओं को लैपल पिन लगाकर किया सम्मानित

**देवरिया।** जनसंपर्क एवं सम्मान अभियान के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट बार परिसर में अधिवक्ताओं के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा विधि प्रकोष्ठ गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सहसंयोजक एवं अधिवक्ता संतोष कुमार तिवारी ने कलेक्ट्रेट बार के अधिवक्ताओं को लैपल पिन लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। विधि के शासन को मजबूत बनाने, न्याय की स्थापना करने और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में अधिवक्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी रही है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का सम्मान करना समाज के प्रति उनकी सेवाओं का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनसंपर्क एवं सम्मान अभियान समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद और सम्मान का माध्यम है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जा सके।

# गरीब विधवा को अब तक नहीं मिला आवास, दर-दर भटकने को मजबूर

**उन्नाव।** जनपद के बिछिया विकासखंड की ग्राम पंचायत बदली खेड़ा के मजरा राजाखेड़ा निवासी श्रीमती चंदाना लोधी, पत्नी स्वर्गीय झब्बा लाल, सरकारी आवास की आस में लंबे समय से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रही हैं। उनका आरोप है कि कई बार आवेदन और गुहार लगाने के बावजूद उन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। चंदाना लोधी का कहना है कि पति के निधन के बाद आर्थिक तंगी के बीच वह जर्जर परिस्थितियों में जीवनयापन करने को मजबूर हैं। उनका दावा है कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आवास दिलाने की मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।बताया जा रहा है कि महिला की स्थिति का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उनके रहने की परिस्थितियां दिखाई दे रही हैं। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। यदि जांच में महिला सरकारी आवास योजना की पात्र पाई जाती हैं, तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाए। वहीं, महिला ने उन्नाव के जिलाधिकारी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी अपील की है कि उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को देखते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई कर उन्हें सरकारी आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि वह सम्मानजनक जीवन जी सकें।

## राहुल गांधी पर सोशल मीडिया पोस्ट मामले में केस दर्ज

**देवरिया।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिया। टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में बताया गया कि भाटपार रानी थाना क्षेत्र से जुड़े इस मामले में पहले स्थानीय पुलिस और बाद में पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी गई थी। जिलाध्यक्ष के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने दूरभाष पर जानकारी दी कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इसके बाद कांग्रेस ने फिलहाल डीएम को ज्ञापन देने का निर्णय टाल दिया।

बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कानून के शासन में विश्वास रखती है और मामले की निष्पक्ष जांच के साथ दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की अपेक्षा करती है। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान तेज करने और 8 अगस्त को प्रयागराज में प्रस्तावित राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में देवरिया से अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावन के प्रथम सोमवार पर श्री हट्ठी माई मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने किया पूजन-अर्चन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चाफ खास स्थित प्राचीन श्री हट्ठी माई मंदिर से सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए भव्य कलश यात्रा श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख- समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सावन मास भगवान शिव की आराधना का पावन पर्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति, आस्था एवं परंपराओं को सुदृढ़ करने के साथ समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। श्री हट्ठी माई मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता कर आयोजन की



भव्यता बढ़ाई।

कलश यात्रा के सफल आयोजन में संयोजक रतन खत्री, संतोष मिश्रा एवं आशुतोष मिश्रा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर विमला देवी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, बिंदु देवी, आशा देवी, कमलावती देवी, प्रियंका देवी, सविता देवी, मोनू कुमार, रितेश पटेल, विनय राज, लवकुश दुबे, रंजीत गौड़, अजय गोंड, आचार्य अभिमन्यु दुबे, गुलाब प्रसाद, पप्पू, विशाल प्रसाद, अमित यादव, उज्जवल दुबे, छोटेलाल ठाकुर, चंचल प्रसाद, सन्नी मिश्रा, श्याम टीब्रेवाल, अनूप गौड़, संजय सिंघल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के साथ संपन्न हुई इस भव्य कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र एवं समाज की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की।

# कॉलेज से लौटी छात्रा ने फंदे से दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**खजनी क्षेत्र की घटना से गांव में शोक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर/खजनी।** खजनी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर गांव में सोमवार को 17 वर्षीय छात्रा का शव कमरे में फंदे से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से तेतरिया सिंहोरवा निवासी शेषबंद की पुत्री अर्पिता साहनी पिछले करीब पांच वर्षों से अपने नाना शेषनाथ साहनी के घर रुद्रपुर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। हाईस्कूल उत्तीर्ण करने के बाद उसका निकट के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 11 में प्रवेश कराया गया था। परिजनों का कहना है कि वह नियमित रूप से पढ़ाई करती थी।

सोमवार को अर्पिता रोज की तरह कॉलेज से घर लौटी और कुछ देर बाद अपने कमरे में चली गई। काफी समय तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे का दरवाजा खोलने पर वह दुपट्टे के सहारे पंखे से लटकी मिली। परिजन उसे तत्काल नीचे उतारकर उपचार के लिए ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही खजनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।




पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। वहीं, विभिन्न कारणों को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाएं हैं, लेकिन पुलिस ने किसी भी संभावना की पुष्टि नहीं की है और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

## खजनी बार एसोसिएशन लगाएगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** समाजसेवा और जनकल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए तहसील बार एसोसिएशन, खजनी के सौजन्य से 5 अगस्त 2026 (बुधवार) को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर तहसील परिसर में दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक चलेगा, जिसमें अपोलो हॉस्पिटल के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेगी। साथ ही मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए जाएंगे।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, एडवोकेट ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मियों, वादकारियों तथा क्षेत्र के आम नागरिकों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति




जागरूकता भी बढ़ती है। ऐसे जनहितकारी आयोजन समाज के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होते हैं। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं, तहसील कर्मचारियों, वादकारियों और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं तथा अपने परिजनों और परिचितों को भी इसकी जानकारी दें। कार्यक्रम में खजनी के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) आनंद कटारिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकाधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है।

## कावड़ियों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया भव्य स्वागत



**मनकापुर गोण्डा:** गोंडा जिले के विधानसभा क्षेत्र गौरा का विकासखंड बभनजोत (गौरा चौकी चौराहा) पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल अपने सहयोगियों संग पहुंच कर सिद्धार्थनगर से पधारे शिव भक्तो (कांवरियों) पर पुष्प वर्षा कर स्वागत-अभिनंदन किया गया एवं उनके जलपान कराकर रवाना किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने कहा कि यह हमारे सनातन धर्म एवं संस्कृति का प्रतीक है। सच्चे मन से काँवड़ यात्रा करने से बाबा भोले नाथ की हमेशा कृपा बनी रहती है और बाबा भोलेनाथ अपने भक्तो की हर इच्छाए पूरी करते है साथ ही साथ बाबा भोले नाथ से प्रार्थना करते हूए कहा कि सभी शिव भक्तो पर बाबा की कृपा बनी रहे और सभी के जीवन मे बाबा सुख समृद्धि प्रदान करे यही हमारी भोले नाथ से प्रार्थना है।

# शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** सावन माह के पावन पर्व के प्रथम सोमवार को क्षेत्र के ऐतिहासिक व पौराणिक महरी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के गूंजायमान जयकारों से सराबोर हो उठा। परसामलिक थाना क्षेत्र के महरी गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर लगभग 400 वर्ष पुराना है, जिसके प्रति संपूर्ण क्षेत्र के वासियों की अगाध श्रद्धा और अटूट विश्वास जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से मन्नत मांगता है भगवान भोलेनाथ उसकी झोली अवश्य भरते हैं। सोमवार को महरी, घोड़हवा पिपरहवा, सेखुआनी, लुठहवा, बेलभार, मनिकौरा, शंकरपुर, शिवपुरी, तरैनी, घोड़हिया, पिपरहिया, परसामलिक, बिशुनपुरा, असुरैना, पड़ौली, बभनी, निपनिया, पेड़ारी, पिपरवास और रेहरा सहित दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर व्यवस्थापकों और मुस्तैद पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं को कतारों में खड़ा कराया गया, जिसके बाद सभी ने अनुशासित ढंग से भगवान आशुतोष के दर्शन-पूजन किए और जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस धार्मिक अनुष्ठान और व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध पासवान, उपाध्यक्ष उमेश यादव, कोषाध्यक्ष हरिप्रसाद यादव और ग्राम प्रधान अशोक यादव ने मुख्य



भूमिका निभाई। इसके साथ ही विनोद यादव, नरेन्द्र तिवारी, देवेन्द्र यादव, ज्ञानचंद यादव, राधेश्याम पासवान, शतीश पासवान सहित मंदिर समिति के तमाम पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक व्यवस्था संभालने में सक्रिय रहे। वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के लिए परसामलिक थाने की पुलिस टीम पूरे समय मंदिर परिसर में मुस्तैद दिखाई दी, जिससे मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# चोरी के सामान के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी में स्थित एक कुटिया से सामान चोरी कर भाग रहे एक शातिर और आदतन अपराधी को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोच लिया है। थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी 19 वर्षीय जमीरूल्लाह उर्फ जमीर पुत्र अख्तर अली गांव के बाहर कब्रिस्तान के पास स्थित एक कुटिया को निशाना बनाकर वहां से सामान समेटकर भाग गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को उसे एसएसबी रोड से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से कुटिया से चोरी किया गया सारा सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 और 317(2) के तहत मामला पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी स्थानीय थाने में पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6, एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(5) तथा बीएनएस की धारा 352 व 70(2) के तहत कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।इस संबंध में सेवतरी चौकी प्रभारी पवन कुमार राय ने बताया कि चोरी के सामान के साथ आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने शिव मंदिर पर करवाया हवन पूजन सुख शांति की कमना



**बरेली/ क्यों लड़ियां**- श्रवण मास के प्रथम सोमवार को क्यों लड़िया पुलिस ने थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर पर भव्य हवन पूजन का आयोजन किया गया यहां पर हवन यज्ञ संपूर्ण करने के लिए पंडित नरेंद्र शर्मा को बुलाया गया इस कार्यक्रम के आयोजन प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह इंस्पेक्टर क्राइम श्रवण कुमार। साथ अन्य समस्त पुलिस स्टाफ सहयोग में उपस्थित रहा यह पूजन 4:15 पर पंडित नरेंद्र शर्मा द्वारा प्रारंभ किया गया पुलिस ने यह हवन क्षेत्रीय एवं अपनी शांति के लिए आयोजित किया गया है यह कार्य पुलिस ने लंबे समय के बाद पुनः हवन करवाया गया है जिससे सभी को भोलेनाथ का आशीष प्राप्त होगा यहां पर उपस्थित यहां के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह इंस्पेक्टर क्रीम श्रवण कुमार उप निरीक्षक मुकेश कुमार नवीन कुमार समेत समस्त थाना स्टाफ उपस्थित था।

### पुलिस उपायुक्त यातायात ने किया आनंदेश्वर मंदिर का निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा श्रावण मास के प्रथम सोमवार दृष्टिगत बाबा आनंदेश्वर मंदिर (परमट) एवं जागेश्वर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मंदिर के आसपास की यातायात व्यवस्था , पार्किंग स्थलों , पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा आपातकालीन मार्गों का गहन अवलोकन किया गया व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम , सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनी रहे। महोदय द्वारा ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते हुए उन्हें आवश्यक यातायात संबंधी जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाए , जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता से अपने गंतव्य तक पहुँच सकें।

### एम डी जैन इंटर कॉलेज में 1500 विद्यार्थियों ने ग्रहण की नशा मुक्ति शपथ

**सिरसागंज:**- नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन और प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीरज कुमार जैन ने विद्यार्थियों को नशा के दुष्प्रभाव बताते हुए उनसे स्वंय को एवं अन्य को भी इससे बचाने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराते हुए कि मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वंय नशे का सेवन नहीं करूँगा, मैं अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करूँगा। मैं समझता हूँ कि नशा हमारे स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए हानिकारक है। मैं नशा मुक्त और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सहयोग दूँगा। मैं हर व्यक्ति को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने का प्रयास करूंगा। विद्यार्थियों द्वारा प्रतिज्ञा के तहत आज हम एकजुट होकर नशा मुक्त भारत के तहत यह प्रतिज्ञा लेते हैं कि न केवल अपने समुदाय, परिवार, दोस्तों को बल्कि स्वंय को भी नशा मुक्ति रखेंगे। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण परेशान

## कस्बे के पासी मोहल्ले के लोग पिछले पांच दिनों से भीषण गर्मी और अंधेरे से परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुकुरा खीरी**- ब्लाक बांकेगंज के कस्बा कुकरा में सावन के महीने में 5 दिनों से अंधेरे में डूबा पासी मोहल्ला, ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण परेशान है। पवित्र सावन माह के दौरान जहां एक ओर भक्ति और त्योहारों का माहौल है, वहीं कुकरा कस्बे के पासी मोहल्ले के लोग पिछले पांच दिनों से भीषण गर्मी और अंधेरे से जूझ रहे हैं। मोहल्ले में लगा बिजली का ट्रांसफार्मर पिछले 5 दिनों से फुका (खराब) पड़ा हुआ है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग की ओर से इसे बदलने या ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है।सावन के महीने में उमस भरी गर्मी की समस्या ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर दिया है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण मोहल्ले की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। बच्चों, बुजुर्गों तथा मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने के कारण रोजमर्रा के कामों में भारी दिक्कत आ रही है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना तुरंत संबंधित बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों को दी थी। इसके बावजूद 5 दिन बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की इस लापरवाही के कारण पूरा मोहल्ला अंधेरे में रहने को मजबूर है। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत निगम के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए सावन के इस पावन महीने में जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, अन्यथा वे प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### बिजली का करंट लगने से युवक की मौत



**बरेली/** बिजली के करंट लगने से हुई युवक की मौत विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी में प्रवीण कुमार पुत्र प्रताप सिंह 36 वर्षीय खेत पर सिंचाई कर रहा था इस समय प्रवीण कुमार को बिजली का करंट लग गया। जिसको उपचार के लिए ग्राम प्रधान वेदपाल सिंह कनौजिया उसे महानगर ले गए जहां ले जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया इसकी सूचना परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहरा मच गया बिजली विभाग की इस कथित लापरवाही। से पूर्व में भी कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं परंतु फिर भी बिजली विभाग सुधार लाने की नहीं सोच रहा है घटना से संबंधित जानकारी करना चाहा तो जे ई मोहित वर्मा में फोन नहीं उठाया बिजली विभाग के जे ई मोहित वर्मा की तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर बताया गया है मृतक प्रवीणकुमार का कोई भी विद्युत कनेक्शन नहीं है यह चोरी छुपे ट्रांसफार्मर से तार बांधकर मोटर चलाते थे।

## बाघ ने वनविभाग की टीम को खूब दिया चकमा बदला स्थान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**भदपुरा में फैली बाघ की दहशत वन विभाग ने भऊआ में लगाया पिंजरा 10 दिनों से बाघ ने विकासखंड भदपुरा में दस्तक दी तभी से यहां के ग्रामीण दहशत में अपना जीवन यापन कर रहे हैं कभी अमीर नगर तो कभी कुंवर पुर तुलसी पट्टी समेत अनेकों ग्रामों में देखा गया। अंततः उसने गांव भऊआ बाजार में इरशाद के घर पर ढाबा बोलकर उसके पांच बकरों की मौत के घाट उतार दिया पुलिस और वन विभाग मौके पर पहुंचा परंतु वन विभाग ने उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया है परंतु बाघ ने वन विभाग की टीम को चकमा देकर खिसक लिया और वह वहां से चलकर देव नदी के तट पर बसे गांव सिलरा के गन्ना में आकर रुक गया। जिसका ग्रामीणों द्वारा फोटो लिया गया वन विभाग की टीम इस बाघ को पकड़ने में नाक के चना चबा रही है परंतु वह प्रत्येक दिन अपना स्थान बदलकर अपना रास्ता चुन रहा है जिसके कारण वन विभाग से लेकर ग्रामीण सभी चिंतित हैं मगर इस बाघ पकड़ने लिए लिए वन विभाग पूरी कोशिश कर रहा है परंतु भाई टीम की पकड़ से बाहर है।

## कृषक गोष्ठी में किसानों को मोटे अनाज की खेती के प्रति किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत सोमवार को खंड विकास कोंच कार्यालय परिसर में कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मोटे अनाज (मिलेट्स) की खेती के प्रति जागरूक करना और आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण सत्र में विषय वस्तु विशेषज्ञ केशवेंद्र सिंह एवं संजीव कुमार ने उपस्थित किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो और सांवा जैसी पोषक एवं कम लागत वाली फसलों की खेती के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिलेट्स की फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं और बदलते मौसम की परिस्थितियों में अन्य फसलों की तुलना में अधिक टिकाऊ साबित होती हैं। बाजार में इनकी बढ़ती मांग किसानों के लिए बेहतर आय का अवसर प्रदान कर रही है। विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोगों से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी भी दी। इसके अलावा सरकार द्वारा मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कृषि विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मिलेट्स की खेती, किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में मोटे अनाज की खेती अपनाने का आह्वान किया, ताकि कृषि को लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके। कार्यक्रम में कृषि बीज गोदाम प्रभारी प्रफुल्ल सिंह, रामजीवन मिश्रा सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

### पाइपलाइन डाले जाने के लिए खोदी गई सड़क आवागमन में खड़ी कर रही बाधा

**कोंच(जालौन)**- शासन की नमामि गंगे अमृत योजना के तहत कस्बे में सिंहवाहिनी मंदिर से लेकर मरई माता मंदिर तक पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई किए जाने के बाद भी अब तक पाइपलाइन नहीं डाली गई है। खुदाई के चलते सड़क को लंबे समय से क्षतिग्रस्त हालत में छोड़ दिए जाने से आसपास के बाशिंदों को आवागमन में बारिश के इन दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मूलभूत समस्या को लेकर नगर पालिका सभासद महेंद्र कुशवाहा ने एसडीएम अभिनव कुमार को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। सभासद ने एसडीएम को दिए अपने शिकायती पत्र में कहा कि लंबे समय से खुदी पड़ी सड़क पर लोगों का पैदल चलना भी किसी खतरे से कम नहीं है।

महिलाओं, बच्चों और बूढ़ों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन अभी तक न तो पाइपलाइन डाली जा सकी है और न ही सड़क की मरम्मत की जा सकी है। वहीं मामले को लेकर एसडीएम ने कहा है कि संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा और इसके तत्काल बाद सड़क की मरम्मत भी कराई जाएगी ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## राजकीय बाल गृह पहुंचे डीएम संतोष कुमार शर्मा, किया संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह में रह रहे बच्चों की देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आवासीय व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया गया कि वर्तमान में बाल गृह में 50 बालक आवासित हैं। जिलाधिकारी ने बच्चों के बीच पहुंचकर आत्मीय वातावरण में उनसे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने यहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। वहीं कुछ बच्चों ने अपने माता-पिता के पास जाने की इच्छा भी व्यक्त की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन बच्चों के परिजनों का पता उपलब्ध हो सके, उन्हें नियमानुसार उनके परिवार से मिलाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए। बाल गृह के कर्मचारियों ने बताया कि यहां नियमित रूप से चिकित्सकों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। जिलाधिकारी ने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। बाल गृह में बच्चों की काउंसलिंग कर रहीं नीलम भारती ने बताया कि बच्चों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए नियमित परामर्श दिया जाता है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सीखने-समझने की प्रक्रिया सरल, सहज और प्रेरणादायी होनी चाहिए, ताकि वे अपनों से बिछड़ने के दर्द से उबरकर मानसिक रूप से मजबूत बन सकें। उन्होंने बताया कि बाल गृह में 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि बाल गृह का उद्देश्य केवल बच्चों को आश्रय देना नहीं, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि ये बच्चे देश का भविष्य हैं और इन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सबसे अधिक स्नेह, अपनापन और सहानुभूति की आवश्यकता है। संवेदनशील व्यवहार से ही बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि साथी क्षेत्र में निर्माणाधीन नवीन बाल गृह शीघ्र ही पूर्ण होने के बाद बच्चों को वहां स्थानांतरित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फिरोजाबाद में जब्त खाद्यान्न की होगी सार्वजनिक नीलामी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मा0 न्यायालय जिलाधिकारी फिरोजाबाद के वाद संख्या 1333/2023 राज्य सरकार बनाम अजय कुमार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 03 अप्रैल 2025 तथा वाद संख्या 980/2023 राज्य सरकार बनाम सचिन राठौर में पारित आदेश दिनांक 01 मई 2026 के अनुपालन में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के अंतर्गत जब्त खाद्यान्न की सार्वजनिक नीलामी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुसार लगभग 50-60 किलोग्राम भार वाले 108 कट्टे चावल, लगभग 45-50 किलोग्राम भार वाले 38 कट्टे चावल तथा 1 कट्टा गेहूँ को जब्त किया गया है। इन खाद्यान्नों की नीलामी उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में गठित नीलामी समिति द्वारा कराई जाएगी तथा प्राप्त धनराशि निर्धारित लेखा शीर्षक में जमा कराई जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार कृषि उत्पादन मंडी समिति, फिरोजाबाद में जब्त खाद्यान्न के सैंपल के आधार पर मंडी के निर्धारित मूल्य पर सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त 2026 सायं 5:00 बजे निर्धारित की गई है, जबकि नीलामी 25 अगस्त 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित होगी। नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को निर्धारित धनराशि जमा करने के बाद खाद्यान्न सुपुर्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीलामी आवेदन पत्र किसी भी कार्यदिवस में जिला पूर्ति कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र स्वप्रमाणित आवश्यक अभिलेखों सहित 24 अगस्त 2026 सायं 5:00 बजे तक जिला पूर्ति कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। नीलामी की विस्तृत शर्तें जिला पूर्ति कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध हैं।

## शिवालयों में उमड़ी शिवभक्तों की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- गत 30 जुलाई से आरंभ भोलेनाथ को समर्पित श्रावण मास के पहले सोमवार को यहां शिवालयों में महिला-पुरुष शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी जिन्होंने भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर घर-परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। ब्रह्ममुहूर्त में ही महिलाओं युवतियों एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने स्नानादि से निवृत होकर साफ वस्त्र धारण कर शिवालयों की ओर रुख कर दिया था। प्रसिद्ध भूतेश्वर मंदिर, मारकंडेश्वर मंदिर, बख्शेश्वर मंदिर, आनंदेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, पठेश्वर मंदिर, रामकिशुन की बगिया स्थित शिव मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर नईबस्ती समेत अन्य सभी शिव मंदिरों में पहुंचकर शिवभक्तों ने 'बम बम भोले' और 'हर हर महादेव' के जयकारों के बीच भोलेनाथ का अभिषेक कर दीप प्रज्वलित किया और बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, गंगाजल, दुग्ध, चीनी, केसर, इत्र, दही, घृत, चंदन, शहद, भांग आदि अर्पित कर शिव जी की स्तुति की। तमाम शिवभक्तों ने श्रावण मास के पहले सोमवार को उपवास भी रखा। कई घरों में रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया गया। श्रावण मास के पहले सोमवार पर शिवभक्तों ने शिव मंदिरों की व्यापक स्तर पर साफ सफाई कर भव्य सजावट की।

### ड्योढ़ी घाट की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत आज 03/08/2026 को सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्थाओ के द्रष्टि गत पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता,व अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी शिवा सिंह,, द्वारा थाना महाराज पुर क्षेत्र अंतर्गत ड्योढ़ी घाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया,, निरीक्षण के दौरान घाट परिसर,, प्रवेश एवं निकास द्वार, बैरिकेडिंग, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा डियुटी,जल पुलिस एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन जायज़ा लिया,डियुटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करने श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाएं रखने के लिए निर्देशित किया।

# कनासी गांव में फांसी पर लटके मिले शव मामले में दर्ज हुई एफआईआर

### एफआईआर की मांग को लेकर परिजनों ने लगाया था जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**- नदीगांव थाना क्षेत्र के कनासी गांव में शनिवार की रात एक युवक का शव घर के पास बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दिनेश का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कोंच-नदीगांव रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घंटों लगे रहे जाम को एफआईआर दर्ज होने के बाद ही हटाया जा सका। बता दें कि कनासी निवासी दिनेश उर्फ ईलू (32) का शव उसके घर के पास बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटका मिला था। सूचना पर नदीगांव थानाध्यक्ष राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शाम को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने नदीगांव रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ हत्या की कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। जाम की सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद रात में मौके पर पहुंचे, सर्किल के अन्य थानों की पुलिस फोर्स भी बुला ली गई थी। काफी देर तक पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग पर अड़े रहे। देर रात नदीगांव पुलिस ने जब एफआईआर दर्ज की तब कहीं जाकर जाम खुल सका। गौरतलब है कि परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, दिनेश अपने मित्र रमेश निवासी धनौरा के साथ दिल्ली में काम करता था। बताया गया कि 25 जुलाई को दिल्ली में शराब पार्टी के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद रमेश ने आत्महत्या कर ली थी। रमेश के परिजनों ने दिनेश पर आरोप लगाए थे कि उसकी वजह से रमेश ने यह कदम उठाया। बताया गया कि रमेश के अंतिम संस्कार के बाद धनौरा गांव में पंचायत हुई, जिसमें दिनेश से चार लाख रुपये देने की बात कही गई थी। इसके बाद रविवार को गांव में ग्राम प्रधान के घर दोबारा पंचायत लगाई गई, जिसमें दिनेश के परिजनों ने पैसे देने से मना कर दिया तो पंचायत कर्ताओं ने आपा खो दिया और जमकर मारपीट की। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि पंचायत के बाद युवक गुस्से में घर से निकल गया था। घटना के बाद परिजनों ने जिला पंचायत सदस्य सहित कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी जिसमें कहा गया कि एक जिला पंचायत सदस्य और कुछ अन्य लोग लगातार उस पर चार लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपये न देने पर उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**बोले सीओ, तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है**

सीओ परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे की जांच की जा रही है, जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**चार लाख रुपये की मांग पर बिगड़ी बात, दिनेश को कार में डालने का आरोप**

परिजनों के अनुसार, शनिवार को गांव के प्रधान के घर पर बुलाई गई पंचायत में चार लाख रुपये देने से इंकार करने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पंचायत में मौजूद लोगों ने दिनेश के साथ गाली-गलौज की, उसे पकड़कर मारपीट की और जबरन चार पहिया वाहन में डालने का प्रयास किया। परिजनों ने हस्तक्षेप कर दिनेश को छुड़ाया तो आरोपितों ने उसके रिश्तेदारों और अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा। परिजनों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पानकुंवर के पति दीने के घर पर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में प्रधान पति दीने, जिला पंचायत सदस्य संजू, अटरिया निवासी करन, चंदुर्रा निवासी धनपाल और धनौरा निवासी राजेश समेत दोनों पक्षों के करीब 50 लोग मौजूद थे। आरोप है कि पंचायतकर्ताओं ने कई बार फोन कर दिनेश के परिजनों को बुलाया और उन पर चार लाख रुपये देने का दबाव बनाया। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

# चकेरी के श्यामनगर में दिनदहाड़े घर में लूट-पाट

### गन प्वाइंट पर महिलाओं को बंधक बनाकर की 8 लाख की लूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के श्यामनगर में आज दिनदहाड़े तीन अज्ञात बंदूकधारियों ने एक घर में दो लोगों को बंधक बना कर लूट-पाट की और वो लगभग 8 लाख रुपए की ज्वैलरी नकदी लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना पाते ही एडीसीपी, एसीपी व डीसीपी पूर्वी घटना स्थल पर पहुंचे और गहनता से जांच की। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं और सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि आज दिनांक 3.08.2026 को थाना चकेरी क्षेत्र के श्यामनगर में दोपहर लगभग 12:00-12:30 बजे तीन अज्ञात युवक बाइक से आकर एक घर में घुसे और घर में मौजूद लगभग 45 वर्षीय महिला एवं करीब 17 वर्षीय किशोर को किचन में बंद कर नकदी एवं आभूषण लूटकर फरार हो गए। घरेलू सहायिका के आने पर दोनों बाहर निकले और पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार लगभग 8 लाख मूल्य की नकदी एवं आभूषण (कुछ कृत्रिम आभूषण सहित) ले जाए गए हैं, जिसकी पुष्टि की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने कहा कि हाल में इस तरह की ये पहली घटना है। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस, एसीपी, एडीसीपी एवं फोरेंसिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर फिंगरप्रिंट एवं अन्य फोरेंसिक साक्ष्य संकलित किए गए हैं। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण कर आरोपियों की पहचान एवं उनके आने-जाने के मार्ग का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में गंभीर मारपीट की पुष्टि नहीं हुई है, केवल किशोर के हाथ में हल्की चोट होना सामने आया है। घटना के अनावरण हेतु पुलिस की विभिन्न टीमें सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। सभी तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## 5 से 18 अगस्त तक मिलेगा मुफ्त राशन

**फिरोजाबाद।** जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह अगस्त 2026 का खाद्यान्न 05 अगस्त से 18 अगस्त 2026 तक उचित दर की दुकानों के माध्यम से निःशुल्क वितरित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 21 किलोग्राम गेहूं एवं 14 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को उनके कार्ड से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 3 किलोग्राम गेहूं एवं 2 किलोग्राम चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न वितरण कार्य नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जाएगा। जिन उपभोक्ताओं का आधार प्रमाणीकरण किसी कारणवश नहीं हो पाएगा, उन्हें 18 अगस्त 2026 को मोबाइल ओटीपी के माध्यम से आधार ऑथेंटिकेशन कराकर खाद्यान्न वितरित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन प्राप्त करने से वंचित न रहे। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से अपील की है कि वे शासन द्वारा निर्धारित तिथियों के भीतर अपनी उचित दर की दुकान पर जाकर नियमानुसार निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करें।

# संक्षिप्त खबरें

## पांच पार्थिव शिवलिंग का हुआ अभिषेक

**चुनार, मीरजापुर।** श्रावण मास में उत्तर वाहिनी गंगा सेवा समिति द्वारा रविवार की शाम विश्व कल्याण हेतु गंगा तट पर पांच पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया।पंडित शिव कान्त पाठक द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अनिल मिश्रा ,राम विलास साहनी,किशन साहनी ,राम कृत ,सुधा साहनी ,श्रेया शुक्ला,श्वेता मिश्रा,मंजू शुक्ला प्राची, श्री कांति ,मंजू , मदन गुप्ता, पवन प्रजापति, प्रियांशु कुशवाहा,राम साहनी, मीना ,राज कुमारी , रोहित सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाइक से बाइक की टक्कर में युवक की मौत



**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर रविवार की शाम एक हृदय विदारक दुर्घटना हुई,जिसमें एक युवक को जान गंवानी पड़ी। अहरौरा के पट्टीखुर्द के समीप हाईवे पर आपस में दो बाइक टकरा गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार सोनभद्र की तरफ से आ रहे बाइक सवार खड़े ट्रक को बचाने के चक्कर में जैसे ही बगल से निकला गलत साइड से आ रहे बाइक में जबरदस्त भिड़ंत हो गया, जिसमें दिनेश कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम बसौली रावटसगंज की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार मौका देखकर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने मृतक के जेब में पड़े मोबाइल से परिजनो को संपर्क साधकर सूचना दिया, जिसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

## सुविधा शुल्क मांगने के आरोप में सिपाही निलंबित

**उन्नाव।** जनपद के बांगरमऊ थाने में तैनात आरक्षी मनीष कुमार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में सिपाही पर एक महिला से कार्रवाई के बदले 'खर्च-पानी' और पेट्रोल के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगाया गया था। मामले की प्रारंभिक जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल वीडियो में आरोप लगाया गया था कि बांगरमऊ क्षेत्र की एक महिला से छेड़छाड़ और घर में घुसकर मारपीट के मामले में कार्रवाई करने के एवज में आरक्षी ने रुपये की मांग की थी। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने जांच के आदेश दिए। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी (सीओ) बांगरमऊ हर्ष मोदी को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट में आरक्षी के आचरण को प्रथम दृष्टया कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का परिचायक बताया गया।

## मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना: 115 पात्र, लेकिन सिर्फ 28 को मिलेगा लाभ

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना के तहत जनपद में 31 जुलाई तक प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद 115 पशुपालकों को पात्र पाया गया है। लेकिन योजना के तहत केवल 28 लाभार्थियों का ही चयन किया जाना है। इससे बड़ी संख्या में पात्र आवेदकों के योजना से वंचित रहने की संभावना है, जिससे ग्रामीण पशुपालकों में निराशा और असंतोष देखने को मिल रहा है। जनपद की 1037 ग्राम पंचायतों के मुकाबले मात्र 28 लाभार्थियों का चयन किए जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इतनी कम संख्या में चयन होने से अधिकांश पात्र पशुपालक योजना का लाभ नहीं उठा सकेंगे। उनका मानना है कि यदि सरकार वास्तव में पशुपालन को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना चाहती है, तो लाभार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी की जानी चाहिए। इस मुद्दे पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल ने कहा कि किसानों और पशुपालकों की आर्थिक उन्नति के नाम पर संचालित कई योजनाएं केवल औपचारिकता बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गौ संवर्धन योजना में भी पात्रों की तुलना में बेहद कम चयन इस बात का प्रमाण है। पशुपालकों ने शासन से मांग की है कि पात्र आवेदकों की संख्या को देखते हुए योजना का दायरा बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को इसका लाभ मिल सके और पशुपालन को आय का सशक्त माध्यम बनाया जा सके।

# शिवालयों में सुरक्षा व सुविधाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों का निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसरों, घाटों और श्रद्धालुओं के आवागमन मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी शुभम अग्रवाल ने बड़े शिव मंदिर, गोपीगंज, सीतामढ़ी धाम (थाना कोइरौना) तथा सीतामढ़ी घाट/गंगा घाट क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, दर्शन मार्ग, बैरिकेडिंग व्यवस्था, पार्किंग स्थल, घाटों की स्थिति, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, संवेदनशीलता और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, सुगम दर्शन व्यवस्था, यातायात संचालन, महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

एएसपी ने श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली और उन्हें शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से दर्शन-पूजन करने की अपील की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और सभी व्यवस्थाओं पर लगातार निगरानी रखी जाए। पुलिस विभाग की ओर से बताया गया कि श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जनपद के सभी प्रमुख शिव मंदिरों, धार्मिक स्थलों और गंगा घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि भक्त शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें।

## डीएम के निर्देश पर तैयार हुआ वैकल्पिक मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** रॉबर्ट्सगंज से पन्नूगंज जाने वाले प्रमुख मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ओवरब्रिज के निर्माण पूर्ण होने के उपरांत इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो जाएगा तथा रेलवे फाटक पर रुकने की आवश्यकता समाप्त होने से दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी। निर्माण कार्य के तहत रेलवे क्रॉसिंग क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी कार्य किए जाने के कारण दोनों ओर अस्थायी अवरोध लगाकर कार्य कराया जा रहा था, जिससे आमजन के आवागमन में कुछ असुविधा उत्पन्न हुई। इस स्थिति का संज्ञान जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने तत्काल लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आमजन के निर्बाध आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार कराया गया। यह वैकल्पिक मार्ग सीमेंट एवं कंक्रीट (सीसी) से निर्मित किया गया है, जिससे अब वाहनों का आवागमन सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है। तैयार किए गए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण उप जिलाधिकारी सदर आशीष कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था निरंतर सुचारु बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ जारी है। निर्माण कार्य के दौरान भी आमजन की सुविधा, सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।यदि चाहें तो इसमें यह भी जोड़ा जा सकता है कि वैकल्पिक मार्ग पर हल्के एवं भारी दोनों प्रकार के वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया है।

## घर से निकलीं तीन सहेलियों का लोकेशन गुड़गांव में मिला

### घंटे में पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र से लापता हुई तीन सहेलियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गुड़गांव सेक्टर-81 से सकुशल बरामद कर लिया है थाना लालगंज पर रविवार को एक महिला ने लिखित सूचना दी कि उसकी पुत्री शनिवार को अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी सूचना पर थाना लालगंज पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की विवेचना के दौरान पता चला कि तीनों लड़कियां गुड़गांव सेक्टर-81 पहुंची थीं। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय पुलिस की मदद से 24 घंटे के अंदर तीनों को बरामद कर लिया।पुलिस के अनुसार तीनों लड़कियों को सकुशल मीरजापुर वापस लाने की कार्रवाई की जा रही है। बरामदगी के बाद परिजनों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है फिलहाल पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है कि तीनों किन परिस्थितियों में घर से निकली थीं।

## शिवद्वार मंदिर पहुंचे एसपी, सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** श्रावण मास के दौरान शिवद्वार मंदिर में दर्शन-पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन के दृष्टिगत सोमवार दिनांक 03.08.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत स्थित शिवद्वार मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मंदिर परिसर एवं आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की चेकिंग की गई तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के साथ-साथ ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की गई।उन्होंने निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग तथा आसपास के क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखी जाए। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भीड़ एवं यातायात का सुचारु प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए।



पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी करने, श्रद्धालुओं के साथ विनम्र एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रावण मास के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

## श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर प्रशासन ने संभाला मोर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर जिले के प्रमुख शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरे दिन मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन, पेयजल, बैरिकेडिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। जनपद के प्रमुख शिवालयों और कांवड़ मार्गों पर पर्याप्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई। श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, सुचारु यातायात संचालन तथा शांतिपूर्ण जलाभिषेक के लिए व्यापक इंतजाम किए गए। मंदिर परिसरों में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण दीक्षित ने बड़े शिव मंदिर गोपीगंज, सेमराधनाथ धाम तथा हरिहरनाथ मंदिर, ज्ञानपुर का क्षेत्राधिकारी, पुलिस बल, अधिशासी अधिकारी, मंदिर समिति एवं अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई और श्रद्धालु शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में भगवान शिव का जलाभिषेक करते रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। मंदिर परिसरों और कांवड़ मार्गों पर सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की सतत निगरानी रखी जाए। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन और पुलिस द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## राजस्व वसूली में लापरवाही पर डीएम सख्त, वेतन रोकने की चेतावनी

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को लक्ष्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगस्त माह के अंत तक वार्षिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत पूरा नहीं करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर वेतन भी रोका जाएगा। डीएम ने बड़े बकायेदारों से वसूली तेज करने, लंबित राजस्व वादों के निस्तारण और धारा-24, 34 व 116 के मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों की नियमित उपस्थिति और फार्मर आईडी कार्य को जल्द पूरा कराने को भी कहा। व्यापारियों ने मंत्री से मांग की कि उक्त भवन का पुनर्निर्माण कराकर दुकानदारों को उनकी दुकानें और बच्चों को प्राथमिक विद्यालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष घनश्याम दास गुप्ता, बृजेश गुप्ता, अश्विनी अग्रवाल, बिंदेश गुप्ता, कल्लू अग्रवाल, दामोदर अग्रहरि, राहुल चौबे सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# बंदर सामने आने से पलटा टेंपो, शिक्षामित्र की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक शिक्षामित्र की मौत हो गई, जबकि टेंपो में सवार कई अन्य यात्री घायल हो गए। बताया जा रहा है कि रास्ते में अचानक बंदर सामने आ जाने से चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा दुबई स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत 43 वर्षीय शिक्षामित्र श्याम दुलारी पत्नी बच्चू लाल अपनी देवरानी की मेडिकल जांच कराने के बाद लालगंज से टेंपो द्वारा घर लौट रही थीं। नेहरैया-सातनपुर के पास अचानक एक बंदर सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के दौरान कई सवारियां टेंपो से नीचे गिर गईं। इसी बीच टेंपो का एक पहिया श्याम दुलारी की गर्दन पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अन्य कई यात्री भी घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

परिजन घायल शिक्षामित्र को तत्काल लालगंज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची लालगंज कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका अपने पीछे एक विवाहित बेटी और एक पढ़ाई कर रहे बेटे को छोड़ गई हैं। उनके पति मेरठ में वाहन चालक हैं। लालगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## शराब की दुकान बंद कराने हेतु महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन



**चुनार, मीरजापुर।** थानान्तर्गत बसारतपुर गांव की महिलाओ ने गलत स्थान पर खोले गये सरकारी शराब की दुकान को लेकर सोमवार को तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी अनेग सिंह को ज्ञापन सौपते हुए कही कि शराब की दुकान मोलनापुर के लिए स्वीकृत हुई है लेकिन गलत चौहद्दी पर मिल्कीपुर मे दुकान खोलकर बेची जा रही है।

और जिस स्थान पर शराब बेची जा रही है वह स्थान नक्शे मे चक मार्ग है जिसकी पैमाइस कराना अत्यन्त जरुरी है, ग्रामीणो ने यह भी आरोप लगाया है कि नियम के विपरित खुले आम चौबीस घंटे शराब की बिक्री की जा रही है। मांग किया है कि संचालित शराब को बन्द करायी जाय। इस दौरान बेबी, प्रियंका देवी, अनीता, विट्टो देवी, माला, गुंजा, गुजराती देवी, उर्मिला देवी सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## बीआरसी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुरियावां (भदोही)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) सुरियावां में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफ.एल.एन. (Foundational Literacy and Numeracy) एवं एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम दिवस उत्साह एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी श्री चन्द्रशेखर आजाद के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षता से सशक्त बनाना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण से प्राप्त नवीन शिक्षण तकनीकों, गतिविधि आधारित शिक्षण एवं एनसीईआरटी की अवधारणाओं को प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करें, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। ' उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र में सक्रिय सहभागिता करते हुए नवाचारों को अपनाने तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण विकसित करने का आह्वान किया।

प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों एवं एआरपी द्वारा एफ.एल.एन. की अवधारणा, निपुण लक्ष्यों, एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी उपयोग, गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम के प्रयोग तथा बच्चों के अधिगम मूल्यांकन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने समूह कार्य, प्रस्तुतीकरण एवं संवादात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीआरसी सुरियावां के एआरपी देवेन्द्र कुमार मिश्र, भास्करानंद मिश्र, सन्तोष कुमार एवं केआरपी भोलानाथ सरोज, वेद प्रकाश रघुवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रशिक्षण के आगामी चार दिनों में शिक्षकों को विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर व्यवहारिक एवं गतिविधि-आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया और अधिक प्रभावी एवं बाल-केंद्रित बन सके।

## आया सावन झूम के' कार्यक्रम में दिखी हरियाली और संस्कृति की झलक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सावन माह के पावन अवसर पर आयोजित 'आया सावन झूम के' सावनोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने हरियाली के प्रतीक हरे रंग के परिधानों और सोलह श्रृंगार के साथ शामिल होकर भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद सावन के लोकगीत, झूला, नृत्य और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को आनंदमय बना दिया। विशेष रूप से बनारसी कजरी गीत 'पिया मेहंदी लिया दा मोती झील से, जा के साइकिल से ना...' की प्रस्तुति को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। गीत की मधुर धुन पर महिलाएं झूम उठीं।

इस अवसर पर महिला भूमिहार समाज की संस्थापिका डॉ. राजलक्ष्मी राय ने सावन के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय परंपराओं को जीवंत रखने का माध्यम हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण करने और प्रकृति की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उर्वशी, पूनम, प्रिया, मधु पाण्डेय, प्रीति पाण्डेय, विभा, उपासना, कुसुम, अनिता, रीता, विद्योतमा, नीलम राय, दीप्ति, पुष्पा, नमिता, रीना, सुमन, अर्चना, नीलम, कुसुम शर्मा, मंजूषा, दीपाली, विनीता, किरन, श्वेता, नीतू, रुक्मणी, मनीषा, अल्पना, सीमा, दिव्या, सुनीता, साधना, कामिनी, कविता, मीरा, योजना, श्यामा, अलका, कल्पना सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इसके अलावा डॉ. ऋचा और प्रियंका शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।




सावनोत्सव में महिलाओं ने लोकगीत, नृत्य और तीज प्रतियोगिता से बांधा समां

## विवेकानंद युवा पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

### 06 अगस्त 2026 तक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं आवेदन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि वर्ष 2025-26 के लिए राज्य स्तरीय विवेकानन्द युवा पुरस्कार (व्यक्तिगत श्रेणी) हेतु पात्र युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद से पात्र युवाओं के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने हैं। इच्छुक एवं पात्र युवा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले युवाओं को प्रदान किया जाता है। इसके अंतर्गत खेलकूद, सामाजिक सेवा, वृक्षारोपण, परिवार कल्याण, रक्तदान, नशामुक्ति, जल संरक्षण, पुस्तकालय संचालन, जैविक खेती, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, मतदाता जागरूकता, स्वास्थ्य, अनुसंधान, कला, संस्कृति, साहित्य, मानवाधिकार, पर्यटन, पारम्परिक चिकित्सा, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल एवं शैक्षिक उत्कृष्टता सहित विभिन्न क्षेत्रों में विगत तीन वर्षों (01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक) के उत्कृष्ट कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। पुरस्कार हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का उत्तर प्रदेश का नागरिक होना आवश्यक है तथा उसकी आयु 01 जनवरी के अनुसार 15 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक द्वारा विगत तीन वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किया गया हो। यह पुरस्कार जीवनकाल में केवल एक बार प्रदान किया जाएगा। केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों, विश्वविद्यालयों तथा विद्यालय/महाविद्यालयों में कार्यरत सरकारी सेवक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र के साथ आवश्यक अभिलेखों की मूल एवं तीन प्रतियाँ 06 अगस्त, 2026 तक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी कार्यालय, विकास भवन, सोनभद्र (कक्ष संख्या-68) में जमा कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर अंगदाता सम्मान समारोह आयोजित

**उन्नाव।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल में लाइफ सेवर्स एवं श्री सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में 'अंगदान जीवन संजीवनी अभियान' के अंतर्गत अंगदान जागरूकता एवं अंगदाता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंगदान के लिए अपनी सहमति देने वाले लोगों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि 'अंगदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। धन-संपत्ति और अन्य वस्तुएं समय के साथ समाप्त हो जाती हैं, लेकिन किसी के लिए किया गया अंगदान उसे नया जीवन दे सकता है।' उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अंगदान के प्रति जागरूक होने और इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अंगदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का महान संकल्प है। समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। चेतन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति का कार्यक्रम जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनाओं की आवेदन एवं सत्यापन संबंधी विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी गई है। जारी कार्यक्रम के अनुसार विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार एवं अद्यतन करने की अवधि 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विद्यालयों की मान्यता, स्वीकृत सीटों एवं प्रोफाइल का सत्यापन एवं लॉक करने की प्रक्रिया 23 जुलाई से 9 अगस्त तक पूरी की जाएगी।

कक्षा 10 एवं 12 के नवीनीकरण (रिन्यूअल) श्रेणी के छात्र-छात्राएं 11 अगस्त से 25 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर उसकी हार्डकॉपी संबंधित विद्यालय में जमा करेंगे। विद्यालय स्तर पर इन आवेदनों की जांच, सत्यापन तथा अग्रसारण की प्रक्रिया 11 अगस्त से 30 अगस्त तक चलेगी। वहीं कक्षा 9 एवं 11 के नवीन छात्र-छात्राएं 11 अगस्त से 21 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन पत्र की हार्डकॉपी 12 अगस्त से 5 अक्टूबर तक संबंधित विद्यालय में जमा करनी होगी। विद्यालयों द्वारा इन आवेदनों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण 13 अगस्त से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने सभी पात्र छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन से निर्धारित समय-सारिणी का पालन करते हुए समय से आवेदन प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की है, ताकि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## प्रयागराज में 8 अगस्त को जुटेंगे भदोही के छात्र

**भदोही।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी 8 अगस्त 2026 को प्रयागराज के केपी ग्राउंड में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में जनपद भदोही से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी प्रदेशभर से पहुंचे छात्रों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को लेकर जिले के छात्रों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। भदोही से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है और हजारों की संख्या में प्रयागराज पहुंचने की तैयारी की जा रही है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि यह कार्यक्रम शिक्षा, रोजगार, पेपर लीक और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इसमें छात्रों की समस्याओं और उनके अधिकारों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामले, बेरोजगारी और भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं से युवा परेशान हैं। ऐसे में यह कार्यक्रम छात्रों की आवाज को प्रमुखता से उठाने का मंच बनेगा। युवा कांग्रेस और अन्य संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## गैस एजेंसी तोड़फोड़ मामले में चार दिन बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

**बस्ती।** लालगंज स्थित उदय एचपी गैस एजेंसी में हुई तोड़फोड़ और मारपीट की घटना के चार दिन बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बावजूद पुलिस मामले की जांच में जुटी है। एजेंसी प्रबंधक धीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई को 15-20 लोगों ने एजेंसी में घुसकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और कंप्यूटर, फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरा व कैश काउंटर सहित अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी। घटना में एजेंसी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला मजिस्ट्रेट ने 05 गुण्डों को किया जिला बदर

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने के साहस नहीं करता है, ऐसे 05 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक पाण्डेय ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होंने थाना कोतवाली नगर अन्तर्गत 05 व्यक्तियों क्रमशः रंजीतपुर चिलबिला के फिरोज पुत्र इलियास व खुर्शीद पुत्र इलियास, स्टेशन रोड जैन गली के तनवीर अख्तर पुत्र मो0 अख्तर, रंजीत सिंह पुत्र देवेश सिंह तथा इरशाद अहमद पुत्र मो0 शरीफ को 6 माह के लिये जिला बदर किया है।

### प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर दो एसडीएम का स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** जनपद में प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय द्वारा दो उप जिलाधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है। उन्होंने अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) प्रतापगढ़ के पद पर कार्यरत विमल कुमार को अब उप जिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के पद पर तैनात किया है तो वहीं उप जिलाधिकारी (न्यायिक) लालगंज के पद पर कार्यरत जितेन्द्र कटियार को अपर उप जिलाधिकारी (द्वितीय) प्रतापगढ़ का दायित्व सौंपा गया है।

### झारखंडी महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**सिद्धार्थनगर।** सावन माह के पहले सोमवार को उसका बाजार कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भक्तों की सुबह से ही काफी भीड़ रही। नमः शिवाय, हर हर महादेव के जयघोष के बीच लोगों ने जलाभिषेक कर सुख शांति की बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना किया। झारखंडी महादेव मंदिर महदेवा राय में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन, पूजन एवं जल अभिषेक किया। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, मधु, रोली, चंदन, पुष्प, बेलपत्र, द्रव्य, दक्षिणा आदि अर्पित कर पूजा किया। नगर पंचायत अध्यक्ष मंजू जायसवाल एवं उनके पति हेमंत कुमार जायसवाल ने भी क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ दर्शन एवं पूजा किया। कस्बा अंतर्गत स्थित प्राचीन शिवमन्दिर में भी भारी संख्या में लोगों ने सावन के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना किया। क्षेत्र के केवटलिया, कर्मा, सुगही, ऊटिया, उसकी, उसका राजा में भी भक्तों ने शिवमन्दिर में पूजा करके सुखमय जीवन का आशीर्वाद मांगा। अनेक श्रद्धालुओं ने अपने घर एवं मंदिरों में रुद्राभिषेक भी कराया।

### मिशन शक्ति व ऑपरेशन मजनू अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**महराजगंज/रायबरेली।** 03 अगस्त 2026। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं ऑपरेशन मजनू के तहत सोमवार को थाना महाराजगंज की एंटी रोमियो टीम ने राजा चंद्रचूड़ सिंह विद्यापीठ इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ अथवा उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्राओं के बीच महिला सुरक्षा संबंधी पंपलेट एवं बुकलेट वितरित किए गए तथा विद्यालय परिसर में जागरूकता संबंधी पोस्टर भी लगाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें अपने अधिकारों एवं उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देना रहा। यह अभियान एंटी रोमियो टीम, थाना महाराजगंज, जनपद रायबरेली द्वारा संचालित किया गया।

## जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में छूट रहे पसीने

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी जगह अब जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना टेढ़ी खीर हो गया है। लोग चाहे जितना हाथ पांव मारे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार शासन के नए आदेश से अब केवल 21 दिन के अंदर जन्म या मृत्यु का आवेदन करने पर आसानी से ही उक्त प्रमाण पत्र बन पा रहा है लेकिन अगर किसी ने लेट किया,तो फिर दौड़ लगाते रहिए,इस समय अगर किसी ने 21 दिन के बाद जन्म ,मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है तो उसको महीने दौड़ लगानी पड़ रही है,नए नियम के तहत 21 दिन तक सचिव के माध्यम से बनेगा और 30 दिन तक एडीओ पंचायत तथा 30 दिन से ऊपर एक साल तक डीपीआरओ और एक साल से अधिक होने पर उपजिलाधिकारी के यहां से ही जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होगा। इसी जानकारी के अभाव में लोग जन्म मृत्यु होने पर घर बैठ जाते है, और जब ब्लॉक का चक्कर लगाते है।तभी उनको असली चीज का पता चलता है।सबसे ज्यादा दिक्कत आधार कार्ड बनवाने वाले बच्चों को हो रही है।

वे जब भी आधार बनाने वाले सेंटर पर जाते है। तो जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है।जिसके न होने की वजह से छोटे छोटे बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पा रहा है। इस प्रकार तो गांव की गरीब भोली-भाली जनता काफी हैरान व परेशान हो रही है। कई ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगो को जानकारी नहीं थी। बच्चो का आधार कार्ड बनवाना है। अब जन्म प्रमाण पत्र ही नहीं बन पा रहा है। काफी भागदौड़ लगानी पड़ रही है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सदानन्द वर्मा का कहना है कि जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए 21 दिन के अंदर आवेदन कर देना चाहिए। अन्यथा प्रकिया आगे बढ़ने पर समय तो लगेगा ही। जिसमें लोगों को भाग दौड़ करना स्वाभाविक है।

## सावन के प्रथम सोमवार पर चिलबिला हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सावन माह के प्रथम सोमवार पर चिलबिला स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और कांवरियों की लंबी कतारें मंदिर में दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए लगी रहीं।श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भगवान शिव का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के पावन अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं और कांवरियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंदिर समिति के पदाधिकारी, हनुमान भक्त तथा पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ सेवा में जुटे रहे। सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा। मंदिर समिति के महासचिव एवं समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सपत्नीक एवं अन्य श्रद्धालुओं के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर महाआरती की तथा प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि सावन भर चिलबिला हनुमान मंदिर परिसर में शिवभक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ रहती है।कांवरियों के ठहरने, विश्राम और अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष रामगोपाल उमरवैश्य, सुरेश अग्रवाल, सत्यप्रकाश केडिया, लालजी, सोनू महाराज, शनि महाराज, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, छोटेलाल सोनी, सूरज, आदर्श उमरवैश्य, सुरेश माली, पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, सचिन, सनी गुप्ता, अमर जायसवाल, सिद्धार्थ, आशीष, अमन गुप्ता, विवेक कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं एवं मातृशक्ति ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### श्रावण के प्रथम सोमवार को निकला भव्य जुलूस, वातावरण हुआ भक्तिमय

**बांसी (सिद्धार्थनगर)।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर संस्कार मित्र मंडली के तत्वाधान में शिवभक्तों ने भव्य एवं विहंगम जुलूस निकाला। इस दौरान पूरा नगर हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहा। कस्बे के सुरसा मंदिर से कावड़ियों का जलूस निकलकर राप्ती नदी पहुंचा जहां श्रद्धालु जल भर कर मंगल बाजार होते हुए प्रमुख शिव मंदिरो पर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद जुलूस कोतवाली परिसर में स्थित शिव मंदिर पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना किया। यहां से डीजे की धुन पर नाचते-गाते और झूमते हुए, हजारों भक्तों का सैलाब बऊरहवा बाबा मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया इसके बाद जुलूस पुनः सुरसा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में नगर क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। शिवभक्तों के स्वागत और सेवा के लिए पूरे जुलूस मार्ग में जगह-जगह नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पानी, शिकंजी, मिठाई और ताजे फल का स्टाल लगाया था।

### 25,000 का इनामी फरार अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी की तहरीर के आधार पर थाना कंधई पर अंतर्गत धारा 69/351(3) बीएनएस बनाम मुफीजु रहमान उर्फ मुफीज अहमद आदि पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान अभियुक्त फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000 रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था। इनामी वांछित अभियुक्त मुफीजु रहमान उर्फ मुफीज अहमद पुत्र मो0 इलियास, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी ग्राम गुतौली, थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत ईशनपुर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसके विरुद्ध थाना कंधई पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लुक-छिपकर रह रहा था। आज वह कहीं बाहर जाने के उद्देश्य से ईशनपुर ईदगाह के पास साधन का इंतजार कर रहा था, तभी पुलिस टीम द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## कोटेदार संघ के चुनाव में राजनारायण पाण्डेय बने ब्लॉक अध्यक्ष



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार में स्थित ब्लॉक कार्यालय के सभागार में सोमवार को आल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों के चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन के मंडल अध्यक्ष राज घर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय भान चौबे की देखरेख में सर्वसम्मति से राजनारायन पाण्डेय को ब्लॉक अध्यक्ष, तौलन को ब्लॉक उपाध्यक्ष, रघुवर को कोषाध्यक्ष, आदर्श गुप्ता को महासचिव, अकबाल को महामंत्री, हरिओम और सुनीता को सचिव, मन्नान को संगठन मंत्री, संजय पासवान और अनूप को मीडिया प्रभारी, धर्मेंद्र को प्रवक्ता के पद पर चुना गया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष संजय सहनी, अनिल मिश्र, धर्मराज, शिव पूजन, संजय श्रीवास्तव, दीपक मिश्र, मनीष आदि खुशी व्यक्त की और आशा किया है की सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कोटेदारो के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

## भाजपा प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का भव्य स्वागत

**» भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के कार्यालय पर उत्तर प्रदेश भाजपा के मुख्य प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह का प्रथम आगमन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं जयघोष के साथ उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के उपरांत कार्यालय में एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई।दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा आधार उसका समर्पित कार्यकर्ता है। संगठन की मजबूती, अनुशासन और संवाद हमारी प्राथमिकता है। सभी कार्यकर्ताओं के सुझावों का सम्मान किया जाएगा तथा संगठन हित सर्वोपरि रहेगा।

जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है जहां प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ना है।राकेश सिंह ने मुख्य प्रवक्ता के प्रथम आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह देखने को मिला। संगठनात्मक चर्चा सकारात्मक माहौल में हुई और सभी ने पार्टी हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष केके सिंह, हरि ओम मिश्र, स्वामी नाथ शुक्ल, जिला महामंत्री अजय वर्मा, राजेश सिंह एवं राजेश मिश्र राजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, छोटे सरकार, जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विद्यालय में लाखों के डिजिटल उपकरणों पर चोरों का हाथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुबना में अज्ञात चोरों ने विद्यालय के डिजिटल शिक्षण उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। विद्यालय में लगे स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल), मॉनिटर, यूएसबी वेब कैमरा तथा चार ब्लूटूथ हेडसेट चोरी होने के मामले में प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापिका पूजा सिंह, पत्नी जयनारायण सिंह, वर्तमान में पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कुबना में कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13/14 अप्रैल 2026 की रात अज्ञात चोर विद्यालय का ताला तोड़कर Acer ACTOS INP स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल), एक मॉनिटर, एक यूएसबी वेब कैमरा तथा चार ब्लूटूथ हेडसेट चोरी कर ले गए। अगले दिन 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विद्यालय पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई। काफी खोजबीन के बावजूद उपकरणों का कोई सुराग नहीं लग सका, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की।


पुलिस ने प्रधानाध्यापिका की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव ने बताया कि विद्यालय में हुई चोरी के मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।




## कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं, पीड़ित लगा रहा चक्कर

**» पीड़ित ने लगाई उप जिलाधिकारी से न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज (रायबरेली)।** विकासखंड क्षेत्र के पखनपुर गांव निवासी रविंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय बाबादीन ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर गांव के कुछ दबंगों द्वारा अवैध कब्जे के प्रयास किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने गांव के रामप्यारे पुत्र अल्पी, पल्टू पुत्र अल्पी, तथा रामकिशोर पुत्र महादेव के खिलाफ थुलेंडी चौकी, और उपजिलाधिकारी महराजगंज व तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रविंद्र कुमार के अनुसार उन्होंने अपनी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा दिलाए जाने के लिए 28 जून 2022 को उप जिलाधिकारी महराजगंज के न्यायालय में हथबरारी का वाद दायर किया था। मामले की सुनवाई के बाद उप जिलाधिकारी न्यायालय ने 14 जून 2023 को भूमि की पैमाइश, सीमांकन एवं पत्थरगड्डी कराने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में राजस्व निरीक्षक द्वारा भूमि का सीमांकन कर उसे चिन्हित भी कर दिया गया, लेकिन आज तक उन्हें जमीन पर वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका।

रविंद्र कुमार का आरोप है कि गांव के दबंगों के प्रभाव के कारण प्रशासनिक आदेश के बावजूद वह अपनी पुश्तैनी जमीन का कब्जा पाने से वंचित हैं। उनका कहना है कि आरोपित लगातार जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी संपत्ति को लेकर लगातार चिंता बनी हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन कराते हुए उन्हें उनकी पुश्तैनी भूमि पर कब्जा दिलाया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले में उप जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम का कहना है कि पीड़ित द्वारा तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया गया है हल्का लेखपाल राजस्व निरीक्षक को भेज कर जल्द ही मामले का निस्तारण किया जाएगा।

### प्राथमिक विद्यालय महानाग में गैस सिलेंडर चोरी




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महानाग में रसोई घर मे चोरी का मामला प्रकाश में आया है।जिसको लेकर शिक्षिका द्वारा तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात ग्राम महानाग स्थिति प्राथमिक विद्यालय में रसोई घर सिलेंडर चोरी किए जाने का आरोप लगाया गया है।शिक्षिका सुषमा कन्नौजिया ने सोमवार को लोटन कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि सुबह विद्यालय में पहुची तो देखी कि रसोई घर का ताला टूटा है। विद्यालय में रखा गैस सेलेंडर गयाब है आफिस का ताला भी टूटा था।बोरी में रखा चावल की चोरी करने का प्रयास चोरों द्वारा किया गया था। परन्तु किन्हीं कारणों से चावल की बोरी बारमदे में ही चोरों ने छोड़ दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी हरिओम कुशवाहा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई संत रविदास जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती प्रकाश पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल की ओर से समरसता एकता अभियान के तहत सोमवार को भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। जिसमें पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर, लोटन बाजार से शुरू हुई यात्रा में भाजपा लोटन मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, स्थानीय व्यापारियों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। कलश वंदन यात्रा लोटन बाजार से प्रारंभ होकर भरमी, बघेली, बघेला, मुड़िली एवं पननी होते हुए सिकरी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची।जहां विधि-विधान के साथ यात्रा का समापन हुआ। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा गुरु रविदास जी के बताए समता, सद्भाव और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।यात्रा के समापन के बाद श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, भाजपा लोटन मंडल अध्यक्ष डॉ. संजय शुक्ला, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष दुगनारायण सिंह, हेमंत सिंह, प्रशांत मिश्रा, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, रुद्र नारायण पाण्डेय, केशव वर्मा, अशोक सिंह,पीताम्बर पांडेय, सुजीत राजभर, परमहंस पांडेय, प्रदीप मोदनवाल, शिवम विश्वास, विनोद गुप्ता सहित भारतीय जनता पार्टी लोटन मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, व्यापारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका उन्नाव में कर्मचारियों का धरना, विभिन्न मांगों को लेकर जताया विरोध



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद उन्नाव परिसर में सोमवार को कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने में शामिल कर्मचारियों ने प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। धरना दे रहे कर्मचारियों का कहना था कि लंबे समय से उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द निस्तारण नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने के दौरान नगर पालिका परिसर में कर्मचारियों ने नारेबाजी भी की। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों ने कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। हालांकि, देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी रहने की जानकारी मिली।

## सावन के पहले सोमवार पर बाल्हेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का महासैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** पवित्र सावन मास के पहले सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री बाल्हेश्वर महादेव मंदिर, ऐहार में आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। तड़के चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगनी शुरू हो गई थीं। मंदिर के कपाट खुलते ही हजारों शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प, धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित की तथा सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष से गूंजता रहा।

मंदिर के प्रधान पुजारी पं. झिलमिल महाराज ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के पट भोर में ही खोल दिए गए थे। इसके बाद देर शाम तक दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला निरंतर चलता रहा।बाल्हेश्वर सेवा समिति के उप प्रबंधक कपिल देव तिवारी ने बताया कि पहले सोमवार पर लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बाल्हेश्वर महादेव के दर्शन एवं जलाभिषेक किए। दूर-दराज से आई दर्जनों कांवड़ यात्रियों की टोलियां डीजे की धुन पर नाचते-गाते और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचीं, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पूरे मंदिर परिसर की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। समिति के स्वयंसेवक पूरे दिन व्यवस्थाओं में जुटे रहे। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा। पुलिस की सतर्कता और मंदिर प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था के चलते दर्शन-पूजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।



## उन्नाव पुलिस ने जारी की सोशल मीडिया एडवाइजरी

**उन्नाव।** जनपद में शांति व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उन्नाव पुलिस ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए जनहित अपील जारी की है। पुलिस ने नागरिकों से व्हाट्सएप, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदारी और मर्यादा के साथ व्यवहार करने का आग्रह किया है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति, समुदाय, संस्था अथवा सरकारी विभाग के संबंध में अमर्यादित, अभद्र, भ्रामक, भड़काऊ या आपत्तिजनक पोस्ट एवं संदेश प्रसारित करना कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाली पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्नाव पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी पोस्ट या संदेश को सत्यापित किए बिना आगे साझा न करें, अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं से बचें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। साथ ही कानून का पालन करते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्नाव पुलिस ने अपने संदेश के अंत में नागरिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा है- 'सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा।



### नवाबगंज ओवरब्रिज निर्माण में विधायक ने उठाई आवाज

**नवाबगंज, उन्नाव।** कस्बा नवाबगंज में प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण को लेकर स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों की चिंताओं के बीच मोहान विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेश कुमार रावत ने पहल की है। विधायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के प्रोजेक्ट निदेशक को पत्र भेजकर प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को तत्काल स्थगित करने और निर्माण योजना पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। विधायक ने पत्र में कहा कि ओवरब्रिज निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे स्थानीय व्यापारियों की आजीविका और आम नागरिकों के हित प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ स्थानीय लोगों के हितों का संतुलन बनाए रखना भी जरूरी है।

## पूर्व छात्रा को राज्यपाल ने तीन स्वर्ण पदकों से किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज रायबरेली की पूर्व छात्रा को लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यपाल द्वारा तीन स्वर्ण पदक से किया गया सम्मानित। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि विद्यालय की पूर्व(2021) मेधावी छात्रा पूर्णिका शुक्ला को लखनऊ विश्वविद्यालय के 69वें दीक्षांत समारोह में एम .कॉम. की परीक्षा में (83.33%) उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए तीन स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की माननीया राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति जय प्रकाश सैनी ने छात्रा को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रदान किया जाता है।



इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है छात्रा की इस उपलब्धि ने स्कूल, क्षेत्र तथा जिले का नाम रोशन किया है, हम और हमारा विद्यालय परिवार छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना करता है। उन्होंने कहा कि छात्रा की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विद्यालय द्वारा प्राप्त मार्गदर्शन और सहयोग को दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में आकाशीय बिजली का कहर, पिता-पुत्र समेत 8 लोगों की मौत; कई झुलसे

**भागलपुर।** बिहार में अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की चपेट में आने से पिता-पुत्र सहित आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में बांका जिले के छह, जमुई के एक और कटिहार जिले के एक-एक व्यक्ति शामिल हैं। बांका जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने वाले सभी छह लोग धान की रोपनी कर रहे थे। इसके अलावा आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बांका जिले में चार और अमरपुर में दो अन्य झुलस गए। लंबे इंतजार के बाद रविवार को हुई बारिश जिले के कई परिवारों के लिए मातम बनकर आई। बांका थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से पिता-पुत्र समेत छह लोगों की मौत हो गई। ओढ़नी थाना क्षेत्र के खावा गांव में धान की रोपनी कर रहे ब्रह्मदेव यादव और उनके छह वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे पहुंचे थे। तभी ठनका गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना गोलाहू गांव में हुई, जहां रोपनी के दौरान इनोद यादव की मौत हो गई। वहीं डाढ़ा पंचायत के लीलावरण गांव में खेत में काम कर रही सरिता देवी भी वज्रपात की चपेट में आ गई और उनकी जान चली गई। इसके अलावा बाराहाट व अमरपुर में भी एक-एक की मौत हुई है।

### कांवड़ियों के बीच पहुंचा घड़ियाल, बेनीबाद घाट पर अफरातफरी की स्थिति

**मुजफ्फरपुर।** सावन की पवित्र सोमवारी पर बाबा गरीबनाथ के जलाभिषेक के लिए बागमती नदी के बेनीबाद घाट पर पहुंचे कांवड़ियों के बीच उस समय अफरातफरी मच गई, जब नदी से निकलकर एक विशालकाय घड़ियाल श्रद्धालुओं के बेहद करीब पहुंच गया। अचानक घड़ियाल को देखकर घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि बेनीबाद ओपी पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन्यजीव टीम के पहुंचने तक पुलिस ने घाट की घेराबंदी कर दी, ताकि कोई भी श्रद्धालु घड़ियाल के पास न जा सके। एहतियात के तौर पर घाट पर लोगों की आवाजाही भी नियंत्रित कर दी गई। घटना के समय घाट पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बेनीबाद ओपी पुलिस तैनात थी। घड़ियाल के दिखाई देते ही पुलिसकर्मियों ने तत्काल श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी पर हटाया और पूरे घाट को खाली करा दिया। पुलिस की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से स्थिति पर जल्द काबू पा लिया गया।

### बिहार में बंद होगी जीविका दीदी की रसोई, गृह विभाग की इकाइयों में संचालन ठप

**मुजफ्फरपुर।** बिहार सरकार के गृह विभाग के अधीन संचालित 'जीविका दीदी की रसोई' का संचालन अब पूरी तरह बंद किया जा रहा है। जीविका के सीईओ हिमांशु शर्मा ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी करते हुए गृह विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) को अवगत करा दिया है। मुजफ्फरपुर स्थित पुलिस लाइन और बीएसएपी-6 में संचालित रसोइयों को भी विभागीय निर्देश के तहत बंद कर दिया गया है। जारी आदेश में बताया गया है कि पुलिस लाइन, पुलिस प्रशिक्षण अकादमी और अन्य इकाइयों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव तथा अनियमित भुगतान के कारण यह परियोजना घाटे में चल रही थी। अन्नपूर्णा जीविका फूड प्रॉडक्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से संचालित इस सेवा को नियमित कार्यादेश न मिलने और आर्थिक चुनौतियों के चलते आगे चला पाना संभव नहीं हो रहा था। जीविका सीईओ ने अपर पुलिस महानिदेशक से गृह विभाग की विभिन्न इकाइयों पर बकाया राशि के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित राशि मिलने के बाद ही दीदी की रसोई की इकाइयों को तय शर्तों के अनुसार नियमानुसार बंद करने की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इस व्यवस्था के बंद होने से गृह विभाग की इकाइयों में दीदी की रसोई सेवा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

# बांकीपुर में भाजपा की हार

## क्या कार्यकर्ताओं की नाराज़गी, स्थानीय समीकरण और रणनीतिक चूक बनी वजह?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** बाकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए आत्ममंथन का एक बड़ा अवसर पैदा किया है। लंबे समय से मजबूत संगठन और अनुशासित कार्यकर्ता-आधार के लिए पहचानी जाने वाली भाजपा को इस सीट पर मिली हार ने कई राजनीतिक सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह केवल चुनावी हार थी, या संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती दूरी का संकेत? यही सवाल अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय है। चुनावी परिणामों के बाद पार्टी के कई स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच यह भावना सामने आई कि संगठन के जमीनी कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं और सुझावों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। यदि किसी राजनीतिक दल के समर्पित कार्यकर्ता स्वयं को निर्णय प्रक्रिया से अलग महसूस करने लगें, तो उसका प्रभाव चुनावी अभियान और मतदाताओं तक पहुंच पर पड़ना स्वाभाविक है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन रहा है। लेकिन यदि यही संगठन पूरी सक्रियता और उत्साह के साथ मैदान में न दिखाई दे, तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। चुनाव केवल बड़े नेताओं की सभाओं से नहीं, बल्कि घर-घर जाकर मतदाताओं से संवाद स्थापित करने वाले कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भी जीते जाते हैं। उम्मीदवार चयन को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं तेज रहीं। कई बार ऐसा देखा गया है कि स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय और सक्रिय चेहरों की अनदेखी होने पर कार्यकर्ताओं में निराशा पैदा होती है। यदि कार्यकर्ताओं को यह महसूस हो कि उनकी राय को पर्याप्त महत्व नहीं मिला, तो चुनावी ऊर्जा प्रभावित हो सकती है। बांकीपुर में स्थानीय मुद्दे भी महत्वपूर्ण रहे। क्षेत्र के विकास, सड़क, बिजली, पानी, रोजगार, महंगाई और जनसुविधाओं जैसे विषय मतदाताओं के लिए अहम रहे। विपक्ष ने इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का प्रयास किया, जबकि भाजपा को इन पर अधिक प्रभावी संवाद स्थापित करने की आवश्यकता महसूस हुई। चुनाव में जातीय और सामाजिक समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि विपक्ष विभिन्न सामाजिक समूहों को एक मंच पर लाने में सफल हो जाए और सत्ता पक्ष अपने पारंपरिक मतदाताओं को पूरी तरह मतदान केंद्र तक न पहुंचा सके, तो परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भाजपा के लिए यह हार एक चेतावनी भी है और अवसर भी। यदि पार्टी समय रहते संगठन की समीक्षा करे, कार्यकर्ताओं की बात सुने, स्थानीय नेतृत्व को अधिक महत्व दे और जनता के मुद्दों पर निरंतर संवाद बनाए रखे, तो भविष्य में ऐसे परिणामों से बचा जा सकता है। लोकतंत्र में चुनावी हार किसी भी दल के लिए अंत नहीं होती, बल्कि सुधार और पुनर्निर्माण का अवसर होती है।

भाजपा ने अतीत में भी कई चुनावी झटकों के बाद मजबूत वापसी की है। बांकीपुर का परिणाम भी पार्टी के लिए संगठनात्मक समीक्षा, कार्यकर्ता सम्मान और स्थानीय रणनीति को मजबूत करने का संदेश माना जा सकता है। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि भाजपा इस परिणाम से क्या सीख लेती है और क्या संगठन तथा कार्यकर्ताओं के बीच संवाद को और मजबूत बनाकर जनता का विश्वास दोबारा हासिल करने में सफल होती है। बांकीपुर का जनादेश केवल एक सीट का फैसला नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों के लिए यह संदेश भी है कि लोकतंत्र में जनता और कार्यकर्ता–दोनों की आवाज़ को समान महत्व देना आवश्यक है।

# परिवार की रक्षा में शहीद 'टॉमी'

## कोबरा से एक घंटे तक लड़ा, खुद भी गंवाई जान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** जिले के बेल्थरा रोड क्षेत्र से इंसान और उसके पालतू के अटूट रिश्ते की एक मार्मिक घटना सामने आई है। यहां एक पालतू लैब्राडोर कुत्ते 'टॉमी' ने अपने मालिक के परिवार की सुरक्षा के लिए जहरीले कोबरा से करीब एक घंटे तक संघर्ष किया। आखिरकार उसने कोबरा को मार गिराया, लेकिन इस दौरान कई बार जहरीले डंस का शिकार होने से कुछ देर बाद उसकी भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, उभांव क्षेत्र निवासी भट्ठा व्यवसायी दानिश के घर रविवार तड़के करीब दो बजे एक विषैला कोबरा घुसने की कोशिश कर रहा था। सबसे पहले आठ वर्षीय लैब्राडोर टॉमी की नजर सांप पर पड़ी। उसने लगातार भौंककर परिवार के सदस्यों को सतर्क किया और बिना देर किए कोबरा से भिड़ गया। परिजनों के मुताबिक, टॉमी और कोबरा के बीच करीब एक घंटे तक जबरदस्त संघर्ष चलता रहा। इस दौरान कोबरा ने कई बार टॉमी को डंसा, लेकिन उसने हार नहीं मानी और आखिरकार कोबरा को मार गिराया। हालांकि जहरीले विष का असर तेजी से बढ़ने के कारण करीब आधे घंटे बाद टॉमी ने भी दम तोड़ दिया। परिवार का कहना है कि यदि टॉमी उस रात साहस नहीं दिखाता, तो जहरीला सांप घर में घुसकर किसी भी सदस्य की जान ले सकता था। टॉमी ने अपनी जान देकर पूरे परिवार को सुरक्षित बचा लिया। टॉमी पिछले आठ वर्षों से परिवार का अभिन्न सदस्य था। उसकी मौत से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सोमवार को नम आंखों से टॉमी को अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार के दौरान परिवार के कई सदस्य भावुक हो उठे। वफादारी और साहस की मिसाल बने टॉमी की यह कहानी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## कांवरियों की सेवा में जुटी आजसू पार्टी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवघर, झारखंडः-** श्रावणी मेले के अवसर पर आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी की ओर से जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य एवं केंद्रीय सचिव राजा साहनी के नेतृत्व में बाबा नगरी पहुंचे श्रद्धालु कांवरियों की सेवा के लिए विशेष सेवा शिविर लगाया गया। शिविर में कांवरियों के बीच फल, जूस, पेयजल एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया, जहां चिकित्सकों एवं स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यकता अनुसार प्राथमिक उपचार एवं मलहम-पट्टी की सुविधा उपलब्ध कराई।

जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि मानव सेवा का भी महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि कांवरियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है और आजसू पार्टी सदैव समाजहित एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। केंद्रीय सचिव राजा साहनी ने कहा कि दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा कार्य में जुटे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। सेवा अभियान में आजसू पार्टी के कई पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरे उत्साह के साथ कांवरियों की सेवा कर सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया।

## बरही चौक पर नामकरण व प्रतिमा स्थापना की चर्चा से बढ़ी हलचल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बरही चौक स्थित गोलंबर पर सोमवार को निर्माण कार्य शुरू होने तथा बड़ी संख्या में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती के बाद क्षेत्र में हलचल का माहौल बन गया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग चौक पर जुट गए। मौके पर मौजूद लोगों के बीच यह चर्चा रही कि यहां झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन की प्रतिमा स्थापना तथा चौक के नामकरण की तैयारी की जा रही है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसी बीच बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर बरही चौक पर प्रस्तावित प्रतिमा स्थापना एवं चौक के नामकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि उन्हें प्रतिमा स्थापना एवं चौक के नामकरण की जानकारी मिली है, जबकि इस संबंध में अब तक सरकार की ओर से कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। साथ ही, स्थानीय स्तर पर न तो कोई आमसभा आयोजित की गई और न ही आम लोगों से राय ली गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि बिना निर्धारित कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया तथा जनसहमति के किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि बरही चौक को स्थानीय लोग लंबे समय से श्रीराम चौक के नाम से जानते हैं। उनका कहना है कि किसी भी सार्वजनिक स्थल के नामकरण अथवा प्रतिमा स्थापना से पूर्व विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत आमसभा आयोजित कर स्थानीय लोगों की सहमति ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि जनसहमति के बिना कोई निर्णय लिया गया तो वे गांधीवादी तरीके से आंदोलन करेंगे। बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि चौक का नाम श्रीराम चौक रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं की अनदेखी होने पर आंदोलन किया जाएगा। जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि प्रतिमा स्थापना एवं चौक के नामकरण की प्रक्रिया तब तक स्थगित रखी जाए, जब तक सभी आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो जातीं तथा स्थानीय लोगों की राय नहीं ले ली जाती। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल इस बात की जानकारी नहीं है कि वहां किसकी प्रतिमा स्थापित की जानी है अथवा निर्माण कार्य किस उद्देश्य से कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की ओर से एक ज्ञापन प्राप्त हुआ है, जिसमें बरही चौक पर आम सहमति से ही कोई भी कार्य किए जाने की मांग की गई है। उक्त ज्ञापन को आवश्यक कार्रवाई हेतु उपायुक्त, हजारीबाग को अग्रसारित कर दिया गया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमात, आकाश जयसवाल, कैलाश ठाकुर, शिवा निषाद, दीपक भगत, अरुण केशरी, पंकज केशरी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## मां उग्रतारा की नगरी चंदवा में पहली बार गूंजेगा गणपति बप्पा का जयघोष

### पांच दिवसीय महोत्सव की तैयारियां तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** मां उग्रतारा की आध्यात्मिक नगरी चंदवा में पहली बार आयोजित होने जा रहे सार्वजनिक श्री गणेश पूजा महोत्सव को लेकर रविवार को धोबी टोला स्थित महावीर मंडल प्रांगण में आयोजन समिति की दूसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से पूजा को भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पांच दिवसीय सार्वजनिक श्री गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूजा के लिए 8 फीट ऊंची भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पूरे आयोजन को श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न कराने की रूपरेखा तैयार की गई। समिति ने तय किया कि पूजा के दौरान सुभाष चौक से इंदिरा गांधी चौक तक ध्वनि विस्तारक यंत्र (साउंड सिस्टम) की व्यवस्था की जाएगी, जिससे धार्मिक कार्यक्रमों का लाभ अधिक से अधिक श्रद्धालु उठा सकें। प्रतिदिन मध्य आरती, महाप्रसाद वितरण तथा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य पूरे चंदवा के लोगों को एक मंच पर जोड़ते हुए सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं धार्मिक आस्था को और सशक्त बनाना है। बैठक में सर्वसम्मति से श्री गणेश पूजा आयोजन समिति का गठन भी किया गया। इसमें राजेंद्र यादव को अध्यक्ष, सौरभ श्रीवास्तव को सचिव, चंद्रभूषण केसरी एवं संजीव आजाद को सह सचिव, विजय साहू को कोषाध्यक्ष, शिव केसरी को सह कोषाध्यक्ष तथा रवि पांडुरंगा को संयोजक बनाया गया। वहीं आनंद वर्मा, आनंद कनोडिया, विभूति नाथ सिंह, रमेश प्रसाद एवं राजेश विश्वकर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि चंदवा में पहली बार आयोजित होने वाला यह सार्वजनिक श्री गणेश पूजा महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से ऐतिहासिक साबित होगा। समिति ने नगरवासियों से आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग एवं सहभागिता निभाने की अपील की।



बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र यादव, आनंद वर्मा, विजय साहू, चंद्रभूषण केसरी,नीरज शर्मा, शिव केसरी, सौरभ श्रीवास्तव, राजेश विश्वकर्मा, हिमांशु सिंह, रवि पांडुरंगा, रमेश प्रसाद, प्रमोद चौधरी, मनीष गुप्ता, विभूति नाथ सिंह, मिथिलेश कुमार, रिंकू कुमार, दारा सिंह, संटु गुप्ता, मोहिनीश कुमार, मनोज कुमार, शेखर सुमन, विवेक कुमार, दीपक कुमार, आनंद कुमार, विक्की चौधरी एवं शुभम चौधरी, वेदांत अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। समिति का कहना है कि चंदवा के इतिहास में पहली बार आयोजित होने वाला यह सार्वजनिक श्री गणेश पूजा महोत्सव धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का नया अध्याय लिखेगा, जिसमें पूरे नगर की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

## 78 लाख की लागत से महराजगंज स्कूल का होगा कायाकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय महराजगंज के दिन अब बहुरने वाले हैं। सांसद व विधायक द्वारा अनुशंसित लगभग 78 लाख रुपये की लागत से होने वाले उन्नयन कार्य का विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत शिलान्यास किया। इस योजना के धरातल पर उतरने से न केवल विद्यालय का तस्विर बदलेगा, बल्कि बच्चों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक माहौल भी मिल सकेगा। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा का स्तर सुधारना हमारी पहली प्राथमिकता है। विद्यालय परिसर में बाउंड्रीवाल बनने से सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं चार नए अतिरिक्त कमरों के निर्माण से बच्चों के पठन-पाठन में आ रही जगह की किल्लत पूरी तरह दूर हो जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और प्रतिनिधियों ने विधायक को मांग पत्र भी सौंपा। विद्यालय प्रभारी गुलाब महतो, शिक्षक मो. कलीमुद्दीन अंसारी और समिति सदस्या आसरा शाहीन ने स्कूल में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति और एक पुस्तकालय की मांग रखी। विधायक ने मांग पत्र पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द शिक्षकों की कमी दूर करने और पुस्तकालय की व्यवस्था कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, रामस्वरूप पासवान, आशीष सिंह, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, मुखिया जानकी यादव, पूर्व मुखिया मो. सफाल उद्दीन, समिति सदस्य प्रतिनिधि मो. फैजान, समाजसेवी अरविंद सिन्हा, बलराम दांगी, विकास यादव, सतेंद्र सिंह, शंभू साव, रंजीत सिंह, सियाराम सिंह, जन्मजय सिंह, महेंद्र साव, रंजीत प्रजापति, प्रकाश साव, मो. जहांगीर अंसारी समेत कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिहार में पहली बार होगा ब्रूडर फिश का उत्पादन

**पटना।** बिहार में जल्द ही ब्रूड बैंक से फिश ब्रूड का उत्पादन एवं उन्नत मत्स्य बीज का वितरण प्रारंभ होने वाला है। सीतामढ़ी में 10.92 करोड़ रुपये की लागत से बिहार का पहला फिश ब्रूड बैंक यानी मछलियों का बीज बैंक बनकर तैयार हो गया है। इसका शुभारंभ आठ अगस्त को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। फिश ब्रूड का उत्पादन शुरू हो जाने से हैचरी संचालकों को राज्य में सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण प्रजनक मछली बीज उपलब्ध हो सकेगा। सीतामढ़ी में बना फिश ब्रूड बैंक प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत बनाया गया है। यह करीब 40 एकड़ में फैला हुआ है। 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसका शिलान्यास किया था। पहले बिहार के हैचरी संचालक प्रजनक मछलियां और मत्स्य बीज नदी, मान, जलाशय आदि प्राकृतिक संसाधनों से लाते थे। ऐसे बीज में आनुवंशिक दोष की संभावना अधिक रहती थी, जिससे मछलियों की वृद्धि कम और मृत्यु दर अधिक होती थी। इस ब्रूड बैंक में आधुनिक वैज्ञानिक तरीके से स्वस्थ, बड़े और आनुवंशिक रूप से उन्नत मछलियों (ब्रूडर्स) को तैयार किया जाएगा।

## महगाईखुर्द चोरी कांड का खुलासा, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बड़कागांव, हजारीबाग, झारखंडः-** बड़कागांव थाना क्षेत्र के महगाईखुर्द गांव में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए तीन मोबाइल फोन, एक जोड़ी चांदी की पायल और 11 हजार 600 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, महगाईखुर्द में अज्ञात अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना को लेकर पीड़ित की ओर से 31 जुलाई 2026 को बड़कागांव थाने में लिखित आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर पुलिस ने बड़कागांव थाना कांड संख्या 136/26, दिनांक 31 जुलाई 2026 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 341(4)/305() के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए बड़कागांव पुलिस ने जांच और छापेमारी शुरू की। अनुसंधान के दौरान मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने मामले में शामिल दो आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान काशिफ खान उर्फ अंसर इमाम, पिता सफदर इमाम, निवासी बादम और अशहर रजा उर्फ मो. राजा, पिता मो. कलाम, निवासी कनकीडाड़ी, डाड़ीकला के रूप में हुई है। दोनों बड़कागांव थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान बरामद किया गया। बरामद सामान में 3 मोबाइल फोन, एक जोड़ी चांदी की पायल और 11,600 नकद शामिल हैं। चोरी के मामले में सामान की बरामदगी को पुलिस की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तारी और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## पहली सोमवारी को भक्तों ने श्रद्धा-भक्ति से की महादेव-महादेवी की अर्चना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** बीते सोमवार को श्रावण महीने की पहली सोमवारी पर भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा-भाव से भगवान शिवशंकर को जलार्पण कर अर्चना की। इस मांगलिक वेला में भक्तवृंद एवं भक्तिमयी माताओं-बहनों ने देवों के देव महादेव-महादेवी का पूजन कर मंगलकामना की। सावन के पवित्र महीने में बच्चे-बच्चियों ने भी भगवान-भगवती पर जलार्पण कर अर्चना की। श्रावण की पहली सोमवारी पर प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया, पाथरडांगा, मोंगलाबांध, रामदेव कुंडी, चौकीसाल, रामघाटी, श्रीधरपाड़ा, बनो ग्राम, राधानगर, नूनाडंगाल, तालवा, लागडूम, खाकसा, राजदाहा, झुलझिंझरी, गनपुरा, सिंहपुर तथा आलूदाहा स्थित मंदिरों में भक्तों ने शिव-पार्वती की पूरे भक्ति-भाव से पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं कीं। प्रखंड के सुदूर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी साफाहोड़ समाज के भक्तों ने भी शिव-पार्वती की पूरी भक्ति-भावना से पूजन-वंदन करते हुए मंगलकामना की। सावन की पहली सोमवारी को लेकर पाकुड़िया प्रखंड में अपूर्व उत्साह देखा गया। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से मिली सूचना के अनुसार श्रावण के पवित्र महीने में बड़ी संख्या में भक्तवृंद उपवास रखे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि विश्व कल्याण के निमित्त देव-दानवों ने संयुक्त रूप से समुद्र मंथन किया। इस मंथन से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई, जिनमें हलाहल (कालकूट विष) भी निकला। यह देखकर दोनों पक्ष काफी विचलित हो गए। ऐसे भीषण संकट को देखकर महादेव ने विषपान कर देव-दानवों का कल्याण किया। इस कालकूट विष को कंठ में धारण करने के कारण वे नीलकंठ कहलाए। मान्यता है कि समुद्र मंथन श्रावण महीने में ही हुआ था। विष धारण कर शिवजी ने समस्त जगत का कल्याण किया। इसी विशिष्टता के निमित्त शिवजी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विशेषकर श्रावण के पावन महीने में भक्तवृंद महादेव पर जलार्पण कर अपनी श्रद्धा और भक्ति अर्पित करते हैं।



## पहली सोमवारी पर आस्था का उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** सावन की पहली सोमवारी पर चोरदाहा में आस्था.भक्ति और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह करीब आठ बजे चोरदाहा शिव मंदिर से सैकड़ों शिवभक्तों ने गाजे बाजे।और हर हर महादेव के जयघोष के साथ भव्य जलाभिषेक यात्रा निकाला। यात्रा में महिलाओं, युवाओं और पुरुष श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी रही, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। शिवभक्त उत्तरवाहिनी महाने नदी, भलुआ (बिहार) पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ पवित्र जल उठाया गया। इसके बाद श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते, नाचते-गाते और बोल बम के जयघोष लगाते हुए पुन चोरदाहा शिव मंदिर पहुंचे। यहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार, समाज और विश्व कल्याण की मंगलकामना की गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह जगह स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। महिला श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय भागीदारी ने यात्रा को और भी भव्य बना दिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि सावन की पहली सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इसी आस्था और श्रद्धा के साथ बड़ी संख्या में भक्त इस धार्मिक आयोजन में शामिल हुए। पूरे आयोजन के सफल संपन्न होने से चोरदाहा में दिनभर धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीवरेज व सड़कों की बदहाली पर सरकार को घेरा




लुधियाना- हल्का दक्षिणी के भाजपा नेता संदीप मित्तल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं और लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। मित्तल ने कहा कि ईस्टमैन चौक से सूआ रोड तक सड़क की हालत अत्यंत खराब है। वहीं हल्का दक्षिणी के गुरु तेग बहादुर नगर की पहली से छठी गली तथा ग्यासपुरा क्षेत्र में सीवरेज जाम होने से गंदा पानी गलियों में बह रहा है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सम्राट कॉलोनी, मक्कड़ कॉलोनी, रामनगर, न्यू रामनगर और लक्ष्मी नगर में भी सीवरेज का पानी सड़कों पर फैला हुआ है। इससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। भाजपा नेता ने कहा कि वह सफाई व्यवस्था और सीवरेज समस्या के समाधान के लिए नगर निगम अधिकारियों को मांगपत्र सौंपेंगे।

### मंत्री रोनूज पेगु ने जियाधल कमलपुर के बाढ़ प्रभावित इलाके का किया दौरा



असम धेमाजी। बार-बार बदल रही हैं धेमाजी जियादल नदी के दिशा । परेशान है नदी किनारे के कमलपुर के ग्रामीण। गत शनिवार को जियादल नदी के उफनती बाढ़ में प्रभावित कमालपुर इलाकों का दौरा किया धेमाजी के विधायक तथा मंत्री रणुज पेगू ने। मंत्री पेगू ने जल संसाधन विभाग को विलम्ब ना करते हुए नदी के तट पर तत्काल बांध निर्माण के लिए निर्देश दिया ओर शनिवार को जियादल नदी के बाढ़ में क्षतिग्रस्त कमलपुर धर्मपुर गांव के अनिमा हजारिका के परिवार को पुनः संस्थापन के लिए भाजपा कार्यकर्ता मनुज कुमार चुतीया ने तीन काटा जमीन दान पर दिया है। मंत्री ने जिला प्रशासन को अनिमा पेगू के घर निर्माण कर देने की आश्वासन दिया।

# नाबालिग पर मामला दर्ज नहीं होगा

## PM को अपशब्द कहने वाली लड़की पर कार्रवाई नहीं करेगी दिल्ली पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




नई दिल्ली। बीते दिनों जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपशब्द बोलने वाली 15 वर्षीय लड़की के खिलाफ कोई पुलिस केस दर्ज नहीं किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। घटना जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के विरोध-प्रदर्शन के दौरान हुई थी। बाद में वायरल हुए एक वीडियो में लड़की प्रधानमंत्री के खिलाफ तीखे अपशब्द बोलती नजर आई थी। नोएडा पुलिस ने शुरू में जीरो एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उसकी उम्र गलत तरीके से 25 साल बताई गई थी।

**लड़की ने वीडियो किया था जारी**

इस मामले में कुछ समय बाद लड़की ने खुद एक वीडियो जारी किया। वीडियो में उसने स्पष्ट करते हुए कहा था, 'मैं सिर्फ 15 साल की हूं। मैंने जो कुछ किया, वह माफी के लायक नहीं है। मैंने बहुत-सी बुरी बातें कही हैं। यह मेरी पहली और आखिरी गलती है। मैं पूरे देश से माफी मांगती हूं। मुझे बहुत शर्म आ रही है।' उसने दावा किया था कि वह प्रदर्शन स्थल पर दूसरों के बहकावे में आकर ये बातें बोली थी।

**पीएम ने भी की थी अपील**

पुलिस ने मामले की जांच की और उसकी नाबालिग उम्र की पुष्टि होने के बाद आगे कोई कार्रवाई न करने का फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, उसके खिलाफ कोई औपचारिक केस दर्ज नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना का जिक्र किया था। एक इंस्टाग्राम रील में उन्होंने कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन में शामिल 'भटके हुए बच्चों' को माफ कर दिया है।

**क्या कहा था पीएम नरेंद्र मोदी ने?**

पीएम ने कहा था, 'उन्हें सजा देने या अदालतों के चक्कर लगवाने से कुछ नहीं बदलेगा। मैं उन्हें माफ करना चाहता हूं। समाज से भी गुजारिश है कि मेरी बात को स्वीकार करें।' उन्होंने यह भी कहा था कि गालियों से कभी कोई समस्या हल नहीं होती और समाज को ऐसे युवाओं को सही राह दिखानी चाहिए, न कि बदला लेना चाहिए। सोशल मीडिया पर छाए रहने वाले इस मामले को अब कानूनी और प्रधानमंत्री के अनुसार व्यक्तिगत स्तर पर भी बंद माना जा रहा है।

**दिल्ली पुलिस ने पीछे किए कदम**

दिल्ली पुलिस मुख्यालय के आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

पीएम के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने यह फैसला किया है। इस मामले में नोएडा पुलिस ने युवती के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज की थी और केस को बीते शनिवार को संसद मार्ग थाने को भेज दिया गया था। संसद मार्ग थाना पुलिस ने कोई केस दर्ज करने से इंकार कर दिया है। युवती के खिलाफ अब किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी।

# सीएम मान व राज्यपाल को धमकी

## लुधियाना कोर्ट में ब्लास्ट का अलर्ट, जांच शुरू



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लुधियाना- स्वतंत्रता दिवस से पहले पंजाब में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। लुधियाना जिला अदालत, चंडीगढ़ प्रशासन और ई-न्यायालय प्रणाली से जुड़े ईमेल पतों पर एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। ईमेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को 15 अगस्त तक बम विस्फोट में जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही लुधियाना जिला अदालत, पंजाब विधानसभा और अन्य स्थानों का भी उल्लेख किया गया है। ईमेल में कुछ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के नाम लेकर धमकियां दी गई हैं तथा आम आदमी पार्टी के मंत्रियों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। धमकी भरे संदेश में 15 अगस्त के सरकारी समारोहों और विद्यालयों को लेकर भी डर फैलाने का प्रयास किया गया है तथा फिरोजपुर में बड़े विस्फोट का दावा किया गया है। ईमेल मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। संबंधित स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नवांशहर- उपायुक्त गुलप्रीत सिंह औलख ने 15 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह समारोह औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नवांशहर के मैदान में उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासनिक परिसर में आयोजित बैठक में अपर उपायुक्त (सामान्य) संजीव शर्मा, अपर उपायुक्त (ग्रामीण विकास) अवनीत कौर, उपमंडलाधिकारी अनमजोत कौर, सहायक आयुक्त (सामान्य) रमनजीत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध और गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। मार्च पास्ट में पंजाब पुलिस, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और विभिन्न विद्यालयों की टुकड़ियां भाग लेंगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति और प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हों। साथ ही समारोह की सभी रिहर्सल आईटीआई नवांशहर मैदान में कराने और आयोजन की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों के साथ-साथ खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों तथा समर्पित अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग को यातायात, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, नगर निकाय को साफ-सफाई एवं धुंधरोधी छिड़काव कराने तथा सिविल सर्जन को चिकित्सकों की टीम तैनात करने के निर्देश दिए। सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूरी करने के लिए कहा गया।

## भाजपा ने छह जिलाध्यक्ष घोषित किए

चंडीगढ़- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से छह जिलों के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की है। पार्टी ने यह निर्णय संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बढ़ाने के लिए लिया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, ये नियुक्तियां भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की सहमति से पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों द्वारा स्वीकृत की गई हैं। इसकी औपचारिक जानकारी प्रदेश महासचिव अनिल सरीन ने दी।

**नवनियुक्त जिलाध्यक्ष इस प्रकार हैं—**

फरीदकोट - संदीप सिंह बराड़, होशियारपुर (ग्रामीण) - संजीव मन्हास, होशियारपुर (शहरी) - नेतन गुप्ता, खन्ना - अनूप शर्मा, मुक्तसर साहिब - कुलदीप सिंह भंगेवाला, संगरूर-1 - सरजीवन जिंदल पार्टी का कहना है कि इन नियुक्तियों से जिला स्तर पर संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और जनसंपर्क अभियान को गति मिलेगी। साथ ही आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नगर निगम ने तेज किया सफाई अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




लुधियाना- शनिवार शाम को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने के तुरंत बाद, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने शनिवार रात को ही शहर के अलग-अलग हिस्सों से कचरा साफ करने के लिए दिन-रात कैंपेन शुरू कर दिए। लोकल गवर्नमेंट मिनिस्टर हरजोत सिंह बैंस की लीडरशिप में डंप साइट्स को साफ करने के म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के काम के तहत, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने रविवार को शहर के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे काम का इंस्पेक्शन किया। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कमिश्नर अलंकार ने दुगरी कैनाल ब्रिज, चीमा चौक, प्रताप चौक, गवर्नमेंट कॉलेज रोड, विश्वकर्मा चौक और दूसरे इलाकों के पास स्टैटिक कॉम्पैक्टर साइट का इंस्पेक्शन किया। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि कई जगहों पर सफाई हो चुकी है और बाकी जगहों पर काम तेजी से चल रहा है। एक-दो दिन में हालात नॉर्मल होने की उम्मीद है। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की यूनियनों की हड़ताल की वजह से जगह-जगह कचरा जमा हो गया था। अब हड़ताल खत्म हो गई है, इसलिए पूरे शहर में बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है और इसके लिए और मशीनें भी लगाई गई हैं। अलंकार ने कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सीनियर अधिकारियों को रेगुलर फील्ड में रहकर हालात पर नज़र रखने के निर्देश दिए गए हैं। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि इस मामले में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों का सपोर्ट मांगते हुए, म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों की भी तारीफ़ की जो दिन-रात कचरा साफ़ करने में लगे हैं। म्युनिसिपल कमिश्नर अलंकार ने आगे कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन कचरा हटाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। अगर लोगों को अपने इलाके में कचरे से जुड़ी कोई भी दिक्कत आती है, तो वे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के मानसून हेल्पलाइन नंबर (90867-91867) पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं और शिकायत का जल्द से जल्द हल किया जाएगा।

# गोपीगंज पुलिस द्वारा महिला से छेड़छाड




गोपीगंज- वादी विकास गुप्ता द्वारा थाना गोपीगंज पर लिखित तहरीर दी गई कि अभियुक्त विजय कुमार गौतम उसकी बहन को काफी समय से शादी के लिए प्रताड़ित कर रहा है तथा 01 लाख की मांग कर परिवार को झूठे मुकदमे में फँसाने एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है। दिनांक 02.08.2026 को अभियुक्त मोबाइल टॉवर पर चढ़कर वादी की बहन से विवाह न होने पर आत्महत्या करने तथा वादी के परिवार को झूठे मुकदमे में फँसाने की धमकी देने लगा, जिसपर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं. 0326/2026, धारा 78, 74, 308(5), 351(3) एवं 226 बीएनएस के अंतर्गत थाना गोपीगंज,जनपद भदोही पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई । अभिनव त्यागी,पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराध एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा शुभम अग्रवाल,अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण एवं चमन सिंह चावड़ाक्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में दिनांक 03.08.2026 को थाना गोपीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सटीक सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त विजय कुमार गौतम को धनापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# वेबसीरीज देखकर की पत्नी की हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली। गगन विहार सोसायटी में पत्नी की गले में कैंची घोंपकर हत्या करने वाले पति कमल को जगतपुरी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 53 वर्षीय आरोपित ने संपत्ति विवाद के चलते हत्या की साजिश रची थी। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह हॉलीवुड की क्राइम सीरीज 'द स्टेयरकेस' से प्रभावित था और उसे लगा था कि हत्या के बाद हथियार ठिकाने लगाने से वह पुलिस की पकड़ से बच जाएगा। पुलिस ने उसे मथुरा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, कमल और उसकी पत्नी कोमल गगन विहार स्थित चार मंजिला मकान की दूसरी मंजिल पर रहते थे, जबकि अन्य मंजिलों पर उसके माता-पिता और भाई का परिवार रहता है। परिवार में जुड़वा बच्चे गौरव और गोरविका हैं। कोमल घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थीं, जबकि कमल घर-घर जाकर छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। गौरव एमबीबीएस कर चुका है और गोरविका नोएडा में नौकरी करती है। जांच में सामने आया कि संपत्ति को लेकर लंबे समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोपित ने कुछ दिन पहले ही हत्या के लिए कैंची खरीदी थी और वारदात की पूरी योजना पहले से बना रखी थी। 30 जुलाई की रात करीब नौ बजे गौरव लाइब्रेरी से पढ़ाई कर घर लौटा तो उसने अपनी मां को खून से लथपथ पड़ा पाया। उसके पिता कमल घर से फरार थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घर से खून से सनी कैंची बरामद हुई, जिसे हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार माना जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज जांच का सबसे अहम सुराग बना। फुटेज में दोनों बच्चों के घर से निकलने के बाद केवल कमल और कोमल के घर के अंदर होने की पुष्टि हुई। बाद में आरोपित बैग लेकर स्कूटी से घर से निकलता हुआ भी कैमरे में दिखाई दिया। पुलिस का दावा है कि फुटेज में महिला की चीखें भी रिकॉर्ड हुई हैं। तकनीकी सर्विलांस के जरिए पुलिस ने आरोपित की लोकेशन ट्रैक की। जांच में पता चला कि उसने अपने बैंक खातों से करीब सात लाख रुपये निकाल लिए थे और दिल्ली से गोरखपुर की ओर गया, जहां से नेपाल भागने की योजना थी। बाद में उसने पुलिस को भ्रमित करने के लिए अपना रास्ता बदलकर मथुरा की ओर रुख किया।

# गौवंशों से फसलें बचाने को किसानों ने लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कोंच(जालौन)- अन्ना गौवंशों के विचरण से खेतों में बोई गई तिली, धान आदि फसलों को नुकसान पहुंचने से परेशान क्योलारी गांव के कुछ किसानों ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। नदीगांव विकास खंड क्षेत्र के क्योलारी गांव के कुछ किसानों ने एसडीएम अभिनव कुमार को दिए अपने शिकायती पत्र में कहा कि उन्होंने अपने खेतों में तिली, धान आदि की फसलें बोई हैं लेकिन अन्ना विचरण कर रहे गौवंश खेतों में घुसकर फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि पड़ोसी गांव के कुछ पशुपालक जानबूझकर करीब तीन दर्जन की संख्या में अपने गौवंश अन्ना छोड़ दे रहे हैं। जब इन अन्ना गौवंशों को वह सभी मिलकर गौशाला में बंद कर देते हैं तो प्रधान की मिलीभगत से उक्त पशुपालक दबंगई दिखाते हुए गौशाला में से अपने गौवंश छुड़ा ले जाते हैं और फिर से अन्ना छोड़ देते हैं। किसानों ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा गौशाला के कर्मियों को भी धमकाया जाता है। शिकायतकर्ता किसानों ने एसडीएम से कहा कि यदि शीघ्र ही इन अन्ना गौवंशों के विचरण पर सख्ती के साथ रोक नहीं लगाई गई तो उनकी बची-खुची फसलें भी बर्बाद हो जाएगी जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान पहुंचेगा। मामले को लेकर एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को मौके पर जाकर जांच करने और उचित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता किसानों में राहुल , जितेंद्र, मथुरा प्रसाद, हरिओम, सुरेंद्र, जगदीश, फूलसिंह आदि किसान शामिल रहे।

## नीट पेपर लीक: आज होगी आरोपपत्र पर सुनवाई

नई दिल्ली। नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर मंगलवार को विशेष अदालत में सुनवाई होगी। मामले का स्थानांतरण होने के बाद अब इसकी सुनवाई विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता की अदालत में होगी। सोमवार को अदालत ने निर्देश दिया कि मामले का पूरा अभिलेख नई अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने बताया कि आरोपपत्र में उल्लिखित सभी दस्तावेज, गवाहों के बयान और अन्य अभिलेख मूल रिकॉर्ड सहित अदालत में जमा कर दिए गए हैं। अदालत ने अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश भी दिए। इसी मामले में आरोपित दिनेश बिवाल और विकास बिवाल की जमानत याचिकाओं पर भी मंगलवार को विशेष अदालत में सुनवाई होगी। सीबीआई ने पिछले सप्ताह 13 आरोपितों के विरुद्ध लगभग 20 हजार पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया था। इसमें 360 गवाहों, 422 दस्तावेजों और 43 जब्त वस्तुओं का उल्लेख किया गया है।

# प्रधानमंत्री के 'नशा मुक्त युवा' अभियान से जुड़ा असम विश्वविद्यालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



श्रीभूमि- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में संचालित 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत असम विश्वविद्यालय, सिलचर में शिक्षकों, अधिकारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के प्रसारण से हुआ। कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि संतुलित आहार, स्वस्थ मनोरंजन और संतुलित जीवनशैली युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक संतुलन के महत्व पर बल दिया तथा युवाओं से आत्मसंयम, नैतिक मूल्यों और मानसिक दृढ़ता अपनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ईश्वरभाई उभाडिया ने कहा कि परिवार जिम्मेदार और स्वस्थ नागरिकों के निर्माण की पहली पाठशाला है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक संस्कार, बच्चों के साथ नियमित संवाद, सकारात्मक अभिभावकत्व और भावनात्मक जुड़ाव नशे की रोकथाम की सबसे मजबूत नींव हैं। मुख्य वक्ता प्रो. चिररंजन भट्टाचार्य ने 'प्रोटेक्ट, पैरेंट और पीयर सपोर्ट' के तीन सिद्धांतों को युवाओं के समग्र विकास का प्रभावी आधार बताते हुए योग, खेल, संगीत, नृत्य, नाटक, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा समाजसेवा जैसी सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. गंगाभूषण एम. मोलंकाल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. प्रदोष किरण नाथ, विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। असम विश्वविद्यालय तथा इसके संबद्ध महाविद्यालयों के 320 एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. गंगाभूषण एम. मोलंकाल तथा एमजीएडीएम कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज घोष ने किया।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षा कवच बनी एचपीवी वैक्सीन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कानपुर। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महंगी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन अब कानपुर की बेटियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अभियान के तहत जनपद में अब तक 12,854 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं 14 से 15 वर्ष की अन्य पात्र बालिकाओं से भी आगे आकर यह सुरक्षा कवच अपनाने की अपील की जा रही है। निजी अस्पतालों में इस वैक्सीन की एक डोज पर हजारों रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं, जबकि सरकार इसे पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सुरक्षित और प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य से विभाग किशोरियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी जागरूक कर रहा है। अपील की जा रही है कि किसी भी भ्रांति या संकोच में आए बिना पात्र किशोरियां समय पर टीकाकरण कराएं और अभिभावक भी अपनी बेटियों को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए टीका अवश्य लगवाएं। अभियान को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम से भी जोड़ा गया है। प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित नियमित टीकाकरण सत्रों में पात्र किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसके अलावा अधिक से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित करने के लिए रविवार को विशेष टीकाकरण शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। पात्र किशोरियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ड्यू लिस्ट तैयार की है। इसके आधार पर घर-घर संपर्क कर बालिकाओं और उनके अभिभावकों को टीकाकरण सत्रों की जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें केंद्रों पर बुलाकर टीकाकरण कराया जा रहा है।

# जागरूक मतदाता, सशक्त भविष्य' — डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




कानपुर ग्रामीण। विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद् (हेड बॉय एवं हेड गर्ल) निर्वाचन का आयोजन किया गया। इस निर्वाचन में कक्षा तृतीय से द्वादश तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विद्यालय परिसर में वास्तविक चुनाव प्रक्रिया की तर्ज पर मतदान सम्पन्न कराया गया। मतदान केंद्र, मतदाता पंजीकरण, मतपत्र, मतपेटी तथा मतदान अधिकारियों की समुचित व्यवस्था की गई। निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन में विद्यार्थियों ने ही विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया तथा पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न हुई। निर्वाचन में कुल 93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता और उत्साह का परिचायक रहा। इनमें छात्र मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 94.2 प्रतिशत तथा छात्राओं का 91.4 प्रतिशत रहा। मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई तथा निष्पक्ष चुनाव एवं जिम्मेदार नेतृत्व के चयन के महत्व को व्यवहारिक रूप से समझा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों को केवल नेतृत्व के अवसर ही नहीं देतीं, बल्कि उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों, उत्तरदायित्व, निष्पक्षता तथा जागरूक नागरिकता का व्यावहारिक ज्ञान भी प्रदान करती हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों, मतदाताओं तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सहयोग की सराहना की। विद्यालय के मुख्य चुनाव आयुक्त अंकुर शर्मा (पीजीटी, अर्थशास्त्र) ने निर्वाचन प्रक्रिया के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मतदान में सक्रिय सहभागिता के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद दिया।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने घेरा जिला दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यालय, किया प्रदर्शन



कानपुर ग्रामीण। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज दिव्यांग जनों की पेंशन खातों में न पहुंचने के विरोध में जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया,, दिव्यांग जनों की पेंशन पिछले पांच महीनों से उनके खाते में नहीं पहुंच रहीं हैं आधे से ज्यादा दिव्यागो की पेंशन उनके खाते में नहीं आई दिव्यांग जन सशक्तिकरण कार्यालय और शासन के लोग इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे हैं जिससे दिव्यांग जनों में भारी रोष व्याप्त है राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम के माध्यम से निदेशक व प्रमुख सचिव दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन देकर तत्काल दिव्यांगो की पेंशन उनके खातों में पहुंचाने की मांग की हैं वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार अगर 16 अगस्त के पहले दिव्यांगो के खातों में पेंशन नहीं भिजवातीं हैं तों 17 अगस्त को मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन विधानसभा का घेराव पूरे उत्तर प्रदेश के दिव्यांग संगठन मिल कर करेंगे,,जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी धरना-प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी,अशोक कुमार, गुड्डी दीक्षित, वैभव दीक्षित, ओमप्रकाश, अर्जुन, राम-जानकी, शंकर लाल,दिलीप कुमार,सरला विवेक तिवारी, आदि शामिल रहे।

# हण्डिया पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त किया गिरफ्तार, चोरी की बाइक और अवैध तमंचा बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कमिश्नरेट प्रयागराज में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना हण्डिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी तमंचा तथा .315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामदगी के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना हण्डिया क्षेत्र के



और पुलिया के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से वाहन संख्या UP 63 AV 4767 की चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध देशी तमंचा तथा .315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद दोनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संदीप कुमार, पुत्र शिवचंद भारतीया, निवासी ग्राम थुलमा धनकेशरा, थाना उतरांव, कमिश्नरेट प्रयागराज तथा आकाश हरिजन, पुत्र हिन्चलाल, निवासी ग्राम जसवा चितावनपुर, थाना हण्डिया, कमिश्नरेट प्रयागराज के रूप में हुई है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना हण्डिया में मु0अ0सं0-403/2026 के तहत धारा 317(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) एवं 3/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। आरोपियों से बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है, ताकि चोरी की अन्य घटनाओं में उनकी संलिप्तता का पता लगाया जा रहा है।

# महिला पहलवानों के शोषण मामले में बृजभूषण शरण बरी, राउज एवेन्यू कोर्ट का बड़ा फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनोद तोमर को भी बरी किया गया है। फैसले से पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं सिर्फ वही सुनूंगा जो कोर्ट कहेगा। मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों ने खेल जगत में भूचाल ला दिया था।**

**ब्यूरो प्रयागराज।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया है। बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनोद तोमर को भी बरी किया गया है। फैसले से पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं सिर्फ वही सुनूंगा जो कोर्ट कहेगा। मेरे हाथ में कुछ भी नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ (WFI) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों ने खेल जगत में भूचाल ला दिया था। यह मामला जनवरी 2023 में तब प्रकाश में आया जब कई शीर्ष महिला पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर बृजभूषण शरण सिंह को पद से हटाने की मांग की। पहलवानों का आरोप था कि बृजभूषण शरण सिंह ने अपने पद का दुरुपयोग कर कई महिला खिलाड़ियों का यौन शोषण किया है। इन आरोपों में भारतीय कुश्ती महासंघ के कुछ कोचों की संलिप्तता की बात भी कही गई थी। इस गंभीर मामले को लेकर महिला खिलाड़ियों ने आवाज उठाई और न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ से स्पष्टीकरण मांगा था। इसके बाद, इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया। जांच के दौरान, बृजभूषण शरण सिंह को अपने पद से हटना पड़ा और कुश्ती महासंघ का कार्यालय भी उनके आवास से स्थानांतरित कर दिया गया।

# प्रेम विवाह में धोखा, न्याय की मांग में महिला मोबाइल टावर पर चढ़ी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज गोपीगंज।** प्रेम विवाह के बाद पति द्वारा घर बसाने से इनकार और ससुराल में कथित प्रताड़ना के विरोध में एक महिला ने सोमवार को मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा खड़ा कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले इस घटनाक्रम ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। महिला अपने पति को मौके पर बुलाकर न्याय दिलाने की जिद पर अड़ी रही। पुलिस ने सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर महिला के सास-ससुर को बुलाया और बातचीत कराई। दोनों पक्षों की बातचीत के बाद आश्वासन मिलने पर महिला टावर से नीचे उतरी। इसके बाद पुलिस उसे अपने साथ थाने ले गई और मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घटना गोपीगंज थाना क्षेत्र के किशुनदेवपुर (जंगीगंज) गांव के पास की है। स्थानीय युवक और महिला के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। दोनों परिवारों की सहमति से मई महीने में थाना क्षेत्र में मंदिर में विवाह हुआ। विवाह के बाद युवक अपनी पत्नी को घर ले गया। महिला का आरोप है कि शादी के महज 15 दिन बाद पति बिना बताए घर छोड़कर चला गया। इसके बाद ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला ने किसी तरह पति का मोबाइल नंबर हासिल किया और उसे साथ रखने की बात कही, लेकिन पति ने मना कर दिया। परेशान महिला कई बार थाने भी गई, लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला तो उसने आखिरी रास्ता अपनाते हुए सोमवार को गांव के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़कर पति को मौके पर बुलाने की मांग की। मोबाइल टावर या पानी की टंकियों पर चढ़कर न्याय मांगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। यह तरीका पीड़ितों को अपनी आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का सहारा बन रहा है, लेकिन यह बेहद खतरनाक भी है।

# ग्राम प्रधान ने गांव में चलाया विशेष साफ-सफाई अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर।** बरसात के मौसम में कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध संक्रामक रोगों के पांव पसारने का कारण ना बने, इस बात को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान ने गांव में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपनी निगरानी में सफाई कर्मचारियों से सफाई कार्य कराया। ग्रामीण ग्राम प्रधान व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की जन सेवा भावना को लेकर सराहना कर रहे हैं। विकास खंड पूरनपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शेरपुर कलां के प्रधान जाने आलम खां ने गांव में विशेष साफ सफाई अभियान चलवाया।

बताते चलें की बरसात के मौसम में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर भीगने के बाद जब धूप निकलती है तो उसमें से दुर्गंध आती है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दुर्गंध की जद में आकर ग्रामीणों में संक्रामक



रोगों के पांव पसारने की आशंका बनी हुई है। वही राहगीरों का यहां से गुजरना भी मुहाल था। इसी के दृष्टिगत ग्राम प्रधान द्वारा बड़े पैमाने पर गांव में सफाई साफ सफाई कराई गई। साफ सफाई का यह कार्य ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तकी खां की देख-देख में हुआ। उन्होंने सफाई कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए की सफाई कार्यो में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए और कूड़े का अंश भी आबादी क्षेत्र में दिखाई न दे। गांव की साफ सफाई के प्रति ग्राम प्रधान व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के जिम्मेदार रवैय्ये को देखकर ग्रामीण उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।

# धनाराघाट पर कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा धनारा घाट का संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के द्वारा निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए घाट पर की गई व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी पूरनपुर मयंक गोस्वामी एवं तहसीलदार पूरनपुर सहित पुलिस, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोमती उद्गम स्थल से इकोत्तरनाथ तक निकली डाक कांवड़ यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं भारतीय राष्ट्रीय बजरंग दल के तत्वावधान में माधोटांडा स्थित गोमती उद्गम स्थल से इकोत्तरनाथ मंदिर तक डाक कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लेकर भगवान भोलेनाथ के जयकारों के बीच जल लेकर पदयात्रा की। पूरे मार्ग पर धार्मिक माहौल बना रहा। 02 अगस्त को आयोजित डाक कांवड़ यात्रा पूरी तरह सफल रही। शिवभक्तों के उत्साह और सहयोग से यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण



भक्तिमय हो गया। आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 16 अगस्त को धनाराघाट स्थित शारदा नदी से पवित्र जल भरकर डाक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गोला गोकर्णनाथ स्थित भगवान शिव के मंदिर पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे। इसके अगले दिन 17 अगस्त को धनाराघाट से शारदा नदी का जल लेकर बाइक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पूरनपुर स्थित चुंगी वाले बाबा मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके लिए सभी श्रद्धालु सुबह तहसील परिसर में एकत्र होंगे, जहां से यात्रा विधिवत रवाना होगी। आयोजकों ने बताया कि दोनों आयोजनों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन से सहयोग लिया जा रहा है तथा सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। अधिक से अधिक शिवभक्तों से यात्रा में शामिल होकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गयी है।

# गांव टांडा गुलाबराय में जर्जर सड़क को लेकर भड़का ग्रामीणों का गुस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद के संसदीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत टांडा गुलाबराय में लंबे समय से जर्जर सड़क और जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बरसात के चलते सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है, जिससे लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है। नन्हे-मुन्ने बच्चे गंदे पानी में होकर स्कूल और अपने घर जाने को मजबूर हैं, जबकि जलभराव के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। समाजवादी छात्र सभा के कलीनगर नगर अध्यक्ष अमन अली के





नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कलीनगर को ज्ञापन सौंपकर कब्रिस्तान से युसुफ अली के घर तक जाने वाले मार्ग की तत्काल मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क पर लगातार जलभराव रहने से आवागमन पूरी तरह बाधित है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया गया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम पंचायत स्तर पर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।ज्ञापन देने वालों में अमन अली, फारूक, मुमताज, रहमत शाह, शाकीर शाह, अयूब, जाकिर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। दूसरी ओर गांव के पूर्व प्रधान शेर मोहम्मद ने प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द सड़क निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो ग्रामीणों के साथ बीडीओ कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल भी की जाएगी।पूर्व प्रधान ने बताया कि इसी मार्ग से कब्रिस्तान तक शव ले जाए जाते हैं और जलभराव के कारण अंतिम यात्रा निकालना भी कठिन हो गया है। फिलहाल ग्राम पंचायत अधिकारी ने अस्थायी राहत के तौर पर सड़क पर राबिश और रोड़ा डलवाने का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी समाधान चाहिए।

# नारी शक्ति क्लब ने किया डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** नारी शक्ति क्लब की ओर से एक इंटर कॉलेज में डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के डेंटिस्ट डॉ0 मोहक होड़ा एवं डॉ0 दिव्या भाटी होड़ा ने लगभग साठ-सत्तर बच्चों के दाँतों का परीक्षण किया। अधिकतर बच्चों में सेंसिटिविटी की शिकायत एवं कैल्शियम की कमी पाई गई। उन्हें सुबह-शाम पेस्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। नारी शक्ति क्लब द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मेडिकेटेड पेस्ट निःशुल्क उपलब्ध कराये गये। एवं दो बच्चों, जिनकी आरसीटी होनी थी, नारी शक्ति द्वारा आर्थिक मदद दी गई। नारी शक्ति क्लब की अध्यक्ष प्रभा गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधा गुप्ता एवं सचिव डॉ0 नीता, सुशील अग्रवाल ने दोनों डॉक्टर्स एवं विद्यालय के प्रबंधक सुभाष मिश्रा का आभार व्यक्त किया।

# दो माह पूर्व की गई जिला कंसल्टेंट (डीसी) की शिकायत पर नही हुई कोई कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय में तैनात जिला कंसल्टेंट (डीसी) हेमेंद्र, नेहा और अमित के खिलाफ दो माह पहले की गई शिकायत पर अब तक कोई कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता बीसलपुर निवासी ज्ञान प्रकाश ने 2 अगस्त को मुख्यमंत्री पोर्टल पर दोबारा शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि स्वच्छ भारत मिशन (ओडीएफ) से जुड़े कार्यों में अनियमितताएं हुई हैं और तीनों जिला कंसल्टेंटों के व्यक्तिगत बैंक खातों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कथित भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकता है।शिकायतकर्ता का कहना है कि जिला पंचायत राज अधिकारी ने कुछ दिन पहले पत्र भेजकर संबंधित शिकायत के समर्थन में साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा था। उनका आरोप है कि वर्ष 2022-23 में ओडीएफ कार्यों के कमीशन के बंटवारे के लिए फर्मों से धनराशि व्यक्तिगत बैंक खातों में ली गई थी।इधर, स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यरत जिला कंसल्टेंट की कार्यप्रणाली और अधिकारों को लेकर मांगी गई सूचना पर भी विभाग की चुप्पी सवालों के घेरे में है। बीसलपुर निवासी ज्ञान प्रकाश ने 17 जून को मुख्यमंत्री पोर्टल और 14 जुलाई 2026 को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम- 2005 के तहत जिला कंसल्टेंट के जॉब चार्ट, ओडीएफ प्लस के तहत कराए गए कार्य, भुगतानों का विवरण, निरीक्षण रिपोर्ट, जीपीएस युक्त फोटो, भुगतान संबंधी शासनादेश, सचिवों से रिपोर्टिंग कराने के आदेश तथा कार्यालय में कार्य लेने के अधिकार समेत छह प्रमुख बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके बाद उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारी को स्मरण पत्र भेजकर एक सप्ताह के भीतर बिंदुवार सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अस्पताल संचालक के बेटे पर नर्स से दुष्कर्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड स्थित धनवन्तरी चिकित्सालय एवं पंचकर्म केंद्र में काम करने वाली एक नर्स ने अस्पताल संचालक के बेटे पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी और साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लेकिन अभी किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रोहतक (हरियाणा)निवासी पीड़िता ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। वह लगभग 9 माह पूर्व उक्त अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत हुई थी। आरोप है कि कार्य शुरू करने के 10 दिन बाद ही अस्पताल संचालक पुत्र निवासी खरगापुर, थाना ऊंज ने उसे अपने जाल में फंसाना शुरू कर दिया। पीड़िता के शादीशुदा होने और 8 वर्ष की बेटी होने की जानकारी देने के बावजूद आरोपी ने पति को छोड़ने, साथ मिलकर अस्पताल चलाने व शादी करने का लालच दिया। इस दौरान पीड़िता के साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया गया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने उसका मोबाइल फोन छीनकर उसमें मौजूद सभी रिकॉर्डिंग व मैसेज डिलीट कर दिए। बताया गया कि उक्त सिम आरोपी के पिता के नाम पर पंजीकृत है। इसके बाद आरोपी ने अस्पताल में कुछ असमाजिक तत्वों को बुलाकर पीड़िता और उसकी मासूम बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया।

# इनरव्हील ग्रुप ऑफ ग्लोरी ने ऑर्गेनिक सीड्स राखी प्रतियोगिता का किया आयोजन

## विद्यार्थियों को दिया जल बचाओ, धरती बचाओ का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** सामाजिक सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इनरव्हील ग्रुप ऑफ ग्लोरी द्वारा स्थानीय जेसीज इंटर कॉलेज में बीजों से राखी निर्माण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के बीजों का उपयोग कर आकर्षक, कलात्मक एवं पर्यावरण-अनुकूल राखियाँ तैयार कीं। निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतिभागियों की राखियों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता



में जाहिर उमानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। काजल ने द्वितीय स्थानहासिल किया, जबकि खुशी भारती एवं सुधा शर्मा ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गई तथा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर इनरव्हील ग्रुप ऑफ ग्लोरी की सदस्यों ने विद्यार्थियों को 'जल बचाओ, धरती बचाओ' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान भी दिया। उन्होंने जल संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वह अपने दैनिक जीवन में पानी की एक-एक बूंद का महत्व समझें, पर्यावरण संरक्षण को अपनी आदत का हिस्सा बनाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष चार्टर सलोनी गुप्ता, अध्यक्ष रुचि खन्ना, आईएसओ निधि वर्मा, सचिव रिंकी गुप्ता, संपादिका पूनम कपूर, अंजू मिश्रा, मीना रस्तोगी, मिताली गुप्ता, सीमा गुप्ता, संगीता गुप्ता सहित इनरव्हील ग्रुप ऑफ ग्लोरी की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू मिश्रा एवं इनरव्हील ग्रुप ऑफ ग्लोरी के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। अंत में सभी ने इस प्रकार की रचनात्मक एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन भविष्य में भी निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# अभियान चलाकर 04 बालकों को बालश्रम से कराया गया मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के सहयोग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल के निर्देशन में बीसलपुर में बाल श्रम कराने वाले प्रतिष्ठानों पर चिन्हित कर बालश्रम उन्मूलन हेतु रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

जिसके अंतर्गत मेडिकल, मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेन्ट, ढाबों, कपड़े की दुकानों, किराना स्टोर, स्टील वर्क्स आदि पर कार्यवाही करते हुए 04 बाल श्रमिकों को बाल श्रम से अवमुक्त कराकर सभी बालकों को वर्चुअल रूप से बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा सभी बच्चों के परिजनों को भविष्य में बाल श्रम ने कराने



की हिदायत देते हुए सभी बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बीसलपुर भूरे लाल ने बताया कि बाल श्रम (निषेध और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 अंतर्गत खतरनाक प्रक्रिया में दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50000 रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन प्रवर्तन अधिकारी भूरेलाल, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, थाना एचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, काउंसलर अभिषेक शुक्ला, का0 मनीष, थाना बीसलपुर पुलिस बीसलपुर संयुक्त रूप से की गई कार्यवाही में मौजूद रहे।

# मध्यस्थता अभियान 3.0 शुरू, आपसी समझौते से होंगे विवादों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र, कम खर्चीला और स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लखनऊ द्वारा 'मध्यस्थता अभियान 3.0' का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 01 अगस्त 2026 से 30 दिसंबर 2026 तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य पक्षकारों के बीच आपसी संवाद, सुलह और समझौते के माध्यम से विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्यायिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाना है। यह अभियान उच्चतम न्यायालय की मेडिएशन एवं कंसिलिएशन प्रोजेक्ट कमेटी, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा), नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (यूपीएसएलएसए), लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में संचालित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, गोपनीय और न्यायसंगत प्रक्रिया है, जिसमें विवादित पक्ष प्रशिक्षित मध्यस्थों की सहायता से आपसी सहमति के आधार पर समाधान तक पहुंचते हैं। इस प्रक्रिया से न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पारिवारिक, सामाजिक और व्यावसायिक संबंध भी सुरक्षित बने रहते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में ऐसे मामलों का निस्तारण कराया जाएगा, जिनमें समझौते की संभावना होती है। इनमें वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा से जुड़े मामले, मोटर दुर्घटना दावा वाद, चेक अनादरण (चेक बाउंस) के मामले, समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, वाणिज्यिक विवाद, उपभोक्ता विवाद, निष्पादन वाद, ऋण वसूली के मामले, सेवा संबंधी विवाद, भूमि एवं संपत्ति से जुड़े दीवानी विवाद, विभाजन वाद, बेदखली के मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम कानूनों से संबंधित मामले तथा अन्य उपयुक्त दीवानी वाद शामिल हैं। प्रभारी सचिव ने कहा कि कई बार वर्षों तक चलने वाले न्यायिक विवादों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कुछ ही बैठकों में संभव हो जाता है। इससे न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है और पक्षकारों को त्वरित राहत मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अनावश्यक मुकदमेबाजी और लंबी न्यायिक प्रक्रिया से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मध्यस्थता का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता की पूरी कार्यवाही जनपद न्यायालय परिसर, लखनऊ स्थित मध्यस्थता एवं सुलह केंद्र में प्रशिक्षित एवं अनुभवी मध्यस्थों की देखरेख में कराई जाएगी। यहां पक्षकारों को निष्पक्ष वातावरण में अपनी बात रखने और आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का अवसर मिलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से आग्रह किया है कि यदि उनका कोई विवाद मध्यस्थता के दायरे में आता है, तो वे इस अभियान का लाभ उठाएं। इच्छुक पक्षकार अधिक जानकारी या मध्यस्थता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अधिकारियों का कहना है कि मध्यस्थता अभियान 3.0 न्याय सुलभ कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे लोगों को कम समय और कम खर्च में स्थायी समाधान प्राप्त होगा तथा समाज में आपसी सौहार्द और विश्वास की भावना भी मजबूत होगी।

# मलिहाबाद में जमीन विवाद गहराया, दबंगई और जबरन कब्जे की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम रामपुर बस्ती में जमीन विवाद का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के बजाय उन पर दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें लगातार जान-माल का खतरा बना हुआ है। परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि किसी भी अप्रिय घटना से पहले दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार के अनुसार करन रावत, धर्म रावत, राजवीर रावत और नैना रावत इस विवाद से प्रभावित हैं। उनका कहना है कि गांव में एक बिस्वा जमीन की कीमत लगभग पांच लाख रुपये है, लेकिन उनके बड़े भाई को शराब पिलाकर और बहला-फुसलाकर बेहद कम कीमत पर जमीन का बैनामा करा लिया गया। पीड़ितों का आरोप है कि इस पूरे मामले में ग्राम प्रधान रामशंकर की भूमिका संदिग्ध रही और एक कथित दलाल के माध्यम से साजिश रचकर जमीन का सौदा कराया गया। परिवार का यह भी आरोप है कि बैनामे के बाद पूरी रकम भी उन्हें नहीं मिली। पीड़ित परिवार का कहना है कि वर्तमान में विवाद और गंभीर हो गया है। उनका आरोप है कि जिस दलाल ने जमीन का सौदा कराया था, अब उसी पर खरीददार पक्ष दबाव बना रहा है कि उसने जमीन खरीदवाई है तो अब कब्जा भी वही दिलाए, अन्यथा पूरी रकम वापस करे। इसी को लेकर गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। धर्म रावत और राजवीर रावत जब अपने खेत पर पहुंचे तो वहां मौजूद कई ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि ग्राम प्रधान रामशंकर कथित रूप से दबंगई के बल पर जमीन पर कब्जा कराने की योजना बना रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो कभी भी गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है। उनका कहना है कि एक ऐसे दरोगा, जिसका संबंधित हल्के से तबादला हो चुका है, वह भी उन्हें लगातार फोन कर थाने बुला रहा है और जांच के नाम पर दबाव बना रहा है। पीड़ितों ने सवाल उठाया कि यदि जांच बैंक खातों, जमीन के दस्तावेजों और अन्य अभिलेखों से हो सकती है तो उन्हें बार-बार थाने बुलाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष आर्थिक एवं दस्तावेजी जांच कराई जाए, कथित दबंगों और साजिश में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी संभावित अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

# सिसेंडी में खुली स्पोर्टिंग शॉप, खिलाड़ियों को अब घर के पास मिलेगी खेल सामग्री

**.......क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी व टेनिस समेत सभी खेलों का सामान एक ही छत के नीचे, ग्रामीण खिलाड़ियों को मिलेगा नया अवसर ।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिसेंडी (लखनऊ)।** ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए सिसेंडी कस्बे में सोमवार को एक नई सुविधा की शुरुआत हुई। शांति मार्केट, शिवाला मंदिर एवं पुलिस चौकी के पास 'प्रभात पाण्डेय स्पोर्टिंग शॉप' का शुभारंभ किया गया। इसके खुलने से अब खिलाड़ियों को खेल सामग्री खरीदने के लिए लखनऊ शहर का रुख नहीं करना पड़ेगा। दुकान संचालक प्रभात पाण्डेय ने बताया कि दुकान पर क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, टेनिस समेत लगभग सभी प्रमुख खेलों से संबंधित उच्च गुणवत्ता की सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएगी। क्रिकेट बैट, बॉल, विकेट, ग्लव्स, पैड, हेलमेट, बैडमिंटन रैकेट, शटल कॉक, फुटबॉल, स्पोर्ट्स शूज़, स्पोर्ट्स ड्रेस, नेट और किट बैग सहित खिलाड़ियों की जरूरत का लगभग हर सामान एक ही स्थान पर मिलेगा। उन्होंने बताया कि सिसेंडी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन खेल सामग्री की उपलब्धता न होने से खिलाड़ियों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इसी आवश्यकता को देखते हुए स्पोर्टिंग शॉप की शुरुआत की गई है, ताकि ग्रामीण खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और वे अपने खेल को आगे बढ़ा सकें। शुभारंभ के अवसर पर क्षेत्र के व्यापारी, समाजसेवी, खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दुकान खुलने से खिलाड़ियों का समय और खर्च दोनों बचेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। दुकान शांति मार्केट, शिवाला मंदिर एवं पुलिस चौकी के पास, सिसेंडी में स्थित है। संचालक ने बताया कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण खेल सामग्री उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से दुकान पर आकर सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवमय हुआ मोहनलालगंज

**......अमरनाथ बाबा के भंडारे में श्रद्धालुओं के साथ किया प्रसाद ग्रहण, भवरेश्वर महादेव मंदिर में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का लिया जायजा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** सावन के प्रथम सोमवार पर मोहनलालगंज क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, वहीं भक्तों की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इसी क्रम में डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक और एसीपी मोहनलालगंज आर.के. सिंह ने कस्बे में आयोजित अमरनाथ बाबा के विशाल भंडारे में पहुंचकर श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया तथा अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। भंडारे में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और शिवभक्तों की मौजूदगी रही। डीसीपी ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों का शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना प्रशासन और समाज, दोनों की साझा जिम्मेदारी है। इसके बाद डीसीपी दक्षिणी काशीश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और आपसी भाईचारे की कामना की। मंदिर परिसर में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों को बाजारों, स्कूलों और प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या के प्रभावी समाधान, नियमित गश्त बढ़ाने, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से आमजन के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने को कहा।

### भवरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

उधर लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली की सीमा पर स्थित प्रसिद्ध भवरेश्वर महादेव मंदिर में सावन के पहले सोमवार पर सुबह से ही आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। दूर-दराज से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए निगोहां पुलिस पूरी तरह सक्रिय रही। डीसीपी दक्षिणी मो. मुश्ताक और एसीपी आर.के. सिंह ने मंदिर परिसर, प्रवेश मार्ग और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी निगोहां रवींद्र कुमार ने बताया कि मंदिर मार्ग और प्रमुख चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है, जबकि सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी भीड़ के बीच लगातार निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बैरिकेडिंग, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, पेयजल और आवागमन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक जलाभिषेक किया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उद्देश्य यही है कि लखनऊ सहित अन्य जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सावन की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

# 17 अगस्त को निकलेगी राष्ट्रीय बजरंग दल की भव्य डाक कांवड़ यात्रा

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से आयोजित डाक कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 17 अगस्त को सभी शिवभक्त एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता बाइक के माध्यम से डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा की शुरुआत शारदा नदी के धनाराघाट से पवित्र गंगाजल भरकर होगी। इसके बाद श्रद्धालु बाइक रैली के रूप में गोला गोकर्णनाथ पहुंचेंगे, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। संगठन ने सभी शिवभक्तों से समय पर पहुंचकर अनुशासन एवं सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए यात्रा में शामिल होने की अपील की है। यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं तथा मार्ग और व्यवस्थाओं को लेकर स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित कर दी गई हैं।

# सुरभि सिंह के कहानी संग्रह 'कालिदर्पण तुम बह रही हो' का भव्य लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 3 अगस्त 2026 उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के तत्वावधान में यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ में साहित्यकार डॉ. सुरभि सिंह के कहानी संग्रह 'कालिदर्पण तुम बह रही हो' का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा एवं संस्कृति जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र भूषण ने की अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने स्त्रियों के जीवन को चुनौतिपूर्ण बताते हुए उन्हें अपने जीवन पथ पर निर्भीकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह को श्री सर्वेश अस्थाना जी का विशेष सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में नारी जीवन के विविध संवेदनात्मक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए साहित्य की सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमल किशोर भावुक उपस्थित रहे, जबकि दयानंद पांडेय, महेंद्र भीम तथा प्रमोद त्रिवेदी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त किए और रचना तथा उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा की। सुप्रसिद्ध कवयित्री नंदिनी श्रीवास्तव के आगमन से समारोह का वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर डॉ. अंशुमाली शर्मा, जनेश्वर श्रीवास्तव, डॉ. सुधा मिश्रा एवं पवन कुमार तिवारी ने कहानी संग्रह की रचनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा डॉ. सुरभि सिंह की लेखन शैली की सराहना की समारोह में शिक्षा, संस्कृति, काव्य, कथा, चिकित्सा तथा ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अनेक विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वहीं शोभा दीक्षित 'भावना' की प्रभावशाली वाणी ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की कार्यक्रम का संचालन योगेश शुक्ला ने किया। जबकि प्रतिभा श्रीवास्तव ने सह-संयोजक के रूप में आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# निगोहां पुलिस ने 48 घंटे में खोला गेहूं चोरी का राज, दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**निगोहां।** थाना निगोहां पुलिस ने घर से गेहूं की बोरियां चोरी करने की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर जंगल में छिपाकर रखी गई करीब 150 किलो गेहूं से भरी तीन बोरियां बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3,600 रुपये बताई गई है। एसओ निगोहां रवींद्र कुमार ने बताया कि 28 जुलाई को दाउदपुर मजरा गोविंदपुर निवासी संतोष कुमार पुत्र लल्लू सिंह ने थाने में तहरीर देकर घर के भूसा रखने वाले कमरे से गेहूं की तीन बोरियां चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर गठित पुलिस टीमों ने मुखबिर की सूचना और स्थानीय स्तर पर जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर दाउदपुर निवासी राम अनुज लोधी पुत्र स्वर्गीय किशन कुमार तथा उसके साथी विवेक कुमार रावत उर्फ कटहुना पुत्र महेश रावत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और नशे के लिए रुपये जुटाने की नीयत से पड़ोसी के घर से गेहूं की बोरियां चोरी की थीं। चोरी के बाद उन्होंने तीनों बोरियां जंगल-मंगल तिराहे के पास जंगल में छिपा दी थीं, ताकि बाद में उन्हें बेच सकें। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की तीनों बोरियां बरामद कर लीं। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। राम अनुज लोधी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम व बीएनएस की धारा 272 के तहत मुकदमे दर्ज हैं, जबकि विवेक कुमार रावत उर्फ कटहुना के खिलाफ मारपीट सहित बीएनएस की विभिन्न धाराओं में पहले से मामले दर्ज हैं।

# सावन के पहले सोमवार को शारदा नदी पर उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** सावन माह के पहले सोमवार को थाना हजारा क्षेत्र के धनाराघाट स्थित शारदा नदी पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तड़के सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िये जल भरने के लिए घाट पर पहुंचने लगे। दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने शारदा नदी में स्नान कर विधि विधान से भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पवित्र जल भरा। पूरे घाट पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए हजारा पुलिस पहले से ही घाट पर तैनात रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मी लगातार निगरानी करते रहे और श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से जल भरवाने में सहयोग किया। सुबह करीब नौ बजे पूरनपुर तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता भी धनाराघाट पहुंचे। उन्होंने घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा पुलिस व संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन की सतर्कता और पुलिस की मुस्तैदी के चलते कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न होती रही। घाट पर चिकित्सा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सुरक्षित और सुगम व्यवस्था के बीच जल भरकर अपने-अपने शिवालयों की ओर प्रस्थान किया।

**दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने शारदा नदी में स्नान कर विधि विधान से भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पवित्र जल भरा। पूरे घाट पर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण भतिमय बना रहा, श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए हजारा पुलिस पहले से ही घाट पर तैनात रही।**

# पत्नी ने कहा पति ऑस्ट्रेलिया चला गया है; 'दृश्यम' स्टाइल मर्डर केस में 2 साल बाद शव मिला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज ।** गुजरात के जामनगर में दो साल पुराने लापता व्यक्ति के मामले में एक चौंकाने वाला मोड़ आया है। पुलिस को एक व्यक्ति का कंकाल मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि उसकी हत्या उसकी पत्नी, उसके प्रेमी और एक अन्य साथी ने की थी। जांच करने वालों को शक है कि आरोपियों ने सबूत मिटाने की कोशिश में शव को एक फैक्ट्री के फर्श के नीचे करीब 12 फीट गहरा दफनाया और उस जगह को कंक्रीट की मोटी परत से ढक दिया। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी पृथ्वी उर्फ भूमिबेन, उसके पूर्व प्रेमी नीलेश कछटिया और उसके साथी बलवीर वर्मा को गिरफ्तार किया है। अपराध को छिपाने की कोशिशों के कारण इस मामले की तुलना बॉलीवुड थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' से की जा रही है। जांच के अनुसार, पीड़ित जिग्नेश मावड़िया 2024 से लापता था।पुलिस ने बताया कि उसकी पत्नी ने रिश्तेदारों से बार-बार कहा कि वह काम के सिलसिले में ऑस्ट्रेलिया गया है और दावा किया कि उसका एम्प्लॉयर उसे परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने की इजाजत नहीं देता है। यह बहाना लगभग दो साल तक चलता रहा, जब तक कि ऑस्ट्रेलिया जाने की योजना बना रहे एक रिश्तेदार ने जिग्नेश का पता और कॉन्टैक्ट डिटेल्स नहीं मांगीं। जब पृथ्वी उन्हें जानकारी नहीं दे पाई, तो परिवार के सदस्यों को शक हुआ।

बाद में जिग्नेश के भाई ने 26 जुलाई को पुलिस में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद विस्तृत जांच शुरू हुई। पुलिस का आरोप है कि आरोपियों ने 31 मई, 2024 की रात जिग्नेश को शराब पीने की पार्टी के बहाने एक इंडस्ट्रियल शेड में बुलाया था।

जांच करने वालों का मानना है कि उसे साइनाइड मिली शराब पिलाई गई, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद, आरोपियों ने कथित तौर पर करीब 12 फीट गहरा गड्ढा खोदा, शव को दफनाया, गड्ढे को मिट्टी से भरा और अपराध को छिपाने के लिए उस जगह को कंक्रीट की परत से सील कर दिया। जांच के दौरान, खुदाई करने से पहले पुलिस ने आरोपियों की मौजूदगी में घटनाक्रम को फिर से समझा। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर हत्या, सबूत मिटाने और अन्य संबंधित अपराधों के तहत मामला दर्ज किया है। जांचकर्ता सबूत इकट्ठा करने और घटनाक्रम को पूरी तरह से समझने की कोशिश कर रहे हैं।

# नवविवाहिता की मौत मामलें में पति सहित छः पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर ( पीलीभीत )।** नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने पति सहित छः ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार को हुई इस घटना के बाद भाई की तहरीर पर कार्रवाई की गई। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है। थाना घुंघचाई क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन मालती देवी का विवाह चार जून 2025 को पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पड़रिया निवासी विजय कुमार से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही पति विजय कुमार, जेठ सर्वेश, जेठानी किरण, देवर अरुण, सास और ससुर रामचंद्र दहेज में पांच लाख रुपये नकद, सोने की चेन और अंगूठी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मालती के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था।परिजनों का आरोप है कि रविवार सुबह ससुराल पक्ष ने मालती को जबरन सल्फास की गोलियां खिला दीं थी। हालत बिगड़ने पर उसे पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मायके पक्ष का दावा है कि अस्पताल में मालती ने अपने भाई के सामने ससुरालियों पर जहर देने का आरोप लगाया था। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद भाई की तहरीर के आधार पर पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज हत्या, दहेज उत्पीड़न और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की भूमिका की जांच में जुटी है।